*
ओड़िशा संस्करण
16 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00
रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 146
www.epaper.azadsipahi.in
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

आधुनिक युग में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जरूरी: चंपाई सोरेन



कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा अंतर्गत
पश्चिमी सिंहभूम जिला के हाटगम्हरिया एवं बंदगांव में
## डिग्री महाविद्यालय
तथा अन्य योजनाओं का
## शिलान्यास, उद्घाटन एवं परिसंपत्ति वितरण समारोह



मुख्य अतिथि
**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

दिनांक : 16 मार्च 2024
समय : पूर्वाह्न 10:00 बजे
स्थान : टाटा कॉलेज ग्राउंड, चाईबासा

विशिष्ट अतिथि

**श्री अर्जुन मुंडा**
माननीय मंत्री, जनजातीय कार्य एवं कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, एवं पंचायती राज विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास तथा उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री दीपक बिरुवा**
माननीय मंत्री, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और परिवहन विभाग, झारखण्ड

**श्रीमती गीता कोड़ा**
माननीय सांसद, सिंहभूम लोकसभा

गरिमामयी उपस्थिति

**श्रीमती जोबा माझी**
माननीय विधायक, मनोहरपुर

**श्री निरल पुरती**
माननीय विधायक, मझगांव

**श्री दशरथ गागराई**
माननीय विधायक, खरसावां

**श्री सुखराम उरांव**
माननीय विधायक, चक्रधरपुर

**श्री सोनाराम सिंकु**
माननीय विधायक, जगन्नाथपुर

**सुश्री लक्ष्मी सुरेन**
माननीय जिला परिषद अध्यक्षा चाईबासा



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
P.R. 322939 (IPRD) 23-24

# उत्कृष्ट 7 साल




## निवेश अनुकूल राज्य बनाने के

**'डबल-इंजन' विकास मॉडल के अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकार मिलकर एक ही मिशन पर फोकस कर रही हैं। यूपी की नई औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 से निवेश और राजस्व के क्षेत्र में नई संभावनाएं सृजित हो रही हैं।**

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में उद्योगों को फलने-फूलने के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया है। अपने इस प्रयास के लिए यूपी को देश में 'अचीवर स्टेट' की उपलब्धि से सम्मानित किया गया है। उत्तर प्रदेश की नई औद्योगिक नीति का उद्देश्य प्रक्रियाओं को सरल बनाना,डिजिटल सिस्टम के माध्यम से काम को समय सीमा के भीतर पूरा करना व पारदर्शिता को बढ़ावा देने के साथ ही समय पर क्लीरियेंस देने के लिए बेहतर सुविधाओं को शामिल करना है। यूपी सरकार का सिंगल विंडो पोर्टल (एसडब्ल्यूपी), जिसे निवेश मित्र के नाम से भी जाना जाता है, यह वर्तमान में राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के एसडब्ल्यूपी के बीच सबसे बड़े सिंगल विंडो पोर्टल में से एक है, जिसमें 37 विभागों की 454 से अधिक सेवाओं को शामिल किया गया है।

वर्ष 2018 में हुए इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 4 .28 लाख करोड़ रुपये से अधिक की निवेश परियोजनाओं पर कार्य शुरू हो चुका है। वहीं, 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनमें से फरवरी, 2024 में आयोजित हुई ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्तावों को धरातल पर उतारा गया।

पिछले सात वर्षों में सुशासन, बुनियादी ढांचे के विकास और नीतिगत सुधार लागू करने के परिणामस्वरूप राज्य की छवि पूरी तरह से बदल गई है, जिससे अब यूपी व्यापार और निवेश के लिए आदर्श गंतव्य बन गया है। राज्य में फॉर्च्यून ग्लोबल 500 और फॉर्च्यून इंडिया 500 कंपनियों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करने के लिए 250 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है।

## 'डबल इंजन' सरकार से मिली यूपी के विकास को रफ्तार



www.epaper.azadsipahi.in

16 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 146







## धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बाबा बैद्यनाथ के दर्शन किये

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** बागेश्वरधाम के सरकार बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री शुक्रवार को देवघर पहुंचे। वह दोपहर चार्टर्ड प्लेन से देवघर एयरपोर्ट आये। वहां पर गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का स्वागत किया। उनकी अगुवाई में बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री सीधे बाबा बैद्यनाथ मंदिर में दर्शन करने को चले गये। बाबा बाघेश्वर को मंदिर की तरफ से शिवलिंग की प्रतिमा भेंट की गयी। बाबा मंदिर से वह देवघर कॉलेज मैदान पहुंचे। यहां उन्होंने संत सम्मेलन में प्रवचन दिया। यहां लाखों की संख्या में लोग जुटे।



# केरल में लोग डरे हुए हैं: नरेंद्र मोदी

- प्रधानमंत्री ने पथनमथिट्टा में जनसभा को किया संबोधित
- चर्च के पादरी भी हिंसा के शिकार हो रहे, राज्य सरकार चैन की नींद सोयी है

आजाद सिपाही संवाददाता



**तिरुवनंतपुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस बार केरल में कमल खिलने जा रहा है। भाजपा यहां की युवा ऊर्जा को बढ़ावा दे रही है। इसलिए केरल के लोग कह रहे हैं कि अबकी बार 400 पार। प्रधानमंत्री शुक्रवार को केरल के पथनमथिट्टा में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केरल में इस वक्त कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होती जा रही है। चर्च के पादरी भी हिंसा के शिकार हो रहे हैं। कितने ही कॉलेज कैम्पस कम्युनिस्टों के गुंडों के अड्डे बन चुके हैं। महिलाएं, युवा और हर वर्ग के लोग डर में जी रहे हैं। राज्य सरकार में बैठे लोग चैन की नींद सो रहे हैं। इन समस्याओं से छुटकारा तब मिलेगा, जब यहां से कांग्रेस और वामपंथियों की मिलीभगत का चक्कर टूटेगा।

प्रधानमंत्री मोदी 15 मार्च से 18 मार्च तक दक्षिण भारत के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में चुनावी रैली करेंगे। मोदी के साथ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री एके एंटनी की बेटे अनिल एंटनी हैं। भाजपा ने उन्हें केरल की पथनमथिट्टा सीट से उम्मीदवार घोषित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और लेफ्ट की स्थिति यह है कि जिस राज्य से ये चुनाव हारते हैं, वहां ये दोबारा वापसी नहीं कर पाते। कांग्रेस ने सत्ता के लालच में जिस तरह से खेल खेला, राज्यों को बर्बाद किया, इसे लोग अच्छी तरह जानते हैं। जिस राज्य से ये पराजित होते हैं, वहां के लोग इन्हें वापस लौटने नहीं देते। तमिलनाडु ने 1962 में आखिरी चुनाव जीता था, यूपी, गुजरात बिहार में कांग्रेस ने चार दशक पहले आखिरी चुनाव जीता। ओड़िशा में भी कांग्रेस तीन दशक से बाहर ही है। देश के कितने ही राज्यों से बाहर है।

## न्यूज रील्स

### नीतीश कैबिनेट का विस्तार, 21 मंत्रियों ने शपथ ली

पटना। बिहार में नीतीश सरकार का कैबिनेट विस्तार हो गया। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर 21 मंत्रियों को शपथ दिलायी। भाजपा के 12 और जदयू कोटे से 9 मंत्री बने। भाजपा ने अपने कोटे ने 6 नये मंत्री बनाये हैं, जबकि जेडीयू से सभी पुराने चेहरे शामिल किये गये हैं। केवल राज्यसभा गये संजय झा की जगह महेश्वर हजारी को मंत्री बनाया गया है। अब सरकार में मुख्यमंत्री समेत कुल 30 मंत्री हो गये हैं। इनमें से भाजपा के 15, जदयू के 13, हम पार्टी और निर्दलीय कोटे से एक-एक मंत्री बनाये गये हैं।

### पूर्व सीएम येदियुरप्पा पर पॉक्सो का केस

बेंगलुरु। कर्नाटक के पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा पर पॉक्सो एक्ट के तहत एफआइआर दर्ज हुई है। उनके खिलाफ एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के आरोप लगाया है। 17 साल की पीड़ित की शिकायत के आधार पर बेंगलुरु के सदाशिवनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। इधर, येदियुरप्पा ने कहा कि मुझ पर लगे सभी आरोप झूठे हैं, लेकिन मैं अभी ये नहीं कह सकता इसके पीछे कोई राजनीतिक मकसद है।

### बीआरएस नेता कविता गिरफ्तार

हैदराबाद। दिल्ली शराब घोटाले मामले में इडी ने तेलंगाना के पूर्व सीएम केसीआर की बेटी और विधायक के.कविता को शुक्रवार को हैदराबाद में गिरफ्तार कर लिया है। जांच एजेंसी उन्हें पूछताछ के लिए दिल्ली ले जा रही है। इससे पहले इडी ने शुक्रवार सुबह 11 बजे कविता के हैदराबाद स्थित घर पर छापेमारी शुरू की थी। करीब 8 घंटे की तलाशी और उन्हें गिरफ्तार किया गया।

# आज लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान

- चुनाव आयोग दोपहर 3 बजे शेड्यूल जारी करेगा
- सात फेज में हो सकता है मतदान

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली।** आम चुनाव 2024 और कुछ राज्य विधानसभाओं के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए चुनाव आयोग शनिवार 16 मार्च को प्रेस कांफ्रेंस करेगा। यह कार्यक्रम नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में दोपहर 3 बजे से होगा। इसे चुनाव आयोग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव स्ट्रीम किया जायेगा। कयास लगाये जा रहे हैं कि 543 सीटों के लिए 2024 के लोकसभा चुनाव सात या आठ फेज में हो सकते हैं। इसके साथ ही ओड़िशा, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और आंध्रप्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान भी होगा। प्रेस कांफ्रेंस में तारीखों के एलान के साथ ही पूरे देश में आचार संहिता भी लागू हो जायेगी।

गौरतलब है कि दो चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की गुरुवार को नियुक्ति की गयी है। दोनों ने शुक्रवार 15 मार्च को पदभार संभाला है। इसके बाद मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार समेत तीनों अधिकारियों ने चुनाव कार्यक्रम को लेकर बैठक की। इससे पहले चुनाव आयोग ने 5 फरवरी को सभी राजनीतिक दलों को सलाह दी है कि चुनाव प्रचार अभियानों में बच्चों का इस्तेमाल किसी भी रूप में न करें। पार्टियों को भेजी गयी एडवाइजरी में चुनाव पैनल ने पार्टियों और उम्मीदवारों से चुनावी प्रक्रिया के दौरान बच्चों से पोस्टर और पर्चे बांटने, नारेबाजी करने को लेकर जीरो टॉलरेंस जाहिर किया है।

### दो करोड़ नये मतदाता जुड़े

2024 लोकसभा चुनाव में 97 करोड़ लोग वोटिंग कर सकेंगे। चुनाव आयोग ने 8 फरवरी को सभी 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों के वोटर्स से जुड़ी स्पेशल समरी रिवीजन 2024 रिपोर्ट जारी की थी। आयोग ने बताया कि वोटिंग लिस्ट में 18 से 29 साल की उम्र वाले दो करोड़ नये वोटर्स को जोड़ा गया है। 2019 लोकसभा चुनाव के मुकाबले रजिस्टर्ड वोटर्स की संख्या में 6% की बढ़ोतरी हुई है।

## हजारीबाग में 200 से अधिक छात्रों से पुलिस की पूछताछ

- बिहार में आयोजित टीआरइ परीक्षा से जुड़ा है मामला
- परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र लीक होने की संभावना

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग एक बार फिर सुर्खियों में है। यहां पेलावल थाना अंतर्गत कोहिनूर होटल, पदमा थाना, कटकमसांडी थाना और बरही थाना में लगभग 200 से अधिक विद्यार्थियों पुलिस ने पूछताछ की। बताया जाता है कि ये सभी छात्र बिहार में आयोजित परीक्षा में हिस्सा लेने के लिए जा रहे थे। हजारीबाग पुलिस को इस बात की भनक लगी और प्रशासन ने दो गाड़ी में विद्यार्थियों को रोका। पुलिस के द्वारा कुछ गाड़ी को पदमा तथा कुछ गाड़ियों को बरही टोल प्लाजा के पास रोका गया। खबर लिखे जाने तक छात्रों से पूछताछ जारी थी। आशंका जतायी जा रही है कि बिहार में शुक्रवार को हो रही टीआरइ परीक्षा से जुड़े ये अभ्यर्थी हैं, जिनके पास से एडमिट कार्ड और अन्य कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। सबसे अहम बात यह है कि इनमें से किसी भी परीक्षार्थी के पास उनका मोबाइल नहीं है। इस मामले में कोई भी प्रशासनिक अधिकारी कुछ भी कहने को तैयार नहीं है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार पुलिस ने झारखंड पुलिस मुख्यालय को इस बाबत सूचना दी थी। पुलिस मुख्यालय से हजारीबाग पुलिस को आवश्यक निर्देश दिया गया। इसके बाद हजारीबाग पुलिस हरकत में आयी। हजराबीग पुलिस को बिहार पुलिस की टीम को मदद करने का निर्देश भी दिया गया। बिहार से दो अधिकारी पुलिस बल के साथ हजारीबाग पहुंचे। सूत्रों के अनुसार कहा जा रहा है कि पूरा मामला बीपीएससी टीआरइ परीक्षा से जुड़ा हुआ है। संभावना जतायी जा रही है कि इस परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हुआ है। अभ्यर्थियों को पहले ही प्रश्न पत्र देकर तैयारी करायी जा रही थी। उनके पास से उत्तर पुस्तिका भी मिलने की सूचना है। इस बीच आर्थिक अपराध शाखा की टीम भी मामले की जांच करने पहुंची है। कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। इधर हजारीबाग एसडीपीओ कुमार शिवाशीष और मुख्यालय डीएसपी नीरज लगातार पूछताछ में जुटे थे। खबर लिखे जाने तक बिहार पुलिस और हजारीबाग पुलिस का छात्रों से पूछताछ जारी था।

### मुख्यमंत्री ने पोटका में डिग्री महाविद्यालय का शिलान्यास किया

# आधुनिक युग में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जरूरी: चंपाई सोरेन

- 119 करोड़ 19 लाख 291 रुपये की विभिन्न योजनाओं की दी सौगात
- समृद्ध जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण और बढ़ावा देने के लिए बढ़े कदम : सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता



**चाइबासा।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि आज राज्य सरकार द्वारा पूर्वी सिंहभूम जिला के पोटका क्षेत्र में डिग्री महाविद्यालय का शिलान्यास किया गया है। निश्चित रूप से आनेवाले दिनों में इस डिग्री महाविद्यालय में उच्च शिक्षा की पढ़ाई शुरू की जायेगी। इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अब जमशेदपुर या अन्य शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। राज्य के आदिवासी, मूलवासी, किसान, मजदूर, पिछड़ा, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदाय के बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन उपलब्ध कराया जा सके, इस निमित्त सरकार निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका में डिग्री महाविद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की समृद्ध जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषाओं के विकास एवं संवर्धन के लिए अब प्राथमिक विद्यालयों से ही इन भाषाओं में पढ़ाई शुरू होगी। संताली, मुंडारी, उरांव सहित जनजातीय भाषाओं के घंटी आधारित शिक्षकों की नियुक्ति जल्द की जायेगी। राज्य में बंगाली तथा उड़िया भाषा की भी पढ़ाई प्राथमिक विद्यालयों से शुरू हो यह उनकी सरकार की प्राथमिकता है। चंपाई ने कहा कि आधुनिक युग में राज्य की युवा पीढ़ी तथा स्कूलों में अध्यनरत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना बहुत जरूरी है। राज्य की दशा और दिशा तभी बदलेगी, जब यहां के बच्चे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, अफसर सहित अन्य बड़े पदों को सुशोभित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड खनिज संपदाओं से भरा प्रदेश है। जब झारखंड की युवा पीढ़ी पढ़-लिख कर काबिल बनेगी, तभी यहां की खनिज संपदाओं का उपयोग जनहित तथा राज्यहित में किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रदेश धनी प्रदेश के रूप में जाना जाता है, परंतु यहां की जनता गरीबी रेखा से नीचे रह कर जीवन-यापन करती है। जब यहां बच्चे मैट्रिक पास करते हैं, तब परिवार की आर्थिक हालत खराब रहने के कारण उन्हें पढ़ाई छोड़ कर उनके परिजन उन्हें प्राइवेट नौकरी अथवा मजदूरी का काम करने को कहते हैं। उच्च शिक्षा के लिए पैसों की कमी होनहार विद्यार्थियों के लिए अभिशाप बनती है, इस स्थिति को बदलने के लिए उनकी सरकार विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से मदद कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने राज्य के भीतर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हो रहे पांच हजार सरकारी विद्यालयों को बंद करने का कार्य किया था। प्राइमरी विद्यालय बंद होने से यहां के आदिवासी, मूलवासी, गरीब, मजदूर, किसान सहित सभी-वर्ग समुदाय के बच्चे प्रारंभिक शिक्षा से वंचित हुए थे। वहीं, उनकी सरकार राज्य की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु कृत संकल्पित है। उन्होंने मॉडल स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय समेत राज्य सरकार की बच्चों के हित में उठाये गये कदम से अवगत कराया। मुख्यमंत्री न छात्रवृत्ति योजना, विदेशों में पढ़ाइ के लिए सहायता समेत अन्य योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। चंपाई ने कहा कि सरकार राज्य में बुनियादी व्यवस्थाओं को मजबूत और सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने 20 लाख आवासविहीन परिवारों को अबुआ आवास योजना के तहत घर देने, 125 यूनिट बिजली निःशुल्क उपलब्ध कराने समेत अन्य बातों का जिक्र किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों को 119 करोड़ 19 लाख 291 रुपये की विभिन्न योजनाओं की सौगात दी। इस मौके पर विधायक संजीव सरदार, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सुप्रीम कोर्ट में कई अहम मामलों पर हुई सुनवाई

# चुनाव आयुक्त की नियुक्ति, सीएए, इलेक्टोरल बांड और इवीएम मामले पर की टिप्पणी

- चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर 21 मार्च को सुनवाई
- इलेक्टोरल बांड पर एसबीआइ से मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देश के कई अहम मामलों पर सुनवाई की। चुनाव आयुक्त नियुक्ति अधिनियम 2023 के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 21 मार्च को सुनवाई करेगा। चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के पैनल से मुख्य न्यायाधीश को हटाने के खिलाफ यह याचिका दायर की गयी है। याचिका में मांग की गयी है कि पैनल में मुख्य न्यायाधीश को फिर से शामिल किया जाये। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को दो नये चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित याचिका भी दायर करने की अनुमति दे दी है। याचिका को 21 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया है।

### इलेक्टोरल बांड नंबर पर एसबीआइ से मांगा जवाब

चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर शीर्ष अदालत को सौंपे गये चुनावी बांड पर सीलबंद लिफाफे वापस करने की मांग की थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआइ से पूछा कि उन्होंने इलेक्टोरल बांड के नंबर क्यों जारी नहीं किये, जिनसे दानदाता और राजनीतिक पार्टियों के बीच का लिंक पता चल सके। सुप्रीम कोर्ट ने 18 मार्च तक एसबीआइ से इस मामले पर जवाब मांगा है।

### सीएए पर 19 मार्च को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट सीएए के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आइयूएमएल) ने सीएए कानून पर रोक की मांग को लेकर याचिका दायर की थी। अब सुप्रीम कोर्ट 19 मार्च को आइयूएमएल की याचिका पर सुनवाई करेगा।

### इवीएम के खिलाफ दायर याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने इवीएम में कथित गड़बड़ी का दावा करनेवाली याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को याचिका खारिज करते हुए कहा कि हर प्रक्रिया के अपने फायदे और नुकसान होते हैं। जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने की।

### इटखोरी में भाजपा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए रक्षा मंत्री

# मोदी को चौथी बार भी भारत का प्रधानमंत्री बनना चाहिए: राजनाथ सिंह

- भारत बनेगा सुपर इकोनॉमी देश, मोदी के नेतृत्व में ही हो सकता है करिश्मा
- रांची में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की, बढ़ाया जोश

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा/रांची।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व का आज पूरा विश्व लोहा मान रही है। उनके कुशल नेतृत्व के कारण रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारतीय बच्चों को सकुशल वापस लाया गया था। इसके लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन तथा यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ऑलेक्जैंड्रोविच जेलेंस्की और अमेरिका के राष्ट्रपति वाइडेन से बात कर यूक्रेन-रूस युद्ध को साढ़े चार घंटे के लिए रोकव दिया था और वहां फंसे भारतीय छात्रों को सकुशल भारत वापस लाया गया। उक्त बातें झारखंड के इटखोरी में शुक्रवार को बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहीं। उधर, रक्षा मंत्री ने रांची में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। रांची में हुई बैठक में प्रदेश स्तर के साथ-साथ जिला स्तर के नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। इसमें रांची, खूंटी और लोहरदगा के ब्लाक स्तर और लोकसभा प्रबंधन से जुड़े कार्यकर्ता मौजूद रहे। राजनाथ ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। कार्यकर्ताओं से जन-जन तक पहुंचने की अपील की। उनमें चुनाव को लेकर जोश भरा।

इटखोरी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जम कर तारीफ की। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व को हर मोर्चे पर सफल बताया। उन्होंने कहा कि सिर्फ तीसरी बार ही नहीं, नरेंद्र मोदी को चौथी बार भी भारत का प्रधानमंत्री बनना चाहिए। क्योंकि दस वर्ष के शासन काल में नरेंद्र मोदी ने देश को करिश्माई नेतृत्व दिया है। उनके शासन काल में दुनिया भर में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। देश का कद ऊंचा हुआ है। आर्थिक मामले में भारत विश्व का पांचवां देश बन गया है। वर्ष 2027 तक भारत प्रथम तीन देशों की सूची में शामिल हो जायेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि उनकी तमन्ना है कि भारत सुपर इकोनामिक पावर बने। ऐसा करिश्मा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही हासिल हो सकता है। देश को ऐसा नेतृत्व देनेवाले नरेंद्र मोदी के ही हाथों में भारत की बागडोर रहने की आवश्यकता है। उन्होंने 25 करोड़ देशवासी गरीबी रेखा से बाहर निकालने, कश्मीर से 370 धारा हटाने, राम मंदिर निर्माण, तीन तलाक, चंद्रयान, सीएए समेत कई अन्य बातों को बताते हुए मोदी सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाया। उधर, राजनाथ सिंह ने झारखंड सरकार की जम कर आलोचना की। उन्होंने कहा कि इस सरकार के नेतृत्व में झारखंड का बेड़ा गर्क हो गया है। सरकार जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मेहमान नवाजी में लगी हुई है। विकास का कोई काम नहीं हो रहा है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील की। बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी, स्थानीय सांसद सुनील कुमार सिंह, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास, पांकी के विधायक शशि भूषण मेहता ने भी संबोधित किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.0 °c | 17.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.57 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.57 बजे |



## रांची विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह : खिलखिला उठे चेहरे

# 4043 मेधावी को उपाधि, 76 को गोल्ड मेडल, बेटियों ने मारी बाजी

डॉ. कमलेश कुमार

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शुक्रवार को मोरहाबादी परिसर स्थित दीक्षांत मंडप में 4043 को उपाधि दी गयी। साथ ही 76 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल मिला। इनमें 40 छात्राएं और 21 छात्र शामिल रहे। उपाधि और गोल्ड मेडल पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिलखिला उठे। समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा मौजूद रहे। इन्होंने पारंपरिक परिधान में उपस्थित छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल और उपाधि प्रदान की।

**हमें बनाना है विकसित भारत: अर्जुन मुंडा :** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि दीक्षांत समारोह का मूल उद्देश्य हमें अपनी बौद्धिक क्षमता से विश्व को परिचित कराना है। 2047 में हमें विकसित भारत बनाना है। हमें अभी से ही भविष्य की जरूरतों के लिए प्लान कर काम करने की आवयश्यकता है। झारखंड में सीबीएसइ 740 प्लस टू विद्यालय खोले जायेंगे। उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय झारखंड में शिक्षा, जनजातीय भाषा से लेकर प्रत्येक क्षेत्र में बहुत अच्छा काम कर रहा है। कई बार झारखंड के इस सबसे पुराने विश्वविद्यालय का नाम बदलने का प्रस्ताव आया, पर मैंने मना कर दिया क्योंकि रांची और रांची विश्वविद्यालय का अपना एक अलग ही स्पंदन है।



### राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करनेवाला पहला विश्वविद्यालय: कुलपति

रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि विद्यार्थी और शिक्षक विद्या प्राप्ति कर अपनी बुद्धि को तीक्ष्ण बनाते हुए समर्थ बनेंगे। रांची विश्वविद्यालय शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए प्रतिबद्ध है। रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा जिलों में उच्च शिक्षा के दायित्वों को रांची विश्वविद्यालय पूरा कर रहा है। रांची विश्वविद्यालय झारखंड का पहला विश्वविद्यालय है जिसने नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया है। छात्रों की सुविधा के लिए कई सारे कॉमन सर्विस सेंटर खोले गये हैं।

### युवाओं को सशक्त बनाने में यूनिवर्सिटी का बड़ा रोल: राज्यपाल



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भारत के युवा अपने ज्ञान के बल पर विश्वभर में हर जगह अपना स्थान बनाए हुए हैं और पूरा विश्वास है कि रांची विश्वविद्यालय के युवा अपने माता-पिता, झारखंड और देश का नाम रोशन करेंगे। आप अपनी उपलब्धियों से संतुष्ट होने के बजाये आगे निरंतर बड़े लक्ष्यों को तय कर उसके लिए प्रयासरत रहें, तभी हम 2047 में विकसित भारत का सपना पूरा करेंगे। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता का मंत्र दिया। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करके उन्हें सशक्त करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाता है। राज्यपाल ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय का गौरवशाली और समृद्ध इतिहास रहा है। इसने अतीत में कई विद्वानों को जन्म दिया है। गोल्ड मेडलिस्ट स्वेक्षा सिंह ने कहा कि माता, पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद से यह सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि कभी सोचा नहीं था कि गोल्ड मेडलिस्ट बनूंगी।

## ट्रिब्यूनल के गठन का रास्ता साफ

# सात जिलों में पार्ट टाइम ट्रिब्यूनल के गठन का आदेश

**अब कोयला और खनन क्षेत्र के विस्थापितों के साथ हो सकेगा न्याय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के सकारात्मक प्रयास से झारखंड के सात जिलों में पार्ट टाइम ट्रिब्यूनल के गठन का रास्ता साफ हो गया। इससे संबंधित आदेश भारत सरकार के कोयला मंत्रालय ने जारी कर दिया है। इस बीच फुल टाइम ट्रिब्यूनल को लेकर कोयला मंत्रालय ने अपना प्रस्ताव कैबिनेट सचिव को भेज दिया है, जो अगली कैबिनेट की बैठक में रखा जाना है। पार्ट टाइम ट्रिब्यूनल कोयला क्षेत्र के विस्थापितों की समस्याओं का समाधान करेगा। ट्रिब्यूनल को लेकर लंबे समय तक मांग की जा रही थी और इसको लेकर सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी गंभीर थे और इस बाबत उन्होंने कई मौके पर नयी दिल्ली में केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी और कोयला सचिव अमृतलाल मीणा, इससे पहले कोलकाता में कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद से मिलकर ट्रिब्यूनल बनाने को लेकर सक्रिय बने रहे। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी संसद में ट्रिब्यूनल गठन को लेकर मुखर बने रहे और संपन्न शीतकालीन सत्र में भी इस विषय को लेकर आवाज उठायी। पार्ट टाइम ट्रिब्यूनल का गठन चतरा, लातेहार, हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो, दुमका और धनबाद जिले में किया जायेगा। इस ट्रिब्यूनल के संबंधित जिला के जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्त होंगे। विस्थापित की समस्याओं का समाधान करेंगे। पार्ट टाइम ट्रिब्यूनल का गठन दो साल के लिए होगा। ट्रिब्यूनल मुआवजा का भुगतान, नौकरी, भूमि, पुनर्वास, विकास आदि मामलों का अब समाधान कर सकेगा। कोल इंडिया के गठन के बाद से ही ट्रिब्यूनल का गठन नहीं हो पाया था।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** कोई भी निर्णय सोच-समझकर लें, व्यर्थ के वाद-विवाद से दूर रहें, कर्मक्षेत्र मंक उलझनों से राहत मिलेगी।

**वृष** नौकरी या कार्यक्षेत्र में आपको कोई नई-नई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौपी जायेगी।

**मिथुन** धैर्य से आवश्यक कार्य पूरे होंगे,धन लाभ होगा। धार्मिक कार्य में रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** व्यस्तता अधिक रहेगी,बाहरी यात्रा का योग है, गृहस्थ जीवन में प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

**सिंह** वाद-विवाद लड़ाई-झगड़े से दूर रहें, वाहन सावधानी पूर्वक चलाये, दुर्घटना होने की आशंका।

**कन्या** मन में वैचेनी रहेगी,अपने वाणी व गुस्से को नियंत्रित रखें। प्रयास व परिश्रम से सफलता मिलेगी।

**तुला** घर में किसी नवीन वस्तु की खरीदारी सम्भव है.विवाह आदि उत्सवों की योजना बनेगी।

**वृश्चिक** व्यवसाय में परेशानी एवं बाधा का सामना करना पड़ेगा,आर्थिक परेशानी होगी।

**धनु** परिवार में कोई खुशी का अवसर आयेगा। रिश्तेदार व मित्रों से मेल-मिलाप होगा।

**मकर** शुभ कार्य की ओर प्रवृत्ति बढ़ेगी, नये-नये लोगों से जान-पहचान बनेगी। जो आगे चलकर लाभप्रद सिद्ध होगी।

**कुंभ** लम्बे समय से चली आ रही चिन्ता समाप्त होगी। संतान आज्ञाकारी रहेगी, कोई शुभ समाचार मिलेगा।

**मीन** किसी सामाजिक समारोह में जाने का अवसर मिलेगा, बिना पढ़े किसी कागज पर हस्ताक्षर न करें।

## चुनावी बांड के जनांदोलन को रोकना चाहती है केंद्र सरकार

# आनन-फानन में लागू हो रही चुनाव आचार संहिता: राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चुनाव आयोग की ओर से राजनीतिक पाटियों को चुनावी बांड के माध्यम से चंदा देनेवालों के नाम सार्वजनिक किये जाने के बाद से कांग्रेस-भाजपा को घेरने में लगी हुई है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा की नीति रही है राम नाम जपना पराया माल अपना और इसी तर्ज पर भाजपा नेताओं ने गैंग बनाकर चुनावी बांड के जरिये रकम की वसूली की है। 15 फरवरी 2024 को चुनावी बांड को असंवैधानिक घोषित करने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद से मोदी सरकार एसबीआइ के माध्यम से लगातार इस बात को सामने आने से रोकने या देरी करने की कोशिश कर रही थी। क्योंकि चुनावी बांड के घोटाले सामने आने से प्रधानमंत्री का भ्रष्टाचार के मामले में दोहरी नीति का पर्दाफाश न हो।



**30 कंपनियों से 335 करोड़ का चंदा :** कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि 20 फरवरी 2024 को इडी, सीबीआइ या आइटी विभाग के छापे या जांच के तुरंत बाद 30 कंपनियों से भाजपा को 335 करोड़ रुपये तक का चंदा मिलना यह साबित करता है कि भाजपा संवैधानिक संस्थाओं का इस्तेमाल कैसे करती है। सेबी ने जिन चार कंपनियों को फर्जी बताया है, उनसे भाजपा ने 4.9 करोड़ का चंदा क्यों लिया। इन कंपनियों के माध्यम से भाजपा के पास किसका काला धन आया।

**कोरोना वैक्सीन वाली कंपनी ने दिया 50 करोड़ का चंदा :** प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कोरोना जैसी बड़ी महामारी में मोदी सरकार ने टीके बनाने का एकमात्र अधिकार सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया को दिया गया। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने भी 50 करोड़ का चंदा दिया। उससे मन नहीं भरा, तो बूस्टर डोज लगवाया, जिसका परिणाम यह देखने को मिला रहा है कि युवा और बुजुर्ग को हार्ट अटैक हो रहे हैं। मोदी को इसका जवाब देना पड़ेगा। 10 वर्ष में एक भी प्रेस वार्ता नहीं किया, सिर्फ अपने मन की बात की और अपने मन से मनमानी की। प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलखो, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, प्रवक्ता जगदीश साहू उपस्थित रहे।

# कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी: प्रतुल

## भाजपा आर्थिक और राजनीतिक शुचिता के लिए संकल्पित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस देश में भ्रष्टाचार की जननी रही है। पहले कांग्रेस जैसे राजनीतिक दल चुनाव संबंधी लेन-देन कच्चे पैसे में करते थे। यह भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम था। अटल बिहारी वाजपेयी के समय में इनकम टैक्स कानून में संशोधन करके चुनाव में चंदा देने वाले कॉरपोरेट्स को टैक्स में रियायत देने की सार्थक पहल हुई।

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में इलेक्ट्रोल बांड लाकर चुनाव में राजनीतिक पार्टियों को व्हाइट मनी के जरिये चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित करने का सार्थक प्रयास किया गया। इलेक्टरोल बांड एक पारदर्शी सिस्टम का बेहतरीन नमूना था। जहां स्टेट बैंक से किसी व्यक्ति या कॉरपोरेट इलेक्टरोल बांड खरीद सकता था और उसकी पूरी जानकारी उसे स्टेट बैंक को उपलब्ध करानी पड़ती थी। 15 दिनों के भीतर इसे इलेक्टरोल बांड को अपने पसंद के राजनीतिक दल को देना पड़ता था। भ्रष्टाचार की आदत लग चुकी कांग्रेस को यह पारदर्शी सिस्टम पसंद नहीं आया। इसलिए अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। यद्यपि चुनाव बांड का मामला कोर्ट में है और आर्थिक शुचिता पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए और अपेक्षित सुधार की गुंजाइश है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि भाजपा और भाजपा के सहयोगी दलों की सरकार 18 प्रदेशों में है। भाजपा के 303 सांसद हैं। कांग्रेस महज दो तीन प्रदेशों में है। फिर भी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार भाजपा को 6000 करोड़ के आसपास इलेक्टरोल बांड से प्राप्त हुआ है। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के आंकड़ों को मिला दें तो यह 3000 करोड़ हो जाता है। इससे स्पष्ट दिख रहा है कि वजूद नहीं होने के बावजूद आज भी कांग्रेस शेल कंपनी के जरिये अपनी फंडिंग करवा रही है।



## सात किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी के खादगढ़ा टीओपी पुलिस ने सात किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्करों में बिहार के कैमूर निवासी नंदलाल पाल उर्फ नंदन और रोहतास निवासी सोनी कुमारी शामिल है। इनके पास से सात किलो गांजा, दो मोबाइल फोन, आधार कार्ड और 800 रुपये नकद बरामद किये गये। सीटी डीएसपी के वेंकटेश रमण ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर लोअर बाजार थाना प्रभारी और खादगढ़ा टीओपी प्रभारी भीम सिंह के नेतृत्व में खादगढ़ा बस स्टैंड परिसर के चार नबंर स्टैंड के समीप खड़े सिंह बस के पास छापेमारी की। पुलिस टीम को देखते ही एक लड़की और एक युवक अपने साथ लिए ग्रे कलर के ब्रिफकेस को लेकर अपने को भीड़ में छिपाने का प्रयास करने लगे। इस बीच उपलब्ध पुलिस बल और महिला आरक्षी बल की मदद से भाग रहे युवक और युवती को पकड़ा गया। इनके पास से मिले ब्रिफकेस में गांजा का सात पैकेट बरामद हुआ।

## नगर विकास-आवास विभाग की समीक्षा बैठक

# आपदा प्रबंधन को डैम के आसपास जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नगर विकास-आवास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने विभाग से संबद्ध सभी प्रभागों के अधिकारियों को समर्पण की भावना से काम करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि परिश्रम से काम करने से ही योजनाएं धरातल पर उतरेंगी और नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो पायेंगी। सचिव ने प्रोजेक्ट भवन के सभागार में शुक्रवार को आयोजित विभागीय समीक्षा में ये निर्देश दिये।



पीपीटी के माध्यम से नगर विकास-आवास विभाग की ओर से सभी प्रभागों के प्रशासनिक संरचना के बारे में जानकारी दी गयी। सचिव ने सुडा द्वारा संचलित नमस्ते योजना के बारे में जानकारी चाही, तो उन्हें बताया गया कि सीवर से संबंधित जो श्रमिक मैनुअली काम करते हैं उसकी जगह पर यांत्रिकी ढंग से सुरक्षात्मक उपाये करते हुये कार्य करने की प्रणाली को ही नमस्ते योजना कहा गया है।

# पुरानी पेंशन को लेकर 1 मई से हड़ताल वापस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय काउंसिल संयुक्त स्टाफ तंत्र की केंद्रीय वित्त सचिव के साथ हुई बैठक में 42 यूनियनों के प्रतिनिधि शामिल रहे। बैठक में शामिल फेडरेशंस को पुराने पेंशन लागू करने के प्रति केंद्र सरकार की पहल की जानकारी दी गयी, जिसमें बताया गया कि पुरानी पेंशन के विषय पर केंद्र सरकार द्वारा गठित कमेटी ने अपनी अनुशंसा सौंपी है। इसका विश्लेषण किया जा रहा है। वित्त सचिव ने कर्मचारी पक्ष से अपील की कि पुरानी पेंशन को लागू करने की मांग को लेकर 1 मई को प्रस्तावित रेल हड़ताल को फिलहाल स्थगित किया जाये। इस बैठक के बाद पुरानी पेंशन बहाली के लिए गठित संयुक्त फोरम के 47 घटक संगठनों की तत्काल बैठक बुलायी गयी। सर्वसम्मति से हड़ताल को टालने का निर्णय किया गया। मो ज्याऊद्दीन ने कहा कि जिन मंडलों ने अपने यहां स्थानीय मांगों को लेकर डिविजनल धरना प्रदर्शन आदि का कार्यक्रम निर्धारित किया है, वह इसे आयोजित करेंगे। धनबाद मंडल में 20 मार्च को रेलकर्मियों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर मंडलीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

# एमेजान इंडिया ने महिलाओं के प्रोफेशनल विकास पर बल दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एमेजॉन इंडिया ने 49वें अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के साथ कार्यबल में आने वाले विविध अनुभवों, संस्कृतियों और परिदृश्यों का सम्मान करने की अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। वाइस प्रेसिडेंट दीप्ति वर्मा ने कहा कि एमेजॉन में समावेशन केवल एक लक्ष्य नहीं है। यह हमारी संस्कृति के हर पहलू में शामिल है।

यह हमारे जीने का मौलिक तरीका है। एमेजॉन इंडिया ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक मुख्य अभियानों की घोषणा भी की, जो माहवारी के दौरान स्वच्छता, उद्यमिता विकास, डिजिटल वित्तीय साक्षरता और सामाजिक लाभों की जागरुकता पर केंद्रित है।




## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन का क्रेज

# 8,984 सीटों के लिए दावेदार 36 हजार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में संचालित 80 जिलास्तरीय मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नामांकन के लिए शुक्रवार की शाम चार बजे तक 36,229 आवेदन प्राप्त हुए। उत्कृष्ट विद्यालयों में 8,984 सीटों पर नामांकन का लक्ष्य निर्धारित था। उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए इस बार ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड से आवेदन लिये गये थे।

आधिकारिक जानकारी के मुताबिक अब तक विभिन्न जिलों से 34,695 ऑफलाइन आवेदन आये हैं, जबकि ऑनलाइन मोड से नामांकन के लिए 1534 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदन करने वाले बच्चे दिनांक 18 से 21 मार्च तक प्रवेश परीक्षा से संबंधित एडमिट कार्ड प्राप्त कर सकेंगे। उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 22 मार्च को आयोजित की जायेगी। 30 मार्च को प्रवेश से संबंधित पहली मेधा सूची का प्रकाशन किया जायेगा। एक अप्रैल से सात अप्रैल तक विद्यार्थियों का नामांकन लिया जायेगा। आठ अप्रैल से उत्कृष्ट विद्यालयों में नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो जायेगी। नामांकन के लिए आवेदन करने की समय सीमा को बढ़ा दिया गया था। राज्य के सभी जिलों के उत्कृष्ट विद्यालयों में अपने बच्चों के नामांकन के लिए अभिभावक दूरदराज से पहुंच रहे थे। अभिभावकों और बच्चों के उत्साह को देखते हुए समय सीमा को 15 मार्च तक बढ़ा दिया गया था।




### उत्कृष्ट विद्यालयों में मिलती है नि:शुल्क शिक्षा

राज्य के 80 जिलास्तरीय मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नि:शुल्क उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान की जाती है। सभी विद्यालय सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन से मान्यता प्राप्त है। ये उत्कृष्ट विद्यालय स्मार्ट क्लास, खेलकूद और तकनीकी कौशल प्रशिक्षण के साथ विज्ञान विषय के लैब, पुस्तकालय, प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक, लैंग्वेज लैब समेत कई आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। इन उत्कृष्ट स्कूलों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उनमें रचनात्मक, सामाजिक और भावनात्मक कौशल का भी विकास किया जाता है।

## मोरहाबादी मैदान में अहिंसा रन 31 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** जीतो संस्था की ओर से 31 मार्च को मोरहाबादी मैदान में सुबह 5.30 बजे से अहिंसा रन का आयोजन किया गया है। दौड़ तीन श्रेणी में होगी। दस किमी की प्रतिस्पर्धा दौड़ में विजयी महिला और पुरुष को 21 हजार रुपये, दूसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागी को 15 हजार और तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 11 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जायेगा। संस्था की अध्यक्ष प्रियंका पाटनी ने बताया कि पांच किमी की दौड़ के विजयी को 11, सात और पांच हजार रुपये नकद इनाम मिलेंगे। 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिला और पुरुष को दस किमी की दौड़ में सफल होने पर 21, 15 और 11 हजार रुपये दिये जायेंगे। इसी आयु श्रेणी में तीन किमी की दौड़ के विजेता को 71 सौ रुपये का इनाम दिया जायेगा।

## भाजपा ने लगाया गोविंदपुर सीओ पर गंभीर आरोप

# सीओ शशिभूषण भ्रष्टाचार का उत्तम उदाहरण : विनय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रवक्ता विनय कुमार सिंह ने गोविंदपुर सीओ शशिभूषण पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाये हैं। कहा है कि इडी रेड के मामले में गोविंदपुर धनबाद सीओ शशिभूषण सिंह के बारे में जो नयी बातें सामने आ रही हैं वह चौंकाने वाली हैं। इन्होंने हल्का कर्मचारी से विभागीय परीक्षा के माध्यम से प्रोन्नति पाकर सीओ तक का सफर तय किया है। यह कहानी भी दिलचस्प है। विभागीय परीक्षा में शशिभूषण सिंह टॉपर हो गये थे। बाकी जीतने टॉपर हैं, वो अभी भी प्रमोशन के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटा रहे हैं। कहते हैं कि परीक्षा में शशि भूषण सिंह को एक अलग कमरा ही दे दिया गया था। हाल ही में झारखंड में जेएसएससी पेपर लीक घोटाला हुआ है, जिसके पेपर 30 से 40 लाख रुपये में बाजार में बिक रहे थे। शशिभूषण सिंह का प्रमोशन भी एक घोटाला है, जिसकी जांच अलग से होनी जरूरी है। शशिभूषण सिंह के कारनामे उनके हल्का कर्मचारी रहते ही शुरू हो गये थे। सबसे पहले पुंदाग निवासी गोपाल साहू ने 2013 में लोकायुक्त में उनके खिलाफ शिकायत की थी। 2013 में दर्ज पीइ में उनके ऊपर 2016 में निगरानी ब्यूरो ने जांच में आय से अधिक संपत्ति का दोषी पाया था। जांच के दौरान यह बात सामने आयी थी कि उन्होंने पत्नी के नाम से खरीदी गयी जमीन को छिपाया था और उनकी पत्नी के नाम से अलग से एकता नगर में जमीन भी मिली थी। शशिभूषण सिंह, उनके रिश्तेदार और उनके कई मित्र बेशकीमती संपत्ति के मालिक हैं, जो उनकी अवैध कमाई से है। सबसे अचंभित करने वाली बात यह है कि ऐसे चार्जशीटेड और भ्रष्ट सरकारी कर्मचारी लगातार न केवल लोगों को लूटता रहा, बल्कि सरकारी व्यवस्था में लगातार तरक्की भी प्राप्त करता रहा।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 61,300 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो



# सिंहभूम-राजमहल में '2019' दोहराना आसान नहीं है महागठबंधन के लिए

## ■ गीता कोड़ा के पाला बदलने और लोबिन हेंब्रम के बगावती तेवर ने बढ़ा दी है चुनौती

## ■ गुरुजी के खराब स्वास्थ्य और हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति खलेगी दोनों सीटों पर

## ■ संथाल में कल्पना सोरेन और कोल्हान में सीएम के कंधे पर होगी नाव पार कराने की जिम्मेवारी

**लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने ही वाला है। झारखंड में लोकसभा की 14 सीटों पर मुकाबले की तस्वीर लगभग साफ हो गयी है। यहां सभी सीटों पर वैसे तो सीधे मुकाबले के आसार नजर आ रहे हैं। इस स्थिति में भी भाजपा राज्य की सभी 14 सीटें जीतने का दावा कर रही है, जबकि राज्य में सत्तारूढ़ झामुमो के नेतृत्व वाला महागठबंधन इस बार बड़ा उलटफेर करने का दावा कर रहा है। जहां तक 2019 के संसदीय चुनाव का सवाल है, तो महागठबंधन की तरफ से झामुमो ने संथाल परगना की राजमहल और कांग्रेस ने सिंहभूम सीट जीती थी। इस बार इन दोनों सीटों पर 2019 का प्रदर्शन दोहराना महागठबंधन के लिए आसान नहीं दिख रहा है। राजमहल सीट पर झामुमो के विधायक लोबिन हेंब्रम ने चुनाव लड़ने का एलान कर दिया है, जबकि गीता कोड़ा के भाजपा में शामिल होने के बाद सिंहभूम सीट का राजनीतिक परिदृश्य ही बदल गया है। इस बार सिंहभूम सीट पर भी झामुमो को प्रत्याशी देना है। महागठबंधन की एक और परेशानी यह है कि उसके पास इस बार सभा में प्रचार करने के लिए न तो शिबू सोरेन हैं और न हेमंत सोरेन। शिबू सोरेन खराब स्वास्थ्य के कारण चुनाव प्रचार में नहीं होंगे, जबकि हेमंत सोरेन जेल में हैं। ऐसे में इस दोनों सीटों पर ही नहीं, पूरे राज्य में प्रचार की जिम्मेवारी हेमंत की पत्नी कल्पना सोरेन और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के कंधों पर होगी। इस विषम परिस्थिति में ये दोनों सीटें कैसे कठिन होती जा रही हैं महागठबंधन के लिए, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

झारखंड में लोकसभा के चुनावी मुकाबले की तस्वीर धीरे-धीरे साफ हो रही है। भाजपा ने 11 सीटों पर अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है, जबकि महागठबंधन ने सीट शेयरिंग के पेंच को सुलझा लिया है और प्रत्याशी की घोषणा जल्द जारी करने का दावा किया है। ऐसे में यह तय है कि झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर सीधा मुकाबला होगा। 2019 में भाजपा और उसकी सहयोगी आजसू ने राज्य की 12 सीटों पर कब्जा जमाया था, जबकि झामुमो ने राजमहल और कांग्रेस ने सिंहभूम सीट जीती थी। इस बार भाजपा सभी 14 सीटें जीतने का दावा कर रही है, तो राज्य में सत्तारूढ़ महागठबंधन ने भाजपा को रोकने की पूरी तैयारी की है। लेकिन राजनीतिक परिस्थितियां और परिदृश्य बता रहे हैं कि महागठबंधन के लिए 2019 का परिणाम भी दोहराना आसान नहीं होगा। जहां तक झामुमो का सवाल है, तो उसके दल के कार्यकर्ता और नेता तो इंटैक्ट हैं, वे पूरी शिद्दत से चुनाव कार्य में लगेंगे, लेकिन कांग्रेस की नैया डगमगा रही है। जो भी सीटें कांग्रेस को मिलेंगी और वहां जो भी नेता मैदान में उतरेगा, उसके सहारे कांग्रेस कैसे उन सीटों पर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करायेगी, यह भविष्य के गर्भ में है। वैसे भी कांग्रेस में कुछ ही विधायक और नेता सक्रिय भूमिका में हैं। बाकी आपसी प्रतिद्वंद्विता में उलझे हुए हैं।

### राजमहल-सिंहभूम में झामुमो देगा प्रत्याशी

2019 में महगठबंधन द्वारा जीती गयी दोनों सीटों, राजमहल और सिंहभूम से इस बार झामुमो को प्रत्याशी उतारना है। राजमहल में पिछली बार विजय हांसदा ने झामुमो के टिकट पर जीत हासिल की थी, जबकि सिंहभूम में कांग्रेस के टिकट पर गीता कोड़ा ने परचम लहराया था। इस बार महागठबंधन में हुई सीट शेयरिंग में सिंहभूम सीट झामुमो के हिस्से में आयी है। इसलिए इस बार ये दोनों सीटें जीतना झामुमो के लिए चुनौती है, क्योंकि दोनों ही सीट पर परिस्थितियां बदल गयी हैं।

### राजमहल में लोबिन हेंब्रम बनेंगे रोड़ा

अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित राजमहल सीट पर हार-जीत की 'चाबी' आदिवासी और अल्पसंख्यक वोटरों के हाथों में है। इसके चलते सभी प्रमुख प्रत्याशी उधर ही ताक रहे हैं। भाजपा को भी उम्मीद है कि ताला मरांडी यह 'चाबी' उसके लिए हासिल कर पाने में कामयाब हो जायेंगे। 2019 में यहां से झामुमो के विजय हांसदा लगातार दूसरी बार जीते थे। वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में जब पूरे देश में नरेंद्र मोदी की लहर चल रही थी, तब भी झारखंड की जिन सीटों पर भाजपा को जीत नहीं मिली, उसमें एक सीट है राजमहल। इस बार इस सीट से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। झारखंड की यह सीट भाजपा के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण सीट मानी जा रही है। भाजपा के लिए राजमहल सीट अब भी आसान नहीं है। पिछली बार भाजपा ने हेमलाल मुर्मू को अपना उम्मीदवार बनाया था, लेकिन उन्हें विजय हांसदा से करारी हार का सामना करना पड़ा था। सच तो यह है कि भाजपा में शामिल होने के बाद भी हेमलाल मुर्मू की छवि कभी भाजपाई नहीं बन पायी। अब हेमलाल मुर्मू झामुमो में शामिल हो गये हैं। इसके बाद विजय हांसदा को चुनौती देने के लिए भाजपा ने ताला मरांडी को चुना है। इस बार मुकाबला ताला मरांडी और विजय हांसदा के बीच होना तय है, लेकिन झामुमो के लिए उसके बागी विधायक लोबिन हेंब्रम बड़ी बाधा बन गये हैं। लोबिन बोरियो से विधायक हैं और उन्होंने लोकसभा चुनाव में उतरने का एलान कर दिया है। ऐसे में वह मुकाबले को त्रिकोणीय बना सकते हैं, जो झामुमो के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है।

लोबिन हेंब्रम झामुमो के पुराने नेता हैं। उनके बारे में कहा जाता है कि वह केवल शिबू सोरेन की बात सुनते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या गुरुजी इस बार भी उन्हें मना लेंगे। इस बात की संभावना कम ही दिखती है, क्योंकि गुरुजी खराब स्वास्थ्य के कारण राजनीतिक गतिविधियों में शामिल नहीं हो रहे हैं। इसके अलावा झामुमो के दूसरे सबसे बड़े नेता हेमंत सोरेन जेल में हैं। वह चुनाव प्रचार ही नहीं, राजनीतिक गतिविधियों के लिए भी उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि झामुमो नेतृत्व लोबिन हेंब्रम से कैसे निबटता है। महामठबंधन को यह भी ध्यान रखना होगा कि इस बार 2019 वाली स्थिति नहीं हैं। इस बार चुनाव की जिम्मेदारी रघुवर दास के कंधे पर नहीं है, जिनके बारे में झामुमो बार-बार छत्तीसगढ़ी बोल कर हमला करता था। रघुवर दास को लेकर खुद भाजपा कार्यकर्ताओं के एक बड़े वर्ग में नाराजगी थी, क्योंकि वह पुचकार कर बात करनेवाले नेता नहीं थे। वह खरी-खरी बात करते थे, इस कारण बहुत सारे कार्यकर्ता बिदक गये थे। यही कारण था कि अपने चुनाव क्षेत्र में काफी काम करने के बाद भी रघुवर दास निर्दलीय सरयू राय से चुनाव हार गये थे। यही नहीं, जमशेदपुर की दूसरी सीट पर भी असर पड़ा था और बन्ना गुप्ता वहां से चुनाव जीत गये। इस बार भाजपा कार्यकर्ताओं में वैसी नाराजगी नहीं है। दूसरी तरफ अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद माहौल बदला हुआ है। आदिवासियों को ध्यान में रख कर नरेंद्र मोदी की तमाम घोषणाओं और योजनाओं का भी असर देखा जा रहा है।





### सिंहभूम में बदल गयी हैं परिस्थितियां

जहां तक सिंहभूम सीट का सवाल है, तो इस बार वहां से झामुमो उम्मीदवार उतारेगा। गीता कोड़ा के भाजपा में शामिल होने के बाद वहां की राजनीतिक परिस्थितियां बदल गयी हैं। गीता कोड़ा सिंहभूम की सांसद ही नहीं, कोल्हान की सबसे मजबूत राजनीतिक हस्ती मानी जाती हैं। उनका भाजपा में शामिल होना सियासी नजरिये से इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि भाजपा कोल्हान में अपना जनाधार बढ़ाने के लिए लगातार हाथ-पैर मार रही थी।

गीता कोड़ा 'हो' जनजातीय समुदाय से आती हैं। उनके पति मधु कोड़ा राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। उनका राजनीतिक सफर भी भाजपा से ही शुरू हुआ था और पार्टी से अलग होकर वह भले ही सत्ता शीर्ष तक पहुंचे, लेकिन कांग्रेस और अन्य दलों के साथ ने उनके राजनीतिक जीवन पर ऐसा ग्रहण लगा दिया कि वह आज भी इसके फेर में फंसे हैं। चाइबासा के जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में कोड़ा परिवार की तूती बोलती है। इस दंपति के पास करीब सवा दो लाख वोटों की ऐसी ताकत है, जिसे कोई भी नजरअंदाज नहीं कर सकता है। 2014 में जब गीता कोड़ा जय भारत समानता पार्टी से सिंहभूम सीट से चुनाव मैदान में उतरी थीं, तो उन्हें करीब इतने ही वोट मिले थे। हालांकि वह भाजपा के लक्ष्मण गिलुआ से हार गयी थीं, लेकिन उनका वोट बैंक पूरी तरह उनके साथ बना रहा। 2019 में झामुमो और कांग्रेस का वोट इसमें जुड़ गया, तो गीता कोड़ा ने लक्ष्मण गिलुआ को पटखनी दे दी थी। गीता कोड़ा की यह ताकत अब भाजपा के पाले में चली गयी है, जबकि कांग्रेस-झामुमो की जोड़ी शून्य पर आ गयी है। वर्ष 2000 में इसी सीट से जीत हासिल करने के बाद मधु कोड़ा ने झारखंड की सियासत में अपना परचम गाड़ा था और उसके बाद यह सीट मधु कोड़ा परिवार के हाथ में ही रही। दो बार खुद मधु कोड़ा और दो बार उनकी पत्नी गीता कोड़ा जगन्नाथपुर विधानसभा सीट से विधानसभा तक पहुंचने में कामयाब रही। जब गीता कोड़ा को कांग्रेस के टिकट पर सांसद बना कर दिल्ली भेज दिया गया, तो कांग्रेस ने इस सीट से सोनाराम सिंकू पर अपना दांव लगाया और वह जीतने में कामयाब रहे। माना जाता है कि सोनाराम सिंकू की इस जीत के पीछे भी मधु कोड़ा की ताकत ही रही थी।

### गुरुजी और हेमंत की अनुपस्थिति भी खलेगी

इन दोनों आदिवासी बहुल सीटों पर महागठबंधन की दूसरी बड़ी परेशानी यह है कि इस बार उसके पास उसके सबसे बड़े दो नेता, शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन नहीं हैं। शिबू सोरेन खराब स्वास्थ्य के कारण राजनीति में सक्रिय नहीं हैं और हेमंत सोरेन जेल में हैं। यह सही है कि हेमंत को लेकर आदिवासियों में सहानुभूति है, लेकिन चुनाव प्रचार में उनकी अनुपस्थिति का बड़ा असर पड़ेगा, इसमें कोई संदेह नहीं है। ऐसे में महागठबंधन के प्रचार की पूरी जिम्मेवारी सीएम चंपाई सोरेन और हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के कंधों पर है। ये दोनों अपने वोटरों को कितना साध पाते हैं, यह देखनेवाली बात होगी।

---

# विधायक अंबा प्रसाद से इडी 4 अप्रैल को करेगी पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग के बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद से 4 अप्रैल को इडी पूछताछ करेगी। वहीं उनके भाई अंकित साव से 5 अप्रैल को पूछताछ करेगी। हाल ही में अंबा प्रसाद और उनके करीबियों के ठिकानों पर पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत 12 मार्च को रांची और हजारीबाग के 20 ठिकानों पर छापेमारी की गयी थी। इडी की ओर से जानकारी दी गयी कि इस तलाशी अभियान के दौरान आपराधिक गतिविधियों के संबंध में कई दस्तावेज जब्त किये गये हैं। इसमें जबरन वसूली, लेवी की वसूली, अवैध बालू खनन और जमीन पर कब्जा करने से संबंधित साक्ष्य के अलावा करीब 35 लाख कैश जब्त किया गया है। इसके अलावा डिजिटल उपकरण, सर्किल ऑफिस के नकली स्टांप और बैंक के दस्तावेज बरामद किये गये। इसके बाद इडी ने अंबा प्रसाद सहित तीन लोगों को समन भेजा था।

### इडी को मनी लांड्रिंग की मिली थी शिकायत



जानकारी के मुताबिक इडी से विधायक अंबा प्रसाद को लेकर मनी लांड्रिंग की शिकायत की गयी थी। शिकायत के आधार पर अंबा प्रसाद के खिलाफ दर्ज एफआइआर की जानकारी भी पुलिस से इडी के अधिकारी ने मांगी थी। इसी आधार पर मंगलवार को इडी की अलग-अलग टीम ने रांची और हजारीबाग के कई ठिकानों पर छापेमारी की। इडी की टीम अंबा प्रसाद के हजारीबाग के हुरहुरू स्थित आवास पहुंची। विभिन्न कागजातों को खंगाला। साथ ही प्रॉपर्टी की भी जांच की। विधायक के करीबी माने जानेवाले राजेंद्र साव के कानी बाजार स्थित घर में भी इडी की टीम ने सुबह से ही छापेमारी की। इसके अलावा विधायक के चाचा और मामा के घर भी इडी की टीम पहुंची।

# चुनाव से जुड़े अफसरों के तबादले पर रोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आदर्श आचार संहिता लागू होने की अवधि के दौरान चुनाव संचालन से जुड़े सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के स्थानांतरण पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसमें मुख्य निर्वाचन अधिकारी और अतिरिक्त, संयुक्त-उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी, चुनाव के संचालन से जुड़े जिला चुनाव अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी और अन्य राजस्व अधिकारी के ट्रांसफर पर रोक लगा दी गयी है। इसके अलावा चुनाव प्रबंधन से जुड़े पुलिस विभाग के अधिकारी जैसे रेंज आइजी और डीआइजी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक, उपमंडल स्तर के पुलिस अधिकारी जैसे पुलिस उपाधीक्षक और अन्य पुलिस अधिकारी जो आयोग में प्रतिनियुक्त हैं, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 28ए के तहत, चुनाव कार्यों के लिए नियुक्त अन्य अधिकारी के स्थानांतरण पर भी रोक रहेगी।





# सीएए नागरिकता देने का कानून छीनने का नहीं: बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) नागरिकता का अधिकार देने का कानून है। यह नागरिकता छीनने का कानून नहीं है। मुस्लिम देश से प्रताड़ित लोग जो वर्षों से भागकर भारत में रह रहे थे, वैसे लोगों को नागरिकता मिलने से काफी खुशी है। उक्त बातें परिसदन भवन दुमका में शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहीं।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के भाजपा के ऊपर लगाये गये आरोप को गलत बताया। साथ ही दुमका विधायक बसंत सोरेन के बयान पर कहा कि बसंत की मां रुपी सोरेन, उनके बाबूजी शिबू सोरेन और भाई दुर्गा सोरेन को पूर्व में भाजपा शिकस्त दे चुकी है। उन्होंने लोकसभा चुनाव में सभी 14 सीटों पर जीत का दावा किया। इस अवसर क्लस्टर प्रभारी गणेश प्रसाद, सांसद सुनील सोरेन, प्रवक्ता पिंटू अग्रवाल आदि मौजूद थे।



# रामविनोद सिन्हा को सुप्रीम कोर्ट से बेल

## निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की जमानत पर सुनवाई टली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में खूंटी के बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम विनोद प्रसाद सिन्हा को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गयी। वहीं पूजा सिंघल की जमानत पर सुनवाई टल गयी। रामविनोद प्रसाद सिन्हा की ओर से पांडेय नीरज राय, रचिता राय ने पैरवी की। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता सहित तीन जजों की बेंच ने मामले की सुनवाई की। बता दें कि राम विनोद प्रसाद सिन्हा 18 जून 2020 से जेल में है। इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने मामले में राम विनोद प्रसाद सिन्हा, पूजा सिंघल, सुमन कुमार और शशि प्रकाश आदि के खिलाफ आरोप गठित कर दिया है।

बता दें कि पूजा सिंघल, सुमन कुमार, राम विनोद सिन्हा और शशि प्रकाश अभी जेल में हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने इडी की अदालत में इन चारों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

# जमीन कारोबारी की जमानत पर इडी को जवाब के लिए दिया मौका

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी अफसर अली की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में आंशिक सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में इडी ने बताया कि जवाब तैयार है। कोर्ट ने इडी के आग्रह को देखते हुए मामले की सुनवाई अगले सप्ताह निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने अफसर अली की गिरफ्तारी में अपनायी प्रक्रिया के संबंध में इडी से जानकारी मांगी थी। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की।

प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता निलेश कुमार ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि अफसर अली के खिलाफ मामले में आरोप पत्र दाखिल हो गया है और जांच पूरी हो गयी है। 14 अप्रैल 2023 से न्यायिक हिरासत में जेल में है। इसे देखते हुए उसे जमानत प्रदान की जाये। दरअसल, इडी कोर्ट ने अफसर अली की जमानत याचिका खारिज कर दी। इसके बाद उनकी ओर से हाइकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की गयी है।

बता दें कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना की कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में इडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छविरंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

## एयरपोर्ट से बाबा बागेश्वर सरकार आचार्ज धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री सीधे पहुंचे बाबा मंदिर, की पूजा

# भगवान महादेव के बारह श्रृंगार का महत्व बताया

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** सांसद निशिकांत दुबे के आग्रह पर बाबा बागेश्वर धाम सरकार आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री चार्टड प्लेन से बाबाधाम पहुंचे। देवघर एयरपोर्ट पर बागेश्वर सरकार का चार्टड प्लने दोपहर 12:30 बजे पहुंचते ही बाहर में खड़े लोग बागेश्वर धाम सरकार के स्वागत में नारे लगाने लगे। एयरपोर्ट पर बाबा का स्वागत सांसद निशिकांत दुबे के अलावा उनकी धर्मपत्नी अन्नुकांत दुबे व भाई संतोष कुमार दुबे द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया। एयरपोर्ट से बाबा बागेश्वर सरकार का काफिला सीधे बाबा बैद्यनाथ मंदिर पहुंचा। जहां बाबा को देखने के लिए स्थानीय तीर्थपुरोहित सहित अन्य भक्तगण भारी संख्या में उपस्थित थे। बाबा मंदिर में उन्होंने बाबा बैद्यनाथ के मनोकामना लिंग की पूजा की। बाबा मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद बाबा बागेश्वर सरकार सांसद निशिकांत दुबे के साथ विलियम्स टाउन के बीएड कालेज के समीप शिवधाम सांसद आवास पहुंचे। जहां कुछ देर विश्राम करने के बाद वह प्रवचन देने के लिए देवघर कालेज मैदान दोपहर ढाई बजे के आसपास पहुंचे। प्रवचन के दौरान बागेश्वर सरकार ने बाबा मंदिर में पूजा अर्चना और स्थानीय तीर्थपुरोहितों सहित अन्य लोगों के स्वागत व उत्सुकता का जिक्र व प्रशंसा की। साथ ही पुनः बाबाधाम आने और सात दिनों का कार्यक्रम करने का वचन दिया। बता दें कि बागेश्वर सरकार का झारखंड में यह पहला कार्यक्रम था। अपने कथा के दौरान उन्होंने पलामू के कार्यक्रम का भी जिक्र किया। प्रवचन के दौरान उन्होंने लोगों से सनातन का झंडा बुलंद करने और भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे आने का आह्वान किया।







### सनातन को जगाना है, हिंदू राष्ट्र बनाना है : धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

बाबा बागेश्वर सरकार आचार्ज धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री एक दिवसीय दौरे पर बाबाधाम पहुंचे। उन्होंने देवघर कालेज मैदान में आयोजित कथा की शुरुआत भगवान महादेव के बारह श्रृंगार के महत्व को बताया। साथ सामूहिक अर्जी लगायी। उन्होंने अपने कथा की शुरुआत मंगलभवन अह मंगलहारी... से की। उन्होंने कहा कि हम नफरत नहीं प्रेम के आदि हैं। अपने प्रवचन के दौरान उन्होंने तारापीठ, बाबा बासुकिनाथ का जिक्र किया। साथ ही मेरे भारत का बच्चा बच्चा जय श्रीराम बोलेगा...गाकर लोगों में जोश भर दिया। शिव की नगरी में कथा के दौरान उन्होंने शंकर समुन केसरी नंदन भजन गाकर लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने उपस्थित भीड़ देखकर कहा कि हमें ऐसा लग रहा है कि सनातन का झंडा बुलंद करेंगे। साथ ही लोगों से अपने अपने घरों में ध्वज लगाने, तिलक करने और शिखा रखने की बात कही। संगीतमय हनुमंत कथा के दौरान कहा कि भूत, भविष्य और वर्तमान के देवता बाबा बैद्यनाथ यहां विराजे हैं। वह त्रिशुल के बल पर भक्तों के पापों का संहार करते हैं। जो भक्त देवघर में दर्शन करता है वह शव भी शिव बन जायेगा। सांसद निशिकांत दुबे सनातन का झंडा बुलंद कर रहे हैं और उन्होंने 7 दिनों की कथा का आयोजन करने की बात सांसद से कही। उन्होंने कहा हम किसी के विरोधी नहीं हमे सनातन को जगाना है और हिंदू राष्ट्र बनाना है।

### कई राज्यों से पहुंचे थे बाबा बागेश्वर के भक्त

देवघर। बाबा बागेश्वर धाम सरकार आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा सुनने और दिव्य दरबार लगने की आशा लिये बिहार, यूपी, बंगाल सहित झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से बाबाधाम पहुंचने वाले भक्तों द्वारा विशाल पंडाल में डेरा डाले हुए थे। गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के सांसद निशिकांत दुबे के सौजन्य से यह कार्यक्रम आयोजित था और देवघर कॉलेज मैदान में भव्य पंडाल बनाये गये थे। जिसमें श्रद्धालुओं के लिए बाथरूम, पीने के लिए पानी एवं बड़े पंडाल का निर्माण कराया गया था। इसके अलावा पांच हजार प्राइवेट वॉलिंटियर की भी व्यवस्था प्रशासन के सहयोग के लिए लगाये गये थे।

### जेपी सिंह बने प्रभारी अभियंता प्रमुख

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार ने जयप्रकाश सिंह को अगले आदेश तक प्रभारी अभियंता प्रमुख ग्रामीण कार्य विभाग रांची के पद पर पदस्थापित किया है। श्री सिंह को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ पर भारी अभियंता प्रमुख झारखंड स्टेट रूरल डेवलपमेंट ऑथोरिटी रांची का भी प्रभारी अभियंता प्रमुख का प्रभार दिया गया है। इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

## MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

**e-Procurement Notice**

**Tender Reference No.WRD/MID/LOHARDAGA/F2-43/2023-24 Date –15/03/2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Checkdam on HirhiNalaat vill–BurhuBaratpur&Hirhi, Block – Lohardaga, Distt.-Lohardaga. |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 63.626Lakh |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 20/03/2024at05:00 PM |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender BID's | 08/04/2024upto05:00 PM |
| 6. | Last date for online Submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 08/04/2024 upto05:00 PM |
| 7. | Date of opening Tender | 10/04/2024at02:00 PM |
| 8 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 9. | (a) Contact No. of e-Procurement officer<br>(b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790<br>eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 10. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

**Note: - (1) Only e-Tender will be accepted**
**(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.**
**Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

**Executive Engineer**
**Minor Irrigation Division, Lohardaga.**

PR 322876 Lohardaga(23-24).D

MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

e-Procurement Notice

Tender Reference No.WRD/MID/LOHARDAGA/F2-43/2023-24 Date –15/03/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Checkdam on HirhiNalaat vill–BurhuBaratpur&Hirhi, Block – Lohardaga, Distt.-Lohardaga. |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 63.626Lakh |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 20/03/2024at05:00 PM |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender BID's | 08/04/2024upto05:00 PM |
| 6. | Last date for online Submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 08/04/2024 upto05:00 PM |
| 7. | Date of opening Tender | 10/04/2024at02:00 PM |
| 8 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 9. | (a) Contact No. of e-Procurement officer<br>(b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790<br>eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 10. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

Note: - (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga.

PR 322876 Lohardaga(23-24).D

# भारत देश को डिजिटल कृषि अर्थव्यवस्थावाला विकसित देश बनाने में मिलेगी मददः अर्जुन मुंडा

### अर्जुन मुंडा ने किसानों-एफपीओ के लिए दो एप लांच किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि-किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने शुक्रवार को एफपीओ, और किसान अनुकूल एप लांच किये। इससे एफपीओ-किसानों को ओएनडीसी नेटवर्क के माध्यम से अधिक खरीदारों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि

एफपीओ इंस्पेक्शन मोबाइल एप 10 हजार एफपीओ के गठन और संवर्धन की योजना के कुशल कार्यान्वयन की सुविधा के लिए प्रभावी निगरानी, रिकॉर्ड रखने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। इस एप की प्रमुख विशेषताओं में से एक निरीक्षण की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए जियो निर्देशांक के साथ एफपीओ का निरीक्षण करने वाले व्यक्ति की छवि कैप्चरिंग है। इस एप में सीबीबीओ, एफपीओ से संबंधित संपूर्ण निगरानी, निरीक्षण गतिविधियां की जा सकती हैं। यह सुधार, संवर्धन में मददगार है। इन दोनों सुविधाओं से निश्चित रूप से एफपीओ, किसानों, विक्रेताओं, खरीदारों को बढ़ते डिजिटल इकोसिस्टम में एक सक्रिय भागीदार बनने के लिए खुद को विकसित करने और भारत को निकट भविष्य में डिजिटल कृषि अर्थव्यवस्था वाला विकसित देश बनाने में मदद मिलेगी।



### ज्वेलरी दुकान से 24 लाख के जेवरात चोरी

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची के लालपुर थाना क्षेत्र स्थित शांति निकेतन के पास मां सुधा ज्वेलरी से चोरों ने ताला तोड़ कर 24 लाख 23 हजार रुपये के जेवरात और नगदी की चोरी कर ली है। इस संबंध में ज्वेलरी दुकान संचालक सूरज सोनी ने लालपुर थाना में चोरी की प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार उनकी दुकान से अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ कर 180 ग्राम सोने के आभूषण, जिसकी कीमत 10 लाख रुपये थी और 14 लाख रुपए के चांदी के जेवरात की चोरी कर ली। इसके साथ ही चोर उनकी जेवर दुकान में रखे 23500 रुपये भी चुरा ले गये। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है।

## रांची को एक साथ मिला 11 ट्रेनों का ठहराव

# मोदी की गारंटी पर हो रहा हर काम : संजय सेठ

### सांसद सेठ ने जताया मोदी और रेल मंत्री का आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ के प्रयास से रेल मंत्रालय ने रांची लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों पर एक 11 ट्रेनों के ठहराव को स्वीकृति दी है। जिन स्टेशनों पर ट्रेनों को ठहराव दिया गया है, उसमें पुनदाग, नामकुम, टाटीसिल्वे और सिल्ली रेलवे स्टेशन शामिल हैं। पुनदाग रेलवे स्टेशन में हटिया इस्लामपुर एक्सप्रेस और हटिया पूर्णिया एक्सप्रेस का ठहराव दिया गया है। नामकुम रेलवे स्टेशन में संबलपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस, मौर्य एक्सप्रेस, क्रिया योगा एक्सप्रेस, हटिया पटना पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस, सिल्ली रेलवे स्टेशन पर हटिया इस्लामपुर एक्सप्रेस, टाटीसिल्वे रेलवे स्टेशन पर मौर्य एक्सप्रेस, संबलपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस, क्रिया योगा एक्सप्रेस और हटिया रांची पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस का ठहराव दिया गया है। इन स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर सांसद संजय सेठ लंबे समय से प्रयासरत थे। दो दिन पहले भी सांसद श्री सेठ ने केंद्रीय रेल मंत्री से बातचीत की थी। इन ट्रेनों के ठहराव की आवश्यकता से उन्हें अवगत कराया था। इसी आलोक में केंद्रीय रेल मंत्रालय ने तत्काल इन ट्रेनों की ठहराव को स्वीकृति प्रदान की है। ट्रेन ठहराव की स्वीकृति से प्रसन्न सांसद संजय सेठ ने कहा कि यही मोदी की गारंटी है कि यहां हर गारंटी पूरी होती है।



# जनजाति समूह के बीच परिसंपत्ति वितरित

रांची(आजाद सिपाही)। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की इकाई झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी की ओर से अति कमजोर जनजाति समूह परिवारों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। राहे प्रखंड की बसिया पंचायत के लाधुप गांव में 31 महिलाओं के बीच रस्सी बनाने के औजार और अन्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर जेटीडीएस के जिला परियोजना प्रबंधक वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि यह वितरण लक्षित अति निर्धन योजना के अंतर्गत किया गया है। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी एनुल हक, ग्राम प्रधान दिनेश सिंह मुंडा द्वारा लाभुकों को परिसंपत्ति वितरित किया गया।



# पीरो और चकिया स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव

हाजीपुर (आजाद सिपाही)। यात्रियों की सुविधा हेतु कई ट्रेनों का विभिन्न स्टेशनों पर निम्नानुसार ठहराव प्रदान किया गया है: 18639 आरा-रांची एक्सप्रेस 17.03.2024 से 10.10 बजे पीरो पहुंचेगी तथा यहां से 10.12 बजे प्रस्थान करेगी । 18640 रांची-आरा एक्सप्रेस 17.03.2024 से 05.43 बजे पीरो पहुंचेगी एवं 05.45 बजे प्रस्थान करेगी । 09451 गांधीधाम-भागलपुर स्पेशल 17.03.2024 से 12.22 बजे चकिया स्टेशन पहुंचेगी एवं 12.24 बजे प्रस्थान करेगी । 09452 भागलपुर-गांधीधाम स्पेशल 18.03.2024 से 11.53 बजे चकिया स्टेशन पहुंचेगी एवं 11.55 बजे प्रस्थान करेगी । 15529 सहरसा-आनंद विहार टर्मिनस जनसाधारण एक्सप्रेस 20.03.2024 से 20.53 बजे चकिया स्टेशन पहुंचेगी एवं 20.55 बजे प्रस्थान करेगी । 15530 आनंद विहार टर्मिनस-सहरसा जनसाधारण एक्सप्रेस 22.03.2024 से 20.03 बजे चकिया स्टेशन पहुंचेगी एवं 20.05 बजे प्रस्थान करेगी । 15267 रक्सौल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस अंत्योदय एक्सप्रेस 16.03.2024 से 17.33 बजे चकिया स्टेशन पहुंचेगी एवं 17.35 बजे प्रस्थान करेगी । 15268 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रक्सौल अंत्योदय एक्सप्रेस 20.03.2024 से 04.52 बजे चकिया स्टेशन पहुंचेगी एवं 04.54 बजे प्रस्थान करेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने दी।

## JAPIT

**Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology**
**(An Autonomous body under Department of Information Technology & eGovernance, Govt. of Jharkhand)**
**Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand Phone. 0651 – 2401044 & 2401067 eMail: japit_doit@rediffmail. com**

**NOTICE INVITING TENDER**
**eTender Ref. No.: JAP-IT/HC/VMS-ePass/01/2024**

**1. Invitation of Bids**

On behalf of Dept. of IT & eGov., GoJ, Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology (JAP-IT) invites online bid through eProcurement portal i.e. https://jharkhandtenders. gov.in/nicgep/app from reputed System Integrator (SI) / System Provider (SP) for 'Customization & Maintenance of VMS/ePass application and Installation of IOT Based Boom Barrier Solution along-with other IT Support Infrastructure in course of implementation of Visitor's Management System (VMS) i.e. ePass at Hon'ble High Court & different courts in the State of Jharkhand'.

The invitation of bid is open to all SI/SP who fulfilling the eligibility criteria as mentioned in this Request of Proposal (RFP) document and the bidder must also agree to terms and conditions mentioned under the RFP. Bidders are advised to study the RFP document and Terms & Conditions carefully and completely.

**1.1 Tender Schedule**

| Sl. No. | Item | Description |
|---|---|---|
| 1. | eTender Ref. No. | JAP-IT/HC/VMS-ePass/01/2024 |
| 2. | Name of Work | Request for Proposal for Selection of SI/SP for 'Customization & Maintenance of VMS/ePass application and Installation of IOT Based Boom Barrier Solution along-with other IT Support Infrastructure in course of implementation of Visitor's Management System (VMS) i.e. ePass at Hon'ble High Court & different courts in the State of Jharkhand'. |
| 3. | Tender Fee | INR 10,000.00 (Rs. Ten Thousand only) submitted through on-line mode, as per terms & condition of Jharkhand eProcurement Portal. |
| 4. | Earnest Money Deposit (EMD) | INR 30,00,000.00 (Rs. Thirty Lakh only) submitted through on-line mode, as per terms & condition of Jharkhand eProcurement Portal. |
| 5. | **Availability of Tender Online for bidding** | |
| i. | Bid Downloading Date | From 16.03.2024 |
| ii. | Last date of submission of the Pre-Bid Query | Latest by 02.04.2024 |
| iii. | Pre-Bid Meeting at the office of JAP-IT | On 04.04.2024 at 03:00 pm |
| iv. | Start date and time of Online Bid Submission | From 06.04.2024 at 12:30 pm |
| v. | Last date and time of Online Bid Submission | Latest by 22.04.2024 till 05:30 pm |
| vi. | Technical Bid Opening | On 24.04.2024 by 03:00 pm |
| vii. | Financial Bid Opening | Will be announced accordingly. |

- Declared L1 bidder have to submit a PBG with a value of 10% of the quoted value as per Award of Contract (AoC) / Award of Work (AoW) in favor of the CEO, JAP-IT, Ground Floor, Engineer's Hostel No.1, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi.
- EMD amount will be refunded to L1 bidder through on-line mode in the same bank account through which on-line EMD payment have been made during the tendering process.
- Bids shall be submitted online through eProcurement portal i.e. https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app.
- JAP-IT will not be responsible for delay in online submission due to any reason. For this, bidder is requested to upload the complete bid well advance in time so as to avoid 11th hour technical issues like slow speed; choking of web site due to heavy load or any other unforeseen problems/technical glitch.
- The Authority reserves the right to accept/reject any or all the tender (s) received without assigning any reason thereof.

**Sd/-**
**Chief Executive Officer,**
**JAP-IT, Ranchi**

PR.NO.322834 Information Technology(23-24):D

## उपायुक्त का कार्यालय,हजारीबाग
## (स्थापना शाखा)

**प्रेस विज्ञप्ति**

सरकार के उप सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 804 (3)/रा0 दिनांक 11.03.2024 के आलोक में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, के पत्रांक 908 दिनांक 07. 05.2023 द्वारा विज्ञापन सं0–01/2017 (नियमित रिक्ति) एवं विज्ञापन सं0–02/2017 (बैकलॉग रिक्ति) के द्वारा इंटरमीडियटस्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2017 (नियमित एवं बैकलॉग) में निम्नवर्गीय लिपिक (जिला समाहरणालय) के पद पर नियुक्ति हेतु वैसे अनुशंसित अभ्यर्थियों, जिनका नियुक्ति पद रिक्त नहीं रहने के कारण नियुक्ति नहीं हो सकी है वैसे अनुशंसित अभ्यर्थियों की पूर्व में अनुशंसित जिला गिरिडीह जिन्हें वर्तमान में हजारीबाग जिले के लिए आवंटित किया गया है, कुल– 22 अनुशंसित अभ्याथियों की शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों की जांच नये समाहरणालय, हजारीबाग के तृतीय तल्ला कमरा नम्बर–A-305 में दिनांक 16.03.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से निर्धारित किया गया है।

अतः वर्तमान में हजारीबाग जिला के लिए आवंटित निम्नवर्गीय लिपिक (जिला समाहरणालय) के पद पर नियुक्ति हेतु उक्त सभी अनुशंसित अभ्यर्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे आवेदन के समय संलग्न किये गये शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों की मूल प्रति के साथ सभी प्रमाण पत्रों की दो सेट छायाप्रति (स्व–हस्ताक्षरित) एवं पासपोर्ट साईज 4 फोटोग्राफ के साथ नये समाहरणालय, हजारीबाग के तृतीय तल्ला कमरा नम्बर–A-305 में निर्धारित तिथि को ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

आदेशानुसार
उपायुक्त, हजारीबाग।

PR.NO.322839 District(23-24):D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## MINOR IRRIGATION DIVISION, GUMLA

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**
**Tender Reference No:-WRD/MID/GUM/IFB-01/2023-24, Date-15.03.2024**

**Letter no-434** **Date- 15.03.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction Of Lift Irrigation Scheme At Katkaya, Block-Raidih, Distict-Gumla |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,20,22,800.00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs.) | Rs. 10,000.00 only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 2,40,456.00 only |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publication of Tender on website | Date: 27-03-2024 Time: 5:00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date: 18-04-2024 Time: 5:00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 27-03-2024 Time:- 5:00 PM<br>Last Date:- 18-04-2024 Time:- 5:00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date:- 20-04-2024 Time:- 2:00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division Gumla |
| 12 | Contact No. of Procurement Officer e-mail of Procurement Officer | 0651-2214784 |
| 13 | Help line No. of Procurement Cell | 0651-2214784/Email Id- eemidgum@gmail.com |

Note:-

Work will be awarded to those bidders (specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufactures/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes). Empaneled Indigenous Manufacturers of…10…HP pumps (AC/DC Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.

Only e-Tender will be accepted.

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Gumla**

PR 322909 Minor Irrigation(23-24)#D






### राज्यकर्मियों को होली का तोहफा

# चार फीसदी महंगाई भत्ता बढ़ा, संकल्प जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य के कर्मियों को होली का तोहफा दिया है। अब उनके वेतन में अच्छा खासा इजाफा होगा। मंत्रिपरिषद के फैसले के बाद राज्य कर्मियों का चार प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने का संकल्प जारी कर दिया गया है। केंद्र के अनुरूप झारखंड के दो लाख से अधिका अधिकारी और कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। वहीं, इसका लाभ पेंशनधारी-पारिवारिक पेंशनधारियों को भी मिलेगा। सातवें वेतनमान के अनुरूप बढ़ा डीए का लाभ 1.1.2024 की तिथि से मिलेगा। महंगाई भत्ता 46 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत किया गया है। इस संबंध में वित विभाग ने संकल्प जारी कर दिया है।

## सरकारी सेवकों का आवास किराया भत्ता तय

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य के सरकारी सेवकों को केंद्र के अनुरूप आवास किराया भत्ता, अनुमान्य कर दिया गया है। इसके लिए गाइडलाइन भी तय किया गया है। इसके तहत पति-पत्नी दोनों के सरकारी सेवक होने और एक साथ निजी आवास, किराया के आवास में रहने की स्थिति में आवास किराया भत्ता दोनों को उनकी पात्रता के अनुसार स्वीकार्य होगा। वहीं, वर्गीकृत शहरों एक्स, वाइ श्रेणी के शहरों की सीमा से सटे आठ किमी की परिधि में कार्यरत राज्य के सरकारी सेवकों के लिए भी वर्गीकृत शहरों के लिए अनुमान्य आवास किराया भत्ता दिया जायेगा। वहीं, आवास किराया भत्ता के संबंध में राज्य में




अब जितने भी संकल्प हैं, उसे संशोधित कर दिया गया है। आवास किराया भत्ता नियमावली 1980 संशोधित बाकी प्रावाधान यथावत रखे गये हैं। इसे 12 मार्च को ही राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में निर्णय लिया गया था। इसके आलोक में वित्त सचिव प्रशांत कुमार के हस्ताक्षर से संकल्प जारी कर दिया गया है।

# रंग रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव कल से

### 18 मार्च को निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मेरा श्याम रंगीला पलका उघाडो फागण आ गयो... की भजन माला से संपूर्ण भारतवर्ष के खाटू नरेश के श्याम भक्तगण खाटू धाम सहित रांची में भगवा मस्ती में लीन है। श्री श्याम मित्र मंडल का 52 वां स्थापना दिवस रंग रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव 2024 पांच दिवसीय 17 से 21 मार्च तक हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आयोजित किया जायेगा।

श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि बड़े स्तर पर कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही हैं। प्रतिदिन मंदिर स्थित मंडल के कार्यालय में बैठकें हो रही हैं। महोत्सव के संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू उप संयोजक पंकज गाड़ोदिया और आदित्य लोहिया सभी कार्यकर्ताओं के साथ कार्य वितरण कर रहे हैं।

पंच दिवसीय महोत्सव में 17 मार्च को प्रातः 7.30 बजे से श्री गणेश पूजन, हवन, यज्ञ, ध्वजा स्थापना का धार्मिक अनुष्ठान होगा। तारा देवी कटारुका, राजेश कटारुका और प्रकाश कटारुका अनुष्ठान के यजमानश्री रहेंगे। मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा प्रथम देव श्री गणेश पूजन अनुष्ठान संपन्न करायेंगे। इस दिन मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं को नवीन बागा पहनाकर अनुपम दिव्य श्रृंगार किया जायेगा। सोमवार को मारवाड़ी भवन से भव्य शोभा यात्रा प्रारंभ होगी। शोभायात्रा में 1008 भक्तों द्वारा पवित्र पूजित श्याम बाबा के निशान लेकर भजन कीर्तन करते चलेंगे। 10 हजार पैकेट बुंदिया के प्रसाद मार्ग में वितरित किये जायेंगे। तीन ट्रकों पर संगीत भजन मंडली भजनों से भक्तों को झुमायेगी।

## खाटू धाम से लौटे 108 श्याम भक्तगण

खाटू धाम गये 108 श्याम भक्तों का दल रांची पहुंचा। यात्रा संयोजक सह मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि खाटू मंदिर में श्याम प्रभु को निशान अर्पित कर सभी ने आशीर्वाद लिया। भक्तों का दल सालासर बालाजी और राणी सती मंदिर में भी दर्शन वंदन करने गया। खाटू स्थित मंडल के अतिथिशाला में श्री श्याम दरबार सजाया गया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### एमजीएम ब्लड बैंक ने रक्तदाताओं को किया सम्मानित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर एमजीएम अस्पताल के सभागार में एमजीएम ब्लड बैंक में वर्ष 2022-23 रक्तदान शिविर आयोजित करने वाले समाजसेवी संगठनों के लिए समान समारोह का आयोजन किया गया। एमजीएम अस्पताल के डॉ केएन सिंह, डॉ रवींद्र कुमार, डॉ एनपी चौधरी, डॉ नारायण ओरावन, डॉ वीबीके चौधरी, डॉ नतासा देवगम, डॉ इए सोरेंग, डॉ श्वेता सहाय की उपस्थिति में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एमजीएम ब्लड बैंक से राघव कुमार, प्रभात गुप्ता, संजय कुमार, रोशनी कुमारी, करिश्मा गुप्ता, राजेश बहादुर शामिल थे।

### बरियातू हाउसिंग कॉलोनी में आवास बोर्ड की जमीन पर अवैध कब्जा !

#### लोग एकजुट, प्रशासन से रोक लगाने की मांग



**रांची (आजाद सिपाही)।** बरियातू के यूनिवर्सिटी कॉलोनी में साईं मंदिर के पास संस्कृति विहार कालोनी के मुहाने पर हाउसिंग बोर्ड की खाली पड़ी पांच-छह डिसमिल जमीन पर एक समुदाय विशेष की ओर से अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। कब्जा करने वालों ने चहारदीवारी करने के लिए ईंट सहित अन्य सामग्री भी गिरा दी है। इस अवैध कब्जे के प्रयास का स्थानीय लोगों ने विरोध किया। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने बरियातू थाना में लिखित शिकायत भी की है। साथ ही आवेदन की कॉपी उपायुक्त रांची के अलावा राज्य आवास बोर्ड, रांची नगर निगम और अंचल कार्यालय बड़गाईं को भी दी है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर बरियातू पुलिस की टीम ने शुक्रवार को जमीन पर पहुंच कर मामले की छानबीन भी की। जमीन कब्जा करने वालों को देख स्थानीय लोग गोलबंद हो गये हैं। उनका विरोध भी किया।

### कैरम टूर्नामेंट में सीएमपीडीआइ विजेता



**रांची (आजाद सिपाही)।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड सिंगरौली में आयोजित कोल इंडिया अंतर कंपनी कैरम टूर्नामेंट में सीएमपीडीआइ मुख्यालय के विजेता टीम के सदस्य रहे सुभाशीष बनर्जी, सुनेम आइंद और श्याम सोनार को सम्मानित किया गया। सीएमपीडीआइ के सीटू कार्यालय में गुरुवार को उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर सीएमपीडीआइ मुख्यालय रांची और इसके क्षेत्रीय संस्थान के कर्मी उपस्थित थे।

# सरना समिति का शिष्टमंडल समीर उरांव से मिला



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष बबलू मुंडा के नेतृत्व में समीर उरांव से रांची स्थित आवास में मिला। लोहरदगा लोकसभा के प्रत्याशी बनाये जाने पर सरना अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई दी। बबलू मुंडा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा झारखंड की सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी। पूरे देश के आदिवासियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा है। मौके पर पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव, बबलू मुंडा, जगलाल पाहन, अशोक उरांव, निर्मल पाहन, बलकू उरांव, शिवधन मुंडा, विश्वास उरांव, पुनीत कुजूर, डब्ल्यू उरांव, भुन्नू उरांव आदि उपस्थित थे।

## रक्षा शक्ति विवि में गड़बड़झाला: धर्मेंद्र



**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि आंतरिक सुरक्षा की विशिष्ट पढ़ाई के लिए स्थापित रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। प्रथम कुलपति और पहले कुलसचिव के हटने के बाद से इसकी स्थिति दयनीय हो गयी है। नाम मात्र की पढ़ाई होती है। विद्यार्थी कैंपस की जगह शहर में घूमते नजर आते हैं। परीक्षा औपचारिक मात्र रह गयी है। इस दुर्दशा का कारण प्रशासनिक व्यवस्था है। अभी वर्तमान कुलसचिव कर्नल राजेश कुमार जांच के घेरे में हैं। पता चला है कि प्रधानमंत्री कार्यालय में उनके विरुद्ध शिकायत दर्ज की गयी है। श्री तिवारी ने कहा कि कर्नल राजेश कुमार को रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय में सैन्य परंपरा के अलावे न्याय विज्ञान पढ़ने के लिए सेवा में प्रतिनियुक्ति पर लिया गया था, लेकिन वह सिर्फ अपनी नौकरी के लिए जोड़-तोड़ करते रहे, क्योंकि सेवा में कर्नल पद के बाद उनकी छंटनी होनी थी। निहित स्वार्थ के कारण विश्वविद्यालय और विद्यार्थियों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। इस पर विद्यार्थियों के हित में जांच जरूरी है।

## प्रमंडलीय आयुक्त को कुलपति का अतिरिक्त प्रभार

**पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने शुक्रवार को नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति का अतिरिक्त प्रभार संभाला। उन्हें राज्यपाल-सह-कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन के आदेश के तहत कुलपति का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस संबंध में विश्वाविद्यालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गयी।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में संस्थान के प्रशिक्षु शिक्षक विजेता घोषित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के प्रशिक्षु शिक्षकों ने पटेल बीएड कॉलेज में आयोजित खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आयोजित खेल प्रतियोगिता में वॉलीबॉल में प्रशिक्षु शिक्षकों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता घोषित हुए। खिलाड़ी के रूप में हर्ष, राकेश, गोविंद, जीतेंद्र, सुमित, फूलजेम्स, रोशन आदि ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। उप निदेशिका डॉ अदिति ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। मौके पर दोनों संस्थान के खेल शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# शक्तिमान फेम मुकेश खन्ना पहुंचे रांची



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शक्तिमान फेम सह फिल्म अभिनेता मुकेश खन्ना शुक्रवार को रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया गया। मुकेश खन्ना को शक्तिमान, महाभारत में भीष्म पितामह जैसे किरदारों अलग पहचान दिलायी। एयरपोर्ट पर उन्होंने कहा कि झारखंड में फिल्म निर्माण और उसके लिए संभावित लोकेशन की तलाश में आये हैं। शनिवार को योगदा सत्संग आश्रम का भ्रमण करेंगे और बाद में रांची के विभिन्न लोकेशन देखेंगे। मुंबई से उनके साथ झारखंड के उद्योगपति सह अभिनेता अखिलेश पांडेय भी थे। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत परंपरिक तरीके से उदय साहू, मधु अग्रवाल, मनोज साहू, शिवेंद्र दुबे, मिथिलेश साहू, शैलेन्द्र कुमार ने किया।

## आठ आइपीएस को मिला अतिरिक्त प्रभार

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के आठ आइपीएस को अपने कार्य के अलावा अतिरिक्त पद का प्रभार दिया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना झारखंड पुलिस मुख्यालय ने जारी कर दी है। एसआइएसएफ बोकारो कमांडेंट मुकेश कुमार को जैप 4 का अतिरिक्त प्रभार, देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को जैप 5 का अतिरिक्त प्रभार, जैप 2 कमांडेंट सरोजनी लकड़ा को जैप 10 का अतिरिक्त प्रभार, चतरा एसपी विकास पांडेय को आइआरबी 3 का अतिरिक्त प्रभार, गुमला एसपी शंभू सिंह को आइआरबी 5 का अतिरिक्त प्रभार, गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा को आइआरबी 9 का अतिरिक्त प्रभार, दुमका एसपी पीतांबर खेरवार को आइआरबी 1 का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# टीसीएस में डीएसपीएमयू के 11 विद्यार्थियों का हुआ चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के 2024 सत्र के विभिन्न विभागों से 11 छात्रों का चयन टीसीएस कंपनी के लिए किया गया है। यह चयन विश्वविद्यालय में उक्त कंपनी द्वारा आयोजित 25 फरवरी 2024 को टीसीएस बीपीएस कैंपस ड्राइव के तहत किया गया। ये 11 विद्यार्थी विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से चयनित किये गये हैं। इनमें पांच विद्यार्थी बीकॉम और छह विद्यार्थी बीबीए से हैं। टीसीएस कंपनी की ओर से मिली जानकारी के अनुसार इन सफल प्रतिभागियों की कार्याविधि बैंक ऑफिस ऑपरेशंस के तहत होगी। इस प्रक्रिया के दौरान उन्हें कंपनी एचआर द्वारा आंतरिक जांच प्रक्रिया और दस्तावेजीकरण प्रक्रिया के बाद




एक प्रस्ताव पत्र मिलेगा। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव नमिता सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कुलपति ने कहा कि यह तो एक शुरुआत है। गत कुछ महीनों में लगातार यहां के विद्यार्थियों का चयन विभिन्न प्रोफेशनल कंपनियों के लिए किया जाता रहा है और आशा है कि आनेवाले दिनों में प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों के साथ पारंपरिक पाठ्यक्रम के लिए भी विभिन्न कंपनियां विश्वविद्यालय में कैंपस ड्राइव के लिए आमंत्रित की जायेंगी।



## Affidavit

**Executive Magistrate, Ramgarh**

As per Affidavit No.:- 1561 Date-12.03.2024,1. Pratima Kumari, W/o Nand Kishor Mahto, aged about 28 yrs., by faith Hindu, by profession Housewife, by Nationality Indian, R/o At- Marangmarcha, P.O.- Sandi, P.S.- Rajrappa, Dist- Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly declare as under:-

**1.** That my actual and correct name is Pratima Kumari which has been mentioned in my UID card vide No. 2561 2454 1096, but due to mistake my name is Pratima Devi has been mentioned in my daughter's namely Prachi Kumari Saving Bank passbook bearing A/c No. 3984615819.

**2.** That Pratima Kumari and Pratima Devi both name are same and one lady i.e. myself.

**3.** That this affidavit is required for authority concerned.

## शपथ पत्र



शपथ पत्र संख्याः 9293 दिनांकः 15.03. 2024 के अनुसार मैं शानिण्डीली कुमारी उम्र 18 वर्ष पिता सरयू सिंह ग्राम-पिण्डराही पोस्ट- नौडीहा खजूरी जिला पलामू राज्य झारखंड के स्थायी निवासी हूँ यह कि मेरा वास्तविक नाम शानिण्डीली कुमारी हैं जो मेरे शैक्षणिक अंक पत्र मैट्रीक प्रमाण पत्र पर अंकित है परंतु मेरे आधार कार्ड संख्या 313351336779 में मेरा नाम बिन्दु कुमारी एवं जन्म तिथि 2003 दर्ज हो गया है मेरी वास्तविक जन्म तिथि 22.02.2006 हैं यह कि मैं अपने मैट्रीक के अंक पत्र के अधार पर आधार कार्ड में अपना नाम एवं जन्म तिथि सुधार करने हेतु शपथ कर रही हूँ

शपथ पत्र संख्याः9293
दिनांक :15.03.2024



# इडी ईमानदारी से काम करे तो कई भाजपा नेता जायेंगे जेल : झामुमो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन मामले पर केंद्र सरकार के खिलाफ झामुमो का उपवास 30वें दिन भी जारी रहा। रांची के मोरहाबादी मैदान के पास बापू वाटिका के समक्ष आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व शुक्रवार को झामुमो बोकारो जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी ने किया। इसमें गिरिडीह और रांची जिला के नेता-कार्यकर्ता शामिल हुए। हीरालाल मांझी ने कहा कि न्याय यात्रा निकाल कर हमारे कार्यकर्ता लोगों को जागरूक कर रहे हैं कि किस तरह केंद्र की भाजपा सरकार केंद्रीय एजेंसियों द्वारा हमारे नेता हेमंत सोरेन को प्रताड़ित किया है। लोगों में केंद्र सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। केंद्र सरकार भ्रष्टाचार की बात



करती है। इनके जितने भी नेता हैं अगर जांच सही रूप से हो तो भाजपा के बहुत से नेता जेल के अंदर होंगे। कार्यक्रम में संतोष रजवार, नंदकिशोर मेहता, मंटू यादव, जयनारायण महतो, रामशरण तिर्की, अंतु तिर्की, कलाम आजाद, बीरु साहू, अश्विनी शर्मा, बीरु तिर्की, मुन्ना बड़ाइक, डॉ हेमलाल मेहता, अशोक मुर्मू, जिला उपाध्यक्ष घुनू हंसदा, लालजी रमण, विक्रम सिंह, तालकेश्वर महतो, अरविंद सिंह देवल,संजय राय,महादेव मुंडा, जीत गुप्ता, मोहन मुर्मू, विजय रजवार, मुटुक लाल किस्कू, फैयाज अंसारी, मनोहर मुर्मू, बनवीर मिश्रा सहित कई उपस्थित थे।

# पुलिस एसोसिएशन अविनाश कुमार से मिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन का शिष्टमंडल शुक्रवार को मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार से मुलाकात की। मुलाकात के क्रम में झारखंड पुलिस एसोसिएशन के लंबित भत्ता देने पर चर्चा हुई। मुलाकात के क्रम में झारखंड पुलिस एसोसिएशन के वरीय उपाध्यक्ष अखिलेश्वर पांडेय,



संयुक्त सचिव रंजन कुमार, विशेष आमंत्रित सदस्य श्रीकांत शर्मा, विशेष आमंत्रित सदस्य नरेंद्र कुमार उपस्थित थे।

## रांची एसीबी में ब्लड डोनेशन कैंप, डीजी, डीआइजी ने रक्तदान किया

**रांची।** एसीबी मुख्यालय रांची में शुक्रवार को ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। यह आयोजन सदर अस्पताल रांची के तत्वावधान में थैलेसीमिया और एनीमिया से ग्रसित लोगों की मदद के लिए किया गया। इसमें एसीबी डीजी अनुराग गुप्ता, डीआइजी शैलेंद्र प्रसाद वर्णवाल, एसपी अंजनी कुमार झा समेत 26 पदाधिकारियों और पुलिसकर्मियों स्वैच्छिक रक्तदान किया।






**DR. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY**
**Ranchi, Jharkhand.**

**NOTICE INVITING TENDER**

Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi-834008, Jharkhand invites tenders under two bid system (Part-I: Technical Bid and Part II: Financial Bid), from experienced and reputed contractor/firms/agencies/companies only for **"Renovation Works in Jacob Hall at Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi, Jharkhand"**.

| S.No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Publication of Tender Document in University Website | 15.03.2024 at 04:00 PM |
| 2. | Last Date & Time for Submission of Tender Documents | 03.04.2024 till 01:00 PM |

The detailed information about the tender document can be obtained from the office of the Section–Officer (General) or from the University Website: - www.dspmuranchi.ac.in.

Memo: DSPMU/G/183/24
Dated: 15.03.2024

Sd/- Registrar
DSPMU, Ranchi

## हम साथ-साथ हैं

चिराग पासवान की लोकजनशक्ति पार्टी (एलजेपी) के साथ सीट बंटवारे पर बनी बीजेपी की सहमति की खबर बिहार के संवेदनशील चुनावी राजनीतिक समीकरणों के लिहाज से बेहद अहम है। हालांकि इसकी औपचारिक घोषणा अभी नहीं हुई है, लेकिन चिराग पासवान ने अपने स्तर पर इसकी पुष्टि कर दी है। इसलिए इसे महज अटकलबाजी कहकर टाला नहीं जा सकता। अगर समझौते से जुड़े डीटेल्स सही हैं तो यह सबसे पहले चिराग पासवान की निजी जीत है। उनके इस दावे पर एक तरह की मुहर है कि पिता रामविलास पासवान के असली राजनीतिक वारिस वही हैं। यह अहम इसलिए है कि तीन साल पहले 2021 में जब चिराग के चाचा पशुपति पारस ने बगावत का झंडा बुलंद करते हुए पार्टी को दोफाड़ कर दिया था, तब बीजेपी ने भी उन्हीं को मान्यता दी थी। तब चिराग का दावा था कि सांसद और विधायक चाहे जहां चले जायें, पार्टी उनके पास है क्योंकि लोग उनके साथ हैं। बिहार में एनडीए के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे का सवाल अभी सुलझा नहीं है। बीजेपी ने सबसे पहले चिराग पासवान के साथ सहमति बनाकर इस मामले को विराम देने की जरूरत महसूस की तो उसकी वजह यह थी कि विरोधी महगठबंधन की ओर से भी उन पर डोरे डाले जा रहे थे। खुद चिराग ने यह कहकर इसका संकेत दे दिया था कि सभी पक्ष उन्हें अपने साथ रखना चाहते हैं, लेकिन उनकी नीति बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट की है। साफ था कि उन्होंने दोनों विकल्प खुले रखे थे। इस मामले का सबसे अहम पहलू है मुख्यमंत्री और जेडीयू नेता नीतीश कुमार के साथ चिराग पासवान का छत्तीस का आंकड़ा। 2019 लोकसभा चुनाव में एनडीए का हिस्सा थी एलजेपी। उसे तब छह सीटें मिली थीं और सभी पर उसके प्रत्याशी जीते थे। इसके बावजूद 2020 विधानसभा चुनावों में नीतीश कुमार को कथित तौर पर ज्यादा तवज्जो दिये जाने के विरोध में चिराग पासवान एनडीए से अलग हो गये थे। जेडीयू के खिलाफ उन्होंने कई जगह प्रत्याशी खड़े किये। नतीजतन जेडीयू की सीट संख्या (45) अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गयी। ऐसे में यह सवाल अहम हो जाता है कि नीतीश कुमार और पशुपति पारस समेत बिहार में एनडीए के अन्य धड़े इस सहमति पर किस तरह की प्रतिक्रिया देते हैं। पारस का धड़ा राज्यपाल और मंत्री पदों की कथित पेशकश पर संतुष्ट हो जाता है या चुनाव लड़ने की जिद पर कायम रहता है, यह देखना होगा। जहां तक जेडीयू की बात है तो बीजेपी और चिराग पासवान के बीच बनी सहमति को उनके आपसी मामले की तरह पेश किया जा सकता है। यानी चिराग को दी जाने वाली सीटें बीजेपी के कोटे की मान कर मामले को तूल देने से बचा जा सकता है। मगर इतना तो तय है कि बिहार में बीजेपी को शानदार संतुलन दिखाना पड़ेगा।

**बीजेपी ने सबसे पहले चिराग पासवान के साथ सहमति बनाकर इस मामले को विराम देने की जरूरत महसूस की तो उसकी वजह यह थी कि विरोधी महगठबंधन की ओर से भी उन पर डोरे डाले जा रहे थे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है, जिसमें 66 प्रतिशत लोग 35 साल से कम उम्र के हैं। भारत के युवाओं की देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी, क्योंकि इनका लक्ष्य 2047 तक एक विकसित भारत बनना है। कोई आश्चर्य नहीं, दूरदर्शी प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं को विकसित भारत का आधार बनाने वाले 4 महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक के रूप में मान्यता दी है। शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता और उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रधानमंत्री ने युवाओं के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करने, उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने और उनके लिए अनगिनत अवसर उत्पन्न करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।**

# विकसित भारत में युवा सशक्तिकरण और इसकी भूमिका

सतनाम सिंह संधू

युवा किसी भी राष्ट्र की प्रगति, विकास, समृद्धि तथा गतिशीलता की नींव होते हैं। कुछ नया सीखने की ललक, कार्य करने की क्षमता तथा नयी उपलब्धियां हासिल करने की ऊर्जा युवाओं को एक जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है, जिसमें 66 प्रतिशत लोग 35 साल से कम उम्र के हैं। भारत के युवाओं की देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी, क्योंकि इनका लक्ष्य 2047 तक एक विकसित भारत बनना है।

कोई आश्चर्य नहीं, दूरदर्शी प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं को विकसित भारत का आधार बनाने वाले 4 महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक के रूप में मान्यता दी है। शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता और उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रधानमंत्री ने युवाओं के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करने, उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने और उनके लिए अनगिनत अवसर उत्पन्न करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।



**2014 तक, एक वर्ष में औसतन 14 हजार कंपनियां पंजीकृत होती थीं, 2023 में यह संख्या बढ़ कर 1,96,028 हो गयी है, जो अनुकूल माहौल और मेक इन इंडिया जैसी पहल के साथ पीएम मोदी द्वारा प्रदान किए गए उचित संरक्षण के कारण एक मजबूत वृद्धि को दर्शाता है।**

### शिक्षा और कौशल विकास

भारत में शिक्षा और कौशल में अद्वितीय विकास हुआ है। देश में प्रमुख उच्च शिक्षा संस्थानों में सीटों की संख्या में बढ़ोतरी की गयी है। आइआइटी की संख्या 2014 में 16 से बढ़ कर 2022 में 23 हो गयी। इस के साथ ही देश में आइआइएम 13 से बढ़ कर 20 तथा आइआइआइटी की संख्या 9 से बढ़ कर 25 हो गई है। वर्तमान में 107,948 एमबीबीएस सीटें उपलब्ध हैं, जो 2013-14 में 51,000 से अधिक हैं।

**भारत में शिक्षा और कौशल में अद्वितीय विकास हुआ है। देश में प्रमुख उच्च शिक्षा संस्थानों में सीटों की संख्या में बढ़ोतरी की गयी है।**

स्नातकोत्तर सीटों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है, जो 2014 में 31,185 से बढ़कर वर्तमान में 67,802 हो गयी है। उच्च शिक्षा नामांकन 2014-15 में 3.42 करोड़ (26.5 प्रतिशत) से बढ़ कर 2021-22 में 4.33 करोड़ (26.5 प्रतिशत) हो गया, जो लगभग 11 लाख छात्रों की वृद्धि दर्शाता है। साल 2014 तक देश में 7 एम्स और 390 से भी कम मैडीकल कॉलेज थे, जबकि, प्रधानमंत्री मोदी सरकार ने 2014 से 2022 तक 16 एम्स, 315 मेडिकल कॉलेज और 157 नर्सिंग कॉलेज स्थापित किये हैं। यही नहीं साल 2023 तक विश्वविद्यालयों की संख्या 1168, कॉलेजों की संख्या 45,473 और स्टैंड अलोन संस्थानों की संख्या 12,002 तक पहुंच गयी है। तीन भारतीय संस्थानों को 1 यूएस वर्ल्ड यूनिर्वसिटी रैंकिंग के शीर्ष 200 में स्थान मिला है, और रिकॉर्ड 71 भारतीय विश्वविद्यालय द वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में शामिल हुए हैं।

भारत के युवाओं की आधुनिक शिक्षा और कौशल विकास को प्रोत्साहित करने के लिए पीएम मोदी सरकार नयी शिक्षा नीति (एनइपी 2020) लेकर आयी। युवाओं को कौशल से जोड़ने के लिए पीएम विश्व कर्मा योजना और पीएम कौशल विकास योजना जैसी कई योजनाओं के साथ एक आधुनिक कौशल विकास तंत्र भी तैयार किया जा रहा है। स्कूली छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए मोदी सरकार 14,000 से अधिक पीएम श्री विद्यालयों पर काम कर रही है। इनमें से 6000 से अधिक स्कूलों ने काम करना शुरू कर दिया है।

### रोजगार एवं उद्यमिता

पिछले दशक में, पीएम मोदी सरकार ने पिछली सरकार की तुलना में लगभग 1.5 गुना अधिक सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। इसके अलावा, 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल के दौरान आइटी, विनिर्माण, व्यापार और परिवहन सहित नौ संगठित क्षेत्रों में 1.5 करोड़ से अधिक नौकरियां उत्पन्न हुई हैं। रोजगार सृजन के अलावा, पीएम मोदी सरकार ने स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया जैसी पहल के साथ उद्यमिता निर्माण के लिए अनेक प्रयास किये हैं, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के लाखों अवसर पैदा हुए हैं। आज, भारत में हर घंटे चार स्टार्टअप जुड़ रहे हैं, जो विश्व स्तर पर उच्चतम दर है। भारत में साल 2014 में केवल 350 स्टार्टअप थे, जबकि आज, भारत लगभग 1.25 लाख स्टार्टअप के साथ दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप ईकोसिस्टम है।

### यूनिकॉर्न से डेकाकॉर्न तक

यूनिकॉर्न देश के उद्यमशीलता परिदृश्य में योगदान दे रहे हैं। भारत अब वैश्विक स्तर पर 10 यूनिकॉर्न में से 1 का घर है, अब तक 111 यूनिकॉर्न हैं और 355 होनहार यूनिकॉर्न जल्द ही इस रैंक में शामिल होने के लिए तैयार हैं। मोदी सरकार का अंतरिम बजट अनुसंधान और नवाचार के लिए 1 लाख करोड़ रुपए के फंड के निर्माण और स्टार्टअप के लिए कर छूट के विस्तार के साथ भारत की युवा आकांक्षाओं को दर्शाता है, ताकि वे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करते रहें। 2014 तक, एक वर्ष में औसतन 14 हजार कंपनियां पंजीकृत होती थीं, 2023 में यह संख्या बढ़ कर 1,96,028 हो गयी है, जो अनुकूल माहौल और मेक इन इंडिया जैसी पहल के साथ पीएम मोदी द्वारा प्रदान किये गये उचित संरक्षण के कारण एक मजबूत वृद्धि को दर्शाता है।

### विनियमन में सुधार

विश्व बैंक की डूइंग बिजनेस रिपोर्ट 2020 में भारत 63वें स्थान पर है, जो 2015 में 142वें स्थान से 79 रैंक की जबरदस्त वृद्धि हासिल की है। 2016 के बाद से मोदी सरकार ने ब्रिटिश काल के 20000 से अधिक केंद्रीय कानूनों और 40,000 से अधिक अनुपालनों को समाप्त कर दिया है। व्यापार करने में आसानी में सुधार, पूंजी जुटाने की सुविधा और अनुपालन बोझ को कम करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए लक्षित व्यापक प्रयासों के कुछ उदाहरण आसान निकास के लिए फास्ट-ट्रैक तंत्र और ऐसे कार्यक्रम हैं जो भारतीय कंपनियों को वैश्विक खिलाड़ियों से जोड़ते हैं।

### खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन

देश के युवाओं को कौशल और रोजगार से जोड़ने के लिए खेल अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हुए पीएम मोदी सरकार ने खेल और खिलाड़ियों को अभूतपूर्व समर्थन दिया है। युवा मामले और खेल मंत्रालय का बजट 2014-15 और 2023-24 के बीच 107 प्रतिशत बढ़कर 1643 करोड़ रुपये से 3397.32 करोड़ रुपये हो गया।

**(लेखक : राज्य सभा के सांसद हैं।)**

# जमशेदपुर की खबरें

### बैजनाथडीह के बाहा पर्व में शामिल हुए विधायक

## सौहार्द्र और प्रकृति के संबंध को मजबूत करता है बाहा पर्व: मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा के लुआबासा पंचायत अंतर्गत बैजनाथडीह गांव में प्रकृति उपासना के त्योहार बाहा पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान विधायक मंगल कालिंदी शामिल होकर जाहेरस्थान में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए कामना की। विधायक ने कहा बाहा फूलों का पर्व है। पर्व में आदिवासी समुदाय के लोग विधिवत पूजा अर्चना करते हैं। महिला- पुरूष के साथ साथ बच्चे भी परंपरागत कपड़े पहनकर मांदर के थाप पर खूब झूमते है। उन्होंने कहा बाहा पर्व में समृद्धि, सौहार्द और प्राकृतिक संबंधों को मजबूत करता है। होली के पूर्व जाहेरस्थान में आदिवासी समुदाय के लोग हर साल काफी धूमधाम से बाहा पर्व मनाते हैं। इस दौरान नायके हरि मुर्मू, ग्राम प्रधान गोपीनाथ मुर्मू, लालचंद सोरेन, बुद्धेश्वर कर्मकार, सुपाई मुर्मू सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।



## दंपति ने एसपी से लगायी गुहार



आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला के आरआईटी थाना अंतर्गत हरिजन बस्ती के रहने वाले दंपति ने चोरी के मामले में आरोप लगने पर एसपी मनीष टोप्पो से न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन कुछ घरों में जुठे बर्तन धोने और साफ सफाई का कार्य करती है, लेकिन उन घरों से कभी मुझ पर इस तरह के आरोप नहीं लगी, लेकिन अचानक इस तरह से गंभीर आरोप लगने के बाद आरआइटी थाना प्रभारी द्वारा घर में आकर मेरे साथ बदसूलीकी की गयी। वहीं जबरन मुझे गाड़ी में बैठा कर थाने ले जाने की कोशिश भी की गयी। उन्होंने कहा मालकिन से कुछ पैसे बढ़ाने की बात उठी थी, जिसमें कहा गया था आपके पास बहुत ज्यादा काम है थोड़ा पेमेंट बढ़नी चाहिए। इस बात पर मालकिन को गलत लगी। जब मैं काम करके घर आई तो थानेदार द्वारा जबरन झूठे आरोप पर स्वीकार करने की बातें कही गयी। उन्होंने बताया चोरी स्टोर में हुई है और मैं घर में साफ सफाई का कार्य करती हूं। मेरे पति मनदीप मुखी नगर निगम में सफाई कर्मी का कार्य करते हैं, जिसकी तबीयत बिगड़ी हुई है। वही आरआईटी प्रभारी विनय कुमार ने बताया रेलवे कर्मी द्वारा चोरी के आरोप लगाया गया है। पूछताछ के लिए उस जगह गया था। सिर्फ जांच की प्रक्रिया की गई थी। जांच में दोषी नहीं पाये जाते हैं तो उनके ऊपर कोई कारवाई नहीं की जाएगी। फिलहाल चोरी कहां से हुई किस जगह हुई उन सभी बिंदुओं पर पुलिस जांच कर रही हैं।

## छवि रंजन की जमानत पर सुनवाई 12 अप्रैल को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में बरियातू की चेशायर होम रोड जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की ओर से दायर जमानत याचिका की आंशिक सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से बहस की गई। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 12 अप्रैल निर्धारित की है। चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन गड़बड़ी मामले में इडी ने इसीआइआर 5-2023 दर्ज किया है। मामले में छवि रंजन, प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ इडी ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है। इडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाईं के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल 2023 को छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर और अन्य कागजात इडी को मिले थे। इसके बाद 14 अप्रैल 2023 को इडी ने सात आरोपितों को गिरफ्तार किया था।

## बर्मामाइंस देव भवन में ब्राह्मण नारी शक्ति ने मनाया फगुआ



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बमार्माइंस स्थित देव भवन में श्री परशुराम जन्मोत्सव समिति के नेतृत में ब्राह्मण नारी शक्ति ने फगुआ कार्यक्रम का आयोजन किया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान विमेंस कालेज की प्राचार्या त्रिपुरा झा,पुलिस उपाधीक्षक अरुणा मिश्रा,पुलिस निरीक्षक तरुणा मिश्रा सहित अन्य अतिथि के तौर पर मौजूद रही। त्रिपुरा झा ने ब्रह्मणतव के साथ साथ नारी शक्ति पर जोर देते हुए नारी संस्कार और नारी सभ्यता का बोध कराते हुए ब्राह्मण महिलाओ को संगठित होने के लिए अपील की। साथ ही एक दूसरे से मेल मिलाप कर ब्राह्मण समाज के प्रगति व उन्नति में सहयोग करने का आग्रह किया। वही पुलिस उपाधीक्षक अरुणा मिश्रा ने कहा महिलाओ को आत्म निर्भर बनाने हेतु आगे आना होगा। महिलाएं समाज में एक मिशाल पेश करे ताकि आने वाली पीढ़ी पुरुषो के समक्ष महिलाए भी सहयोगी के रूप में कार्य कर सके।कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मौके पर महिलाओ ने फगुआ गायन कर फगुआ कार्यक्रम का आनंद उठाया। सभी नारी शक्तियों ने अपने अपने क्षेत्र में महिलाओ को संगठित करने का कार्य के लिए संकल्प लिया। सभी ने आगामी परशुराम जन्मोत्सव बड़े धूम धाम से मनाने का निर्णय ली गई। इस अवसर पर अदिति मिश्रा रचनाकार के रूप में सम्मानित हुई। वही श्रुति तिवारी को डाक्टर बनने पर ब्राह्मण महिला शक्ति के रूप ने सम्मानित किया गया। मौके पर ब्यूटी तिवारी,त्रिपुरा झा, अरुणा मिश्रा, तरुणा मिश्रा, शालिनी पांडेय, किरण ठाकुर, मीरा तिवारी, रीमा दुबे, रजनी मिश्रा, विनिता मिश्रा, नीलम चौबे, प्रतिभा पांडेय, श्वेता तिवारी, सुनैना देवी,माला त्रिपाठी, रेणु तिवारी, विभा दिवेदी, बिना पांडेय, अलका ओझा, स्वीटी मिश्रा, ज्ञानवी देवी, संगीता मिश्रा समेत अन्य मौजूद रही।

## पान गुरु स्व० मुकुंद राम तांती की 122वीं जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** नगर-निगम वार्ड 20 में पान गुरु स्व० मुकुंद राम तांती की 122वां जयंती मनायी गयी। शुक्रवार को बाबू तांती के नेतृत्व में आयोजित जयंती समारोह में विभिन्न राजनीतिक दल और समाजसेवी शामिल हुए। टीएमसी नेता बाबू तांती ने कहा स्व० मुकुंद राम अपने कार्यकाल में समाज के दबे कुचले लोगों के हक और अधिकार के लिए आवाज बुलंद करने का काम किये थे। उन्होंने आजाद भारत के प्रथम बहरागोड़ा विधानसभा से विधायक भी रह चुके थे। वे झारखंड पार्टी के नेता व टिस्को जोड़ा माइंस मजदूर यूनियन के अध्यक्ष भी रहे। इतना ही नहीं झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में भी उनकी सहभागिता अहम रही। पान गुरु मुकुंद राम तांती कभी भी जात-पात भेद-भाव और धर्म की राजनीतिक नहीं की। वे हमेशा समाज हित में रहकर कार्य करते रहे। इस अवसर पर टीएमसी युवा जिला अध्यक्ष विशेष कुमार उर्फ बाबु तांती, जिला अध्यक्ष उत्तम पात्रों, समाज सेवी कौशलेन्द्र कुमार, हरिनंदन पहान, रामु मुंडा, सरोज साहु, मुबारक मोमीन, रामु सिह, किशन सोनकर, सरोज साह, सुधिर पान, सुरज तांती, चंद्रशेखर दास, किरीशा भंज, अरुण पात्रो, अनिल तांती, संजीव महतो सहित अन्य उपस्थित रहे।



## लूट और डकैती की घटना को अंजाम देनेवाले चार अपराधी को पुलिस ने दबोचा

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची, लातेहार, चतरा और हजारीबाग में लूट और डकैती की घटना को अंजाम देनेवाले गिरोह का खुलासा करते हुए रांची पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस ड्रेस में एयर गन दिखा कर लूट और डकैती की घटना को अंजाम देते थे। गुप्त सूचना पर मैक्लुस्कीगंज-बालूमाथ रोड स्थित हैसालौंग में वाहन चेकिंग के क्रम में चारों अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में लातेहार जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के लातु निवासी भीम कुमार रवि, भुरे निवासी राकेश साव, चंदवा थाना क्षेत्र के ढोटी निवासी राहुल लोहरा और छोटू लोहरा के नाम शामिल हैं। आरोपियों की निशानदेही पर एक एयर गन, लूटा हुआ दो ट्रैक्टर और एक बाइक, घटना में प्रयुक्त एक बाइक, दो सेट कैमोफ्लाइज वर्दी सहित अन्य सामान पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि विगत दिनों मैक्लुस्कीगंज-खलारी थाना क्षेत्रों में पुलिस की वर्दी में कुछ अपराधी लूट की घटना को अंजाम दे रहे थे। इसको लेकर खलारी डीएसपी के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस की टीम को गुप्त सूचना मिली कि लूट की घटना को अंजाम देनेवाले अपराधी बाइक से बालूमाथ की ओर से आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस की टीम ने मैक्लुस्कीगंज-बालूमाथ रोड स्थित हैसालौंग गांव में वाहन चेकिंग प्रारंभ किया। इस क्रम में बाइक सवार तीन लोग आते दिखायी दिये। मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया, तो आरोपी भागने लगे। भागने के दौरान भीम कुमार रवि, राहुल लोहरा और छोटू लोहरा को पकड़ा गया। पकड़ाये अपराधियों की तलाशी लेने पर बैग में रखी दो सेट कैमोफ्लाइज वर्दी, मोबाइल, एयरगन बरामद किया गया। पुलिस को पूछताछ में आरोपी ने बताया कि इनका एक गिरोह है, जो रांची, लातेहार, हजारीबाग और चतरा जिला के विभिन्न क्षेत्रों में लूट-डकैती की घटना को अंजाम देता है। गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर इस गिरोह से जुड़े एक अन्य अपराधी राकेश साव को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अपराधकर्मियों की निशानदेही पर विभिन्न स्थानों से लूटे गये दो ट्रैक्टर, एक मोटरसाइकिल, तीन अन्य मोबाइल फोन भी बरामद किये गये। गिरफ्तार अपराधियों पर रामगढ़, लातेहार, रांची, चतरा के विभिन्न थाना में सात मामले दर्ज हैं।

### घटना के दूसरे दिन माहौल गमगीन, जांच में जुटी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर की जांच

# हत्या का विरोध, बेड़ो की दुकानें-सब्जी मंडी बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रसिद्ध सब्जी मंडी में शंकर कच्छप नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दिए जाने के विरोध में शुक्रवार को दुकानें व सब्जी मंडी स्वतः बंद रहे। हत्या की घटना से मर्माहत बेड़ो के ग्रामीणों व दुकानदारों ने पुलिस व प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई हैं। वहीं, गुरुवार की रात एसडीएम उत्कर्ष कुमार व ग्रामीण एसपी पीयूष पांडेय सहित अन्य अधिकारियों ने मामले की जांच कर 48 घंटे में मामले का उद्भेदन करने का आश्वासन दिया है। जिसे लेकर इस दिन पुलिस ने सब्जी मंडी व घटना स्थल का मुआयना किया। बेड़ो थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मामले के उद्भेदन को लेकर सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। बाजार किनारे लगे दुकानदारों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। इधर, पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव बाजार टांड़ स्थित मसना में सरना रीति रिवाज के साथ मिट्टी दी गई। घटना को लेकर भाजपा के लोहरदगा सांसद प्रत्याशी समीर उरांव, पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव, गंगोत्री कुजूर, सन्नी टोप्पो, रामनारायण भगत, राकेश भगत, धनंजय कुमार राय, जुगेश उरांव, जगरनाथ भगत, चंद्रदेव उरांव सहित विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने घटना की तीखी आलोचना करते हुए प्रशासन से अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है। गौरतलब हो कि साप्ताहिक गुरुवार बाजार में शाम 6.30 बजे सब्जी मंडी के शेड के सामने दो बाइक पर सवार होकर पहुंचे चार अपराधियों ने शंकर कच्छप की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना जानकारी मिलते ही एसडीएम व ग्रामीण एसपी ने बेड़ो पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। दूसरी ओर, शुक्रवार की सुबह से ही मातम के बीच यहां की दुकानें स्वतः स्फूर्त बंद रही। ग्रामीण, दुकानदारों व युवकों ने घटना पर नाराजगी जताते हुए हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की। वहीं, प्रशासन से दुकानदारों बाजार व सब्जी मंडी को सुरक्षा का माहौल देने के लिए गश्त बढ़ाने का आश्वासन मिला।


वारदात के बाद घटनास्थल की जांच करते पुलिस के अधिकारी।


बंद दुकान-बाजार, परसा हुआ सन्नाटा।

### सड़कों पर नहीं है स्ट्रीट लाइट

सब्जी मंडी व सोमवार, गुरुवार व शनिवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार सहित प्रखंड मुख्यालय के चौक चौराहों पर स्ट्रीट लाइटें नहीं हैं। जिस कारण सड़कों पर अंधेरा रहता है। ऐसे में अंधेरे की आड़ में अपराधी दुकानों व घरों में चोरी, लूट, छेड़छाड़ व नशा जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। जबकि क्षेत्र की पुलिस व हाईवे पेट्रोलिंग जो रोजाना क्षेत्र में गश्त करते है उन्हें भी लाइट की जरूरत पड़ती है। इसके बावजूद समस्या के समाधान के लिए कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## मृतक के स्वजनों से मिल कर पूर्व विधायक ने बंधाया ढांढस



**मांडर की पूर्व विधायक सह लोहरदगा लोकसभा की संयोजक गंगोत्री कुजूर शुक्रवार को शंकर कच्छप की हत्या की खबर पाकर उसके घर पहुंची और मृतक की मां एतवारी कच्छप, पत्नी रिया कच्छप व स्वजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि दुख की इस घड़ी में वो परिवार के साथ खड़ी हैं। मौके पर बलराम सिंह, राजेश साहू, चंद्र किशोर उरांव, जतरू उरांव रंजन गुप्ता, आदित्य ताम्रकार, सुजीत कुमार राय, नन्द महतो, विपिन टोप्पो, शंभू कच्छप आदि मौजूद थे।**

## शंकर कच्छप के हत्यारों की जल्द हो गिरफ्तारी: शिल्पी

**बेड़ो (आजाद सिपाही)। साप्ताहिक बाजार में शंकर कच्छप की हत्या की जानकारी मिलने पर मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, शिक्षाविद सह पूर्व डीडीसी परमेश्वर भगत पीड़ित के घर जाकर स्वजनों से मिले और ढांढस बंधाया। कहा कि दुख की इस घड़ी में हम परिजनों के साथ हैं। उन्होंने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए प्रशासन से अविलंब हत्यारों को गिरफ्तार करने के साथ ही उसे सख्त सजा देने की मांग की। साथ ही सरना मसना स्थल पर जाकर मिट्टी दिया।**

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पांच दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** मैनेज हैदराबाद के सौजन्य से मोबाईल एग्रीकल्चरल स्कूल एंड सर्विसेज में आयोजित पांच दिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुक्रवार को समापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के कृषि निदेशक कुमार ताराचंद के अलावा निदेशक समेती विकास कुमार शामिल हुए। गौरतलब हो कि इस तरह का प्रशिक्षण कार्यक्रम मैनेज हैदराबाद द्वारा संचालित की जाती है। यह कार्यक्रम वैसे विद्यार्थियों के लिए चलाया जाता है जो एग्री क्लिनिक एंड एग्री बिजनेस सेंटर स्कीम के तहत 45 दोनों का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके होते हैं और साथ ही अपना कोई ना कोई एग्री बिजनेस कर रहे होते हैं। इसी योजना के तहत अनगड़ा प्रखंड के लालगढ़ गांव स्थित मोबाइल एग्रीकल्चर स्कूल एंड सर्विसेज में मैनेज, हैदराबाद और मास की सहभागिता से फ्रूट प्रोसेसिंग को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम 11 मार्च से शुरु हपआ था, जो शुक्रवार चल चला। कृषि निदेशक कुमार ताराचंद जी ने विद्यार्थियों को बिजनेस के दौरान होने वाली दिक्कतों और शंकाओ पर फोकस किया और उससे निपटने की पूरी जानकारी दी। इस दौरान कृषि निदेशक ने कुछ प्रेरक किस्से भी सुनाएं, जिससे विद्यार्थियों का मनोबल ऊंचा हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि मास एक अच्छी ऑर्गेनाइजेशन है और मैनेज हैदराबाद ने एक सार्थक कदम उठाया है। विद्यार्थियों ने भी प्रशिक्षण के दौरान मिले अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम में मास संस्थान के स्टेट प्रोग्राम डायरेक्टर बीके सहाय, स्टेट मैनेजर संदीप कुमार, फार्म मैनेजर अर्जुन महतो, एग्रीकल्चर एक्सपर्ट मदन कुमार, सहायक पवन कुमार सहित मास के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### दो अलग-अलग जगहों से बाइक चोरी

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** पिठोरिया थाना क्षेत्र से एक ही दिन दो बाइक की चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। पहली घटना पिठोरिया बाजार में घटित हुई। यहां से एक बाइक चोरी हो गई। वहीं दूसरी घटना पिठोरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने से गुरुवार की रात बाइक चोरी की गई। पुलिस जांच में जुट गई है।

### घघारी बाबा धाम समिति का विस्तार



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में शुक्रवार को नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजकमल गोप की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें सर्व समिति से घघारी बाबा धाम समिति का विस्तार किया गया। जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष राजधन शेखर सिंह, मुख्य संरक्षक गंगाधर साहु, देवेन्द्र वर्मा, महासचिव विनय पांडे , सह सचिव हिरालाल सिंह व सदस्यों में मनोज उरांव, सुनील उरांव, ऋषिराज सिंह, मनबोध सिंह बड़ाइक, खुदी राम सिंह, युगल किशोर सिंह हरिमोहन गोप समेत 25 सक्रिय सदस्यों का चयन किया गया। वहीं पूर्व में अध्यक्ष पद में राजकमल गोप, सचिव संजय महतो व कोषाध्यक्ष सेवक सिंह का चयन किया गया था। इस मौके पर शिवरात्रि पर हुए आय व्यय का लेखा जोखा पेश किया गया। वहीं पूर्व में अध्यक्ष पद के दूसरे दावेदार रामशंकर सिंह द्वारा डीसी को लिखित आवेदन पर जांच किया जाना था, लेकिन आज किसी कारण से जांच नहीं हो सकी।

### छापामारी : रातू झखराटांड़ में जुआ खेलते एक गिरफ्तार, सरगना समेत तीन फरार

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के झखराटांड़ मुंडाटोली टोंगरी टोला में छापीमारी कर पुलिस ने जुआ खेल रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि सरगना समेत तीन अन्य लोग पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे। पुलिस ने इनके पास से नकद 2800 रुपया के अलावा दो बाइक व तास के पते जब्त किये है। पुलिस दोनों बाईक को जब्त कर थाना ले आयी है। पुलिस की मानें तो गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापामारी में जुआ खेल रहे सरगना झखराटांड़ निवासी महावीर साहू के अलावा फेटा गांव के रहने वाले शंकर गोप व हीरो मुंडा फरार हो गये। मामले को लेकर रातू थाने में चार आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कांड संख्या 103/24 दर्ज किया है। वहीं पुलिस ने गिरफ्तार अजय गोप को जेल भेज दिया है।

### कैंब्रिज बीएड कॉलेज 'स्वीप' कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को किया गया जागरूक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज बीएड कॉलेज बहैया में मजबूत लोकतंत्र में सबकी भागीदारी के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता जागरूकता के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रम 'स्वीप 'का आयोजन शुक्रवार को हुआ। जिसमें रांची जिला निर्वाचन आयोग द्वारा नामित पदाधिकारी आदित्य कुमार झा एवं केशव कुमार ने विद्यार्थियों व कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाना, पता परिवर्तन, प्रिंटिंग संबंधी त्रुटि में सुधार के लिए आवश्यक फॉर्म 6, 6बी, 7 और 8 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर संस्थान के समन्वयक संजीव कुमार तिवारी, परीक्षा नियंत्रक डॉ सत्येश कुमार सिंह, प्रो जासिंता गुड़िया. प्रो. मिलन कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। कैंब्रिज ग्रुप के प्रशासनिक निदेशक और समाजसेवी नवनीत सिंह ने लोकतंत्र के इस पावन पर्व में पहली बार मतदान करने वाले युवाओ से इसे एक उत्सव के रूप में में मनाने की अपील की।

### खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हहाप पंचायत के उलीडीह गांव में खेल प्रतियोगिता सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं के लिये पैंटिंग बच्चों के लिये बिस्कीट रेस, सुई धागा, म्यूजिकल रेस, वाटर रेस, कुर्सी रेस, गोटी रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान विजेताओं को सम्मानित किया गया। मौके पर हहाप मुखिया नन्हे कच्छप ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस तरह के आयोजनों से बच्चों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है और उनमें छिपी हुई प्रतिभा सामने आती है। इस दौरान संध्या टूटी, दीपिका लकड़ा, मादी टोप्पो, शांति देवी, सीता देवी, मदन टूटी, शिलांस टूटी, सोमा मुंडा, सुनीता देवी, लोमरा हंसदा, संतोषी नाग, अंजली तिर्की आदि मौजूद थे।

## विश्व उपभोक्ता दिवस पर डालसा की ओर से रांची रेलवे स्टेशन परिसर में किया गया लोगों को जागरूक

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह अध्यक्ष के मार्गदर्शन में विश्व उपभोक्ता दिवस पर शुक्रवार को रांची रेलवे स्टेशन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रांची रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी अक्षय शर्मा, एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, एलएडीसी सदस्य वीरेंद्र प्रताप, पीएलवी पिंकु कुमारी, संगीता देवी, कृष्णा महली, बबलू कुजूर, पवन महल, राजा वर्मा आदि उपस्थित हुए। इस अवसर पर रांची रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी ने कहा कि ग्राहक और कंपनी दोनों के लिए उपभोक्ता अधिकारों के महत्व को उजागर करने के लिए प्रति वर्ष 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है। इसमें उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित जानकारी का प्रसार करने के साथ ही उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों का प्रयोग करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जाता है। वहीं, एलएडीसी चीफ ने कहा कि कोई भी उपभोक्ता भुक्तभोगी होने की स्थिति में ऑनलाईन शिकायत दाखिल कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि उपभोक्ता या ग्राहक जहां रह रहा है, या काम कर रहा है वहां से भी शिकायत दर्ज करा सकता है। वीरेंद्र प्रताप ने अधिनियम 2019 में उपभोक्ताओं के अधिकार से संबंधित कानून की विस्तृत जानकारी दी। कहा कि उपभोक्ता अधिकारों की परिभाषा किसी वस्तु या सेवा के विभिन्न पहलुओं जैसे उसकी गुणवत्ता, मात्रा, क्षमता, शुद्धता, कीमत और मानक के बारे में जानकारी रखने का अधिकार है। इस अवसर पर डालसा पीएलवी द्वारा लोगों के बीच पम्पलेट तथा लिफलेट का वितरण किया गया।

## रांची सांसद ने किया दो पीसीसी पथ का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** प्रखंड अंतर्गत बरगावां पंचायत के कालीनगर में शुक्रवार को शंकर मेहता के घर से दिपाली शर्मा के घर तक और शिव मंदिर से सुभाष सिंह के घर तक पीसीसी पथ का शिलान्यास रांची सांसद संजय सेठ ने अपने निजी मद से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने किया। इस अवसर पर सांसद को ग्रामीणों ने बुके देकर सम्मानित किया। वहीं, सांसद ने कहा कि पूरे देश में भाजपा का डंका बज रहा है। भारत की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 के आंकड़ा को पार करेंगा और रांची लोकसभा चुनाव में 5 लाख वोटों से जितने का लक्ष्य है। इस मौके पर खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, जिप सदस्य सह भाजपा नेता रामअवतार केरकेट्टा, भाजपा नेता मुन्ना बड़ाईक, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह, मुखिया अनीता तिर्की, उपमुखिया सुबोध सिंह टनटन, भाजपा नेता रितेश उरांव, समीर राय, प्रज्ञा भारती, सरोज राय, शिल्पी शालिनी देवी, रीता देवी, सबिता देवी, प्रभाष झा, बिरसा पाहन, गोपाल चौधरी, अनिरुद्ध पांडे, कौशल सिंह, गोरखनाथ सिंह, पिंटू सिंह के साथ दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बीडीओ-सीओ आवास समेत कई योजनाओं का हुआ शिलान्यास

# 19 करोड़ की लागत से कुल 13 गांव के 2436 घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य: विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को लापुंग प्रखंड क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित होने वाले पाइप लाइन से पेय जल योजना का बोकरांदा पंचायत के लेटे मोड़, प्रखंड मुख्यालय में अंचल व प्रखंड के पदाधिकारियों के आवास व परसा गांव का सरना स्थल के घेरा बंदी का शिलान्यास किया। जिसमें बोकरंदा पंचायत में लोगागढ़ा नदी से पाइप लाइन जलापूर्ति योजना पर 19 करोड़ रुपये खर्च होगी। इससे कुल 13 गांव के 2436 घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य है। वहीं, परसा गांव में सरना घेराबंदी का शिलान्यास हुआ, जिसमें दो पंचायत के घरों तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य, प्रखंड मुख्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए आवास बनाए जायेगें। विधायक ने कहा कि हमें जाति-धर्म से ऊपर उठकर मानवता व विकास की राजनीति करनी है। हमारी सरकार कई योजनाएं आम लोगों के लिए चला रही है। सभी योजनाएं जरूरतमंदों तक पहुंचे इसे लेकर सरकार तत्पर है। उन्होंने लोगों से योजनाओं की जानकारी रखने और इससे जुड़कर लाभ उठाने की अपील की। कहा कि इस क्षेत्र में वर्षों से पानी की समस्या रहा है। पाइपलाइन के माध्यम से हमारी सरकार लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने का प्रयास कर रही है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जन्मेजय पाठक, सुदामा महली, जयंत बारला, उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा , लखन साहू, पेयजल वी स्वच्छ विभाग के जई विजय सिंह आदि मौजूद रहें। वहीं, सापुकेरा पंचायत क्लस्टर का महिला प्रशिक्षण भवन में आयोजित महिला दिवस में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भाग लिया।


विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास के मौके पर उपस्थित मांडर विधायक शिल्पी नेता तिर्की व अन्य।

### लापुंग में किराना दुकान में चोरी

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग के मलगो गांव के निर्मल कुमार साहू की किराना दुकान में गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर बिक्री के लिए रखे समान व नकदी रूपयों पर हाथ साफ कर दिया। शुक्रवार की स्थानीय लोगों की नजर दुकान के टूटे ताले पर पड़ी। यह देख लोगों ने तुरंत इसकी सूचना दुकानदार को दी। इसके बाद लापुंग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव को लिखित सनहा दर्ज कराया है।

### कोकड़े गांव में हाथियों ने किसानों की फसल रौंदी

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के घाघरा पंचायत के कोकड़े गांव में गुरुवार की रात देर रात करीब एक बजे पांच जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। जंगली हाथी ने इसी गांव के दो किसान दीपक मुंडा के मटर व अनूप मुंडा के गेहूं व आम बागवानी को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। इस घटना से गांव के लोगो में दहशत है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
रूपांकंण प्रमंडल संख्या–02, जल संसाधन विभाग,जल भवन, डोरण्डा, राँची

पत्रांक:......................./ राँची, दिनांकः– ......................................./2024

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जल संसाधन विभाग, झारखंड राँची के अधीन रूपांकण प्रमंडल संख्या–02, डोरंडा (जल भवन) राँची– 02, में पदस्थापित अनुसेविका, श्रीमती ज्योति तिर्की, पिता–स्व सामुएल तिर्की, सेवा पुस्त में अंकित स्थायी पता– दाऊदनगर डिबडीह, पोस्ट– अरगोड़ा, थाना–डोरण्डा, जिला– राँची। दिनांक–24.07.2013 से अब तक (लगभग 10 वर्श छः महीना) से बिना सूचना के कार्यालय से अनुपस्थित हैं। कार्यालय द्वारा उपरोक्त पते पर डाक/ विशेष दूत द्वारा अनेकों बार पत्राचार किया गया परन्तु आपके नहीं रहने के कारण वापस लौट आया।

अतः दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप जहाँ कहीं भी हों सूचना प्रकाशन की तिथि के पन्द्रह दिनों के अन्दर निश्चित रूप से कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन विभाग, डोरण्डा, राँची (जल भवन), ए॰ जी॰ मोड़ से उनके विरूद्ध गठित आरोप– पत्र की प्रति प्राप्त कर अपना बचाव– बयान पत्र प्रस्तुत किया जाय।

( ई॰ विजय मिंज,)
कार्यपालक अभियंता,रूपांकण प्रमण्डल सं॰ 02, राँची

PR 322759 (Water Resource)23-24*D

कार्यालय–झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा
विकास भवन–बी0 समाहरणालय परिसर, प्रथम–तल

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में जिले के 14 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय– गढ़वा, मेराल, डंडई, रमना, नगर उँटारी, धुरकी, भवनाथपुर, खरौन्धी, कांडी, मझिआंव, रंका, चिनियां, रमकण्डा, भण्डरिया एवं 5 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय– डण्डा, बरडीहा, केतार, बिशुनपुरा, सगमा तथा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय रंका में खाद्य–अखाद्य, हरी सब्जी, मछली, चिकेन, दूध, पनीर, पोशाक व अन्य वस्त्र, स्टेशनरी आदि आपूर्ति हेतु संस्थाओं/प्रतिष्ठानों से विद्यालयवार निविदा द्विलिफाफा पद्धति के माध्यम से दिनांक–07.03.2024 को जमा करायी गयी, जिसे खोलने की तिथि 18.03.2024 के अपराह्न 01:00 बजे निर्धारित किया जाता है। जिला क्रय/निविदा समिति द्वारा निर्धारित तिथि व समय में निविदा बिड खोली जायेगी।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

PR 322890 School Education and Literacy(23-24)#D

# रांची-आसपास



## 820 ग्राम अफीम के साथ एक गिरफ्तार



खूंटी(आजाद सिपाही)। एसएसबी हूंट और अड़की थाना की पुलिस द्वारा बुधवार को मोसंगा खेसारी बेड़ा के पास चलाये गये वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से 820 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक ने दी। उन्होंने बताया कि अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार युवक अड़की के कपरिया गांव निवासी अभिषेक सेठ (21 वर्ष) के विरुद्ध अड़की थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापामार दल में एसएसबी हूंट के पुलिस निरीक्षक नकुल मंडल, अड़की थाना के एसआई जय कुमार सहित एसएसबी के अन्य अधिकारी जवान और सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## नौकरी की मांग को लेकर रैयत आज से करेंगे बंदी

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के विभिन्न ग्राम के रैयतों ने नौकरी की मांग को लेकर 16 मार्च से बंदी का आहवान किया है। इस संबंध मे रैयतो ने कहा कि पूर्व में ही बंदी की सूचना दी थी,जिसके बाद प्रबंधन द्वारा लिखित आश्वासन देकर 15 मार्च समय मांगा गया था और मांगों को पूरा करने का भरोसा दिया था, लेकिन तय समय बीत जाने के बावजुद अभी तक कोई पहल नही की गयी है। रैयत कार्यालय जाते हैं तो उन्हें किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी जा रही है। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने स्थगित किए गए बंदी को 16 मार्च से पुन: शुरू करने का आह्वान किया है। रैयतों ने कहा कि यह बंदी शांतिपूर्ण तरीके से होगी।

## संविधान की रक्षा करनी है, तो कांग्रेस को सत्ता में लाना होगा: कालीचरण मुंडा

खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक शुक्रवार को जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी, जिसमें जिला प्रभारी सुरेश बैठा भरी उपस्थित थे। पूर्व विधायक काली चरण मुंडा ने कहा कि सभी जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्षों और पंचायत अध्यक्ष जल्द से जल्द शत प्रतिशत बूथ लेवल एजेंट बनाने में लग जाएं, ताकि आगामी चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को अधिक से अधिक मतों से जीत दिलायी जा सके। मुंडा ने कहा कि अगर संविधान की रक्षा करनी है, जल, जंगल, जमीन की रक्षा करनी है, देश में भाईचारा कायम रखना है, तो कांग्रेस पार्टी को विजयी बनाना होगा। जिला प्रभारी सुरेश बैठा ने कहा कि पार्टी की रीढ़ कार्यकर्ता ही हैं। विधानसभा प्रभारी अमरेंद्र सिंह, प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, राम कृष्णा चौधरी, नईमुद्दीन खान, ओम प्रकाश मिश्रा, मंटू देवघरिया आदि उपस्थित थे।

## लोस चुनाव का बहिष्कार करेंगे कसगढ़िया समाज के लोग



खूंटी (आजाद सिपाही)। कर्रा प्रखंड के जरियागढ़ सहित अन्य क्षेत्रों में रहनेवाले कंसारी(कसगढिया) जाति को अनुसूची 2 में शामिल नहीं करने पर पूरा समाज आनेवाले लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेगा। इस आशय का निर्णय कसगढ़िया समाज की शुक्रवार को युधिष्ठिर कंसारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। समाज के लोगों ने कहा कि हमलोग कसगढ़िया जाति को अनुसूची 2 में समावेशित करने के लिए लगभग 20 वर्षों से सरकार को आवेदन पत्र लिखकर दे रहे हैं। सभी फाइल अभी तक दबी हुआ है। बैठक में रांची, खूंटी, सिमडेगा, लोहरदगा और गुमला जिले के कसगढिया समाज के लोग मौजूद थे। पिछडा राज्य के पूर्व सदस्य सह भाजपा नेता ब्रजेंद्र हेमरोम ने कहा कि किसी भी जाति को पिछडी जाति में शामिल करने की जो प्रक्रिया है उसके अनुसार पूरे प्रदेश में जाति की संख्या और खतियान के आधार पर निवास स्थान एवं जिला का उल्लेख करना पड़ेगा, ताकि राज्य आयोग के सदसय क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति की जानकारी ले सकें। बैठक में अमित महापात्र, जितेन्द्र कंसारी, मनोज कंसारी, राजकिशोर, विजेंद्र, राकेश, सुनील, भरत आदि उपस्थित थे।

## एसीसी सेवानिवृत्त कामगार संघ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय से मिला



खलारी (आजाद सिपाही)। अपने आशियाना को बचाने के लिये एसीसी सेवानिवृत कामगार संघ का एक प्रतिनिधिमंडल गुरूवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय से आवास में मिलकर गुहार लगाया। मौके पर सेवानिवृत कर्मचारियों ने उन्हे एक ज्ञापन देते हुए बताया कि एसीसी कंपनी की लीज लगभग 34 वर्ष पूर्व समाप्त हो गया है। वर्तमान में सिमेंट फैक्ट्री बंद है और सिमेंट का उत्पादन 4-5 वर्ष से नही हो रहा है। फैक्ट्री प्रबंधन फैक्ट्री के मशीन सहित अन्य चीजों को स्क्रैप कर बेच रही है। बताया कि सेवानिवृति वृद्ध कामगार व मृत कामगार के आश्रित अपना घर नही होने के कारण 40-50 वर्षो से अधिक समय से उक्त क्वार्टर में रहते आ रहे है। कहा कि मुख्यमंत्री व राज्य सरकार वर्ष 2027 तक राज्य के 20 लाख वृद्ध, विधवा और जरूरतमंदों को आवास देने की घोषणा किये है। वहीं जमीन की लीज समाप्ति के बाद भी फैक्ट्री प्रबंधन बूढ़े व बीमार सेवानिवृत कामगार को कम्पनी एक्ट में फंसाकर क्वार्टर खाली करने को विवश कर रहा है। सुबोधकांत सहाय से मिलने वालों में झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव इंदिरा देवी तुरी, मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी, मुन्ना देवी, रामप्रीत यादव, एमएम मंडल, बिरेंद्र, एसपी चौरसिया, भवतारण कर्मकार सहित अन्य शामिल थे।

## पीड़ित परिवार से मिलने पहुंची डालसा की टीम



तमाड़ (आजाद सिपाही)। 10 मार्च को हुई सड़क दुर्घटना में मृत्यु सरजमडीह निवासी स्व गुरुदयाल गुप्ता के परिवार से आज डालसा रांची की टीम मिलने सारजामडीह गांव पहुंचा। पीड़ित परिवार से मिलकर नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे जानकारी दिया गया। उनके दो बच्चे है जिनका उम्र 15 साल के पुत्री और लगभग 20 साल का पुत्र है। उन बच्चों को पढ़ने हेतु स्पॉन्सरशिप की जानकारी दिया गया। इस कार्य में डालासा पी एल भी अनिमा मल्लिक नंदा नायक आदि थे।

## इटकी के नये थाना प्रभारी ने कार्यभार संभाला

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी थाना के नये थाना प्रभारी के रूप में अभिषेक कुमार ने शुक्रवार को अपना पद भार संभाल लिया है जबकि एएसआई ऐनूल खान का गिरीडीह जिला मुख्यालय में तबदला किया गया है। मौके पर नये थाना प्रभारी अभिषेक ने कहा कि न्याय संगत कार्य कर समाज की सेवा में हमेशा तत्पर रहूंगा।

## आदिवासी न्याय जन संकल्प जारी करेगा झारखंड उलगुलान संघ: अलेस्टेयर बोदरा

खूंटी (आजाद सिपाही)। झारखंड उलगुलान संघ की केंद्रीय समिति की पूर्वनिर्धारित बैठक शुक्रवार को यहां पड़हा भवन में संयोजक अलेस्टेयर बोदरा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि ऑनलाइन भू-दस्तावेजों में गड़बड़ी पर यथोचित सुधार अब तक नहीं किये जाने को लेकर खूंटी जिला के सभी अंचल अधिकारियों से मिलकर न्यायसंगत पहल का दबाव बनाया जायेगा। साथ ही आदिवासियों के संवैधानिक प्रावधानों और कानूनी अधिकारों सहित आदिवासी विरोधी नीतियों के संबंध मे 18 मार्च को उलगुलान बलिदानी भूमि डोंबारी सईल रकब आदिवासी न्याय जन संकल्प जारी किया जायेगा। बैठक में मसीहदास गुड़िया, सुबोध पूर्ति, जोन जुरसन गुड़िया, सुरजू मुंडा आदि शामिल थे।

# मवेशी व्यवसायी से हुई लूट का खुलासा तीन गिरफ्तार, 80 हजार रुपये बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जिले के मारंगहादा थाना क्षेत्र में गत मंगलवार को एक मवेशी व्यवसायी खूंटी के ओंडरा गांव निवासी मो तौफीक खां से हथियार की नोंक पर तीन लाख 30 हजार रुपये की हुई लूट के मामले में शामिल तीन अपराधियों को पुलिस ने 72 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लूट के इस मामले का खुलासा कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों में रांची के बुंडू थानांतर्गत फुलवार टोली निवासी राजेश मछुआ 28 वर्ष बुचाडीह गांव निवासी जगदीश मुंडा 35 वर्ष तथा बारुहातू गांव निवासी पंचू लोहरा 40 वर्ष शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने लूट के नगद 80 हजार रुपए, लूट में प्रयुक्त एक देसी कट्टा, दो मोटरसाइकिल और चार मोबाइल बरामद किये हैं। गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार करते हुए लूट में शामिल अपने अन्य चार सहयोगियों के बारे में भी पुलिस को आवश्यक जानकारी दे दी है, जिसके आधार पर पुलिस उक्त फरार आरोपितों की तलाश में जुटी है। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरूण रजक ने शुक्रवार शाम अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि वादी तौफीक खां और लूट के मुख्य मास्टरमाइंड राजेश मछुआ के बीच पहले से आपस में व्यावसायिक संबंध थे। वादी तौफीक खां क्षेत्र के हाट-बाजारों से मवेशियों की खरीदारी कर उसे बुंडू के राजेश मछुआ को बेचा करता था। घटना के दिन वह राजेश मछुआ से बकाया तीन लाख 30 हजार की राशि लेकर बाइक से वापस अपना गांव लौट रहा था, इसी दौरान मारंगहादा थाना क्षेत्र के बीरकरोड़ा जंगल के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे तीन बाइक में सवार सात अपराधियों ने उसे ओवरटेक कर रोक लिया और हथियार की नोक पर व्यवसायी से नगद राशि को लूटकर फरार हो गए। इस संबंध में मारंगहादा थाना में मामला दर्ज होने के बाद अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने जब उक्त आरोपितों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की तो मामले का खुलासा हो गया। बताया गया कि वादी मवेशी व्यवसायी तौफीक खां का बिजनेस पार्टनर राजेश मछुआ ने ही अपने सहयोगियों से मिलकर इस लूट की योजना बनाई थी। योजना के अनुसार वादी तौफीक खां जब मुख्य आरोपित तौफीक खां से पैसे लेकर वापस गांव लौट रहा था तो बुंडू से ही उसके पीछे पड़े अपराधियों ने निर्जन स्थान में मौका पाकर उसे रोक लिया और लूटपाट को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। एसडीपीओ ने बताया कि इस मामले में शामिल फरार अन्य चार आरोपितों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। खूंटी एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित छापामार दल में मारंगहादा थाना प्रभारी शंकर विश्वकर्मा, एसआई विकास कुमार, सायको थाना के एसआई वीरेंद्र कुमार, एएसआई कौशर खां सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# लूट डकैती कांड में शामिल चार अपराधी गिरफ्तार

**पुलिस की वर्दी में देते थे अपराधी घटना को अंजाम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज पुलिस ने क्षेत्र में लूट एव डकैती कांड में शामिल चार अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। विगत दिनों मैक्लुस्कीगंज एवं खलारी थाना क्षेत्रों में पुलिस की वर्दी में कुछ अपराधकर्मियों द्वारा लूट की घटना को अंजाम दिया जा रहा था, जिसे देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक खलारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। उक्त गठित टीम को गुप्त सूचना मिली कि लूट की घटना को अंजाम देने वाले अपराधकर्मी मोटरसाईकिल से बालुमाथ की ओर से मैक्लुस्कीगंज आ रहे हैं। तत्पश्चात छापामारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मैक्लुस्कीगंज-बालुमाथ रोड में ग्राम हैसालौंग में वाहन चेकिंग प्रारम्भ किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान एक बाईक पर सवार तीन व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये, जिसे पुलिस टीम द्वारा रूकने का ईशारा किया गया तो बाईक सवार बाईक सहित भागने लगे, जिसे पुलिस द्वारा खदेडकर पकड़ लिया गया। पकड़ाये अपराध कर्मियों का नाम-पता पूछने पर अपना-अपना नाम भीम कुमार रवि लाटु, कसमार, राहुल लोहरा ग्राम ढोटी, थाना चंदवा, छोटू लोहरा ढोटी, थाना चंदवा, सभी जिला लातेहार बताया। पकड़ाये अपराधकर्मियों की तलाशी लेने पर बैग के अन्दर रखा दो सेट कैमोफ्लाइज वर्दी, मोबाईल और एयरगन बरामद किया गया। पूछताछ करने पर गिरफ्तार अपराधकर्मियों द्वारा बताया गया कि इनका एक गिरोह है जो रांची, लातेहार, हजारीबाग और चतरा जिला के विभिन्न क्षेत्रों में लूट और डकैती की घटना को अंजाम देता है। गिरफ्तार अपराधकर्मियों के निशानदेही के आधार पर इनके गिरोह के एक अन्य अपराधकर्मी राकेश साव हेरहज टोला भुरे, थाना हेरहंज, जिला लातेहार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों के निशानदेही के आधार पर विभिन्न स्थानों से लूटे गये दो ट्रैक्टर, एक मोटरसाईकिल एवं तीन अन्य मोबाईल फोन भी बरामद किया गया।जिसे विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया। एक एयर गन, दो लूटा हुआ टैक्टर, लूटे गये एक मोटरसाईकिल, घटना में प्रयुक्त एक बाईका, चार मोबाईल फोन,दो सेट कैमोफ्लाइज वर्दी बरामद हुआ।

छापामारी दल में खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी, इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह, मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविन्द कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक राकेश कुमार, दीपक कुमार साव, एएसआई दिनेश कुमार मंडल, मैक्लुस्कीगंज थाना, एएसआई मिरजा सोरेन सहित मैक्लस्कीगंज थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# कई योजनाओं का शिलान्यास, 13 करोड़ खर्च होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**सोनाहातू।** गांवों की आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करना हमारी पहली प्राथमिकता है। उक्त बातें विधायक सुदेश महतो ने शुक्रवार को कई योजनाओं का शिलान्यास कर समारोह को संबोधित करते हुए कही। इन्होंने कहा कि गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर गुणात्मक सुधार किया जा रहा है। शिक्षा को लेकर हाई स्कूल और मिडिल स्कूल में स्मार्ट क्लास, स्टूडेंट्स बस सेवा,लाइब्रेरी,आदि की सुविधा दिया जा रहा है। स्वास्थ्य को लेकर हर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र को विकसित किया जा रहा है। हर घर मे शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम किया जा रहा है। विधायक ने बारुहातू पंचायत के भकुवाडीह गांव में भकुवाडीह से सरमाली तक ढाई किलोमीटर सड़क निर्माण, लागत 2 करोड़ 78 लाख रुपये, बिरगाम-सालबंदा- भकुवाडीह सड़क साढ़े चार किलोमीटर, लागत 2 करोड़ 82 लाख, दिड़सीर-ठुगरुडीह-सारेयाद सड़क 2 किलोमीटर लागत 2 करोड़ 60 लाख, एडरमहातू-सिगिद-करमटांड़ सड़क 2 किलोमीटर लागत 1 करोड़ 10 लाख, 55 लाख से एडरमहातू गांव में स्वास्थ्य केंद्र, 16 लाख में तालाब निर्माण, सालसुद गांव में तालाब निर्माण तथा 21 लाख से जिला परिषद मार्केट कंप्लेक्स जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किये। मौके पर जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा, चितरंजन महतो, संजय महतो, दिलीप कोईरी, सुषेन प्रामाणिक, मुखिया सावना महली, फणीभूषन मुंडा, देवेंद्र नाथ महतो मौजूद थे।

# शहीद शशोधर मुंडा का शहादत दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददाता




**सोनाहातू।** झारखंड राज्य किसान सभा और माकपा सोनाहातू लोकल कमिटी के तत्वावधान में जिन्तु गांव में शहीद शशोधर मुंडा का शहादत दिवस मनाया गया। शहीद शशोधर मुंडा प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात सभा को संबोधित करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने कहा 1988 एतिहासिक भारत बंद के दौरान पुलिस गोलीकांड में शहीद शशोधर मुंडा शहीद हुए थे। इसकी सोच को हम पूरा करेंगे तभी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर राज्य कौंसिल सदस्य निलकांत सिंह मुंडा, जिला कौंसिल सदस्य रतन महतो, केपी सिंह मुंडा, घुरन पातर, प्रेमचंद पातर, उमेश महतो, अंचल कमिटी के जगदीश मुंडा, मुखिया विकास मुंडा, कलेश्वर मुंडा, जगन्नाथ मुंडा, बसंत मुंडा आदि मौजूद थे।

# लीज की भूमि पर निर्माण कार्य शुरू

**करीब पांच हजार करोड़ की लागत से विश्वविद्यालय, 500 बेड का मेडिकल कॉलेज, स्कूल सहित कई अन्य संस्थान की स्थापना किया जाना है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला के लीज की भूमि पर शुक्रवार को कंस्ट्रक्शन का कार्य शुरू कर दिया है। फाउंडेशन द्वारा यहां करीब पांच हजार करोड़ की लागत से विश्वविद्यालय, 500 बेड का मेडिकल कॉलेज, स्कूल सहित कई अन्य संस्थान की स्थापना किया जाना है। भवनों के निर्माण से पहले चाहरदिवारी निर्माण कार्य करायेगा। फाउंडेशन ने चाहरदिवारी का निर्माण कार्य जिम्मा रोहित इंफ्राविल्ड प्राइवेट लिमिडेट राची को सौंपा गया है। मौके पर इंफ्राविल्ड प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक विपिन सिंह विधिवत रूप से भूमि का पूजन किया। इसके बाद सीओ विजय कुमार सहित अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन के अधिकारियों ने नारियल तोड़ कर कार्य प्रारंभ किया। इस दौरान फाउंडेशन के अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2026 के जून माह तक भवनों का निर्माण कार्य पूरा कर ली जायेगी 2026 के जुलाई माह तक विश्व विद्यालय और मेडिकल कॉलेज में सेशन शुरू कर दिया जायेगा। भवन का निर्माण सहित अन्य कार्य देश के कई बड़ी कंपनियां करेगी। बता दें कि राज्य सरकार ने अजीम प्रेमजी को आरोग्य शाला के 150 भूमि को हस्तानांतरित कर 99 वर्ष की लीज पर भूमि उपलब्ध कराया है। राज्य के तत्कालीन मुख्य मंत्री हेमन्त सोरेन ने पिछले 24 जनवरी को विश्व विद्यालय, मेडिकल कॉलेज और स्कूल निर्माण का आधार शिला रखा था।

## अफीम के फल पर चीरा लगाते दो गिरफ्तार



खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी जिले में अफीम की अवैध खेती के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की कार्यशैली को बदलते हुए पुलिस ने अफीम की खेती करने वालों को रंगेहाथ गिरफ्तार करने की मुहिम शुरू की है। इससे पुलिस को सफलता भी मिलने लगी है। गत बुधवार को सायको थाना की पुलिस गस्ती के दौरान डाउडीह नदी किनारे और सालेहातू गांव के समीप दो अलग-अलग अफीम के खेतों में पोस्ते के फल में चीरा लगाते दो आरोपितों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी एसडीपीओ वरूण रजक ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। गिरफ्तार आरोपितों में रोटे मुंडा (25 वर्ष) तथा जोतो मुंडा (22 वर्ष) शामिल हैं। उनके पास से पुलिस ने मौके पर 225 ग्राम तैयार अफीम भी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध सायको थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापामार टीम में सायको थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रोम, एसआई विमल, एसआई वीरेंद्र कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## खूंटी के 15 केंद्रों में होगी जेपीएससी की परीक्षा

खूंटी (आजाद सिपाही)। उपायुक्त के निर्देश पर समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को जेपीएससी 2024 के सफल संचालन और विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। औचक निरीक्षण के दौरान अगर कदाचार करते परीक्षार्थी पाये गये, तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। 17 मार्च को आयोजित होनेवाली परीक्षा को लेकर जिले में 15 केंद्र बनाए गये हैं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली में 10 से 12 वहीं दूसरी पाली में दो से चार बजे तक परीक्षा ली जायेगी। परीक्षा को कदाचार मुक्त कराया जा सके, इसके लिए सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गयी है।

## बुंडू में लगातार हो रही चोरी की घटनाएं

बुंडू (आजाद सिपाही)। अनुमंडल क्षेत्र में चोरी की घटना बढ़ती जा रही है। ताजा मामला ताऊ चौक के समीप बीती रात की है। जब जितेंद्र महतो की मैक्स पिकअप वैन को रात के दो बजे एक अज्ञात चोर ने बड़ी चालाकी से वैन के अंदर घुस कर लॉक गाड़ी को खोलकर, बैक करते हुए बगैर चाभी के स्टार्ट करके ले गया। यह सारा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाया है, लेकिन चोर के चोरी करने का सफल प्रयास पेशेवर लग रहा है। पीड़ित जितेंद्र महतो का कहना है कि उसके घर में यह तीसरा चोरी है। इससे पूर्व भी दुकान में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया जा चुका है तथा बीती रात मैक्स पिकअप गाड़ी को ही चुरा कर ले गया। मामला बुंडू थाना को दिया गया था, लेकिन अब तक किसी की धर पकड़ नहीं हो सकी है। उसके पुत्र श्रवण कुमार सोनू ने कहा कि 12 जनवरी को सदानंद साहू का मैक्स पिकअप चोरी हुआ। इसके अलावा डामारी में सूर्या इलेक्ट्रॉनिक में इसी माह को चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं।

## कृषि वितरण समारोह का आयोजन



बुंडू(आजाद सिपाही)। केंद्रीय कृषि मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा के निर्देश पर बुंडू प्रखंड के तैमारा पंचायत के लबगा गांव में कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा किसानों को उपस्कर वितरण जैविक खेती और खाद उत्पादन पीट/कीट कृषि वितरण समारोह शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बुंडू जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल तथा विशिष्ट अतिथि कांके कृषि विश्वविद्यालय के मुख्य अन्वेषक डॉ एमएस मल्लिक थे। डॉ मल्लिक ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के निर्देश पर कोई भी जमीन बंजर ना रहे तथा गांव में उपलब्ध गाय बैल भेड़ बकरियों के मल से जैविक खाद का निर्माण हो इस खाद से अच्छी फसल प्राप्त किया जा सकता है।

## झामुमो के वरिष्ठ नेता गोपाल का निधन

तमाड़ (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह झारखंड आंदोलनकारी गोपाल महतो का शुक्रवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे कई दिनों से बिमार थे। उनका अंतिम संस्कार भुईयाडीह गांव में किया गया। इनकी आकस्मिक निधन पर क्षेत्र लोंगो ने गहरा शोक प्रकट किये है। इनमें रांची जिला के संयुक्त सचिव सुकूवा महतो, प्रखंड अध्यक्ष हलधर महतो, प्रखंड सचिव राजेंद्र सिंह मुंडा, भगीरथ महतो, हरिसिंह मुंडा, नारायण महतो, रतनलाल लोहरा, सोमा मुंडा, भुनेश्वर महतो, भीमसेन महतो, तेजलाल महतो आदि ने शोक प्रकट किये है।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई–अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– 10/RE/2023-24/RWD/EE/HAZARIBAG दिनांक :– 13.03.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है ।

1.कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/HAZ/DMF T/04/2023-24 | बड़कागॉव | ग्राम तलसवार में मुख्य पथ से उपरी तालाब तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2,65,14,200/- | दो करोड़ पैसठ लाख चौदह हजार दो सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–18.03.2024 ।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–26.03.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक ।
4. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय–27.03.2024 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546–265286 ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 322914 Rural Work Department(23-24).D



**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग,कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा**

**अतिअल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना (2nd Call)**

निविदा सूचना संख्या–**DWSD/CTR/RRP/28/2023-24** दिनांक – 15.03.2024

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | Name of Work :- Changing of Rotten Riser Pipe in I.M-II Drilled Tube Well with 32 mm Medium Class G.I Riser Pipe and Connecting Rod for Drilled Tube Well in Different Blocks of Chatra District on "TURNKEY BASIS" under D.W.&S. Division, CHATRA for the Year 2024-25 | | | | | |
| | ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूप संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| 1 | CTR/RRP-02 | 73 Nos. | 10.65384 | 0.22 | 2,500/- | 90 Days |
| B | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 16.03.2024 समय 02:00 बजे अपराहन तक | | | | |
| C | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 23.03.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक | | | | |
| D | सरकार के सचिव, सूचना प्रौघोगिकी एवं ई0–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक–120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 23.03.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक | | | | |
| E | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 26.03.2024 समय 05:00 बजे पुर्वाहन तक | | | | |
| F | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। | | | | |
| G | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम / पदनाम | ई0 अजय कुमार सिंह कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। | | | | |
| H | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन संख्या | 9431325479, 9931972161 एवं 06541–253273 | | | | |
| I | ई–प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651–2480345 | | | | |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 अजय कुमार सिंह)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

PR 322896 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

## पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने दिया योगदान

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने हुसैनाबाद बीडीओ के नाम ज्ञापन सौंपकर अपना योगदान दिया। इस दौरान स्वयं सेवक संघ के प्रखंड अध्यक्ष राहुल कुमार सिंह ने कहा कि पंचायत स्वयंसेवक संघ अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर 8 जुलाई से राजभवन के समक्ष 253 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे थे। गत 12 मार्च को राज्य मंत्री परिषद की बैठक में संगठन की कुछ मांगों को सरकार ने पूरी की है। इसलिए पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ द्वारा अनिश्चितकालीन धरना को स्थगित किया जाता है। उन्होंने कहा कि हमलोगों के प्रमुख मांग यह था कि पंचायत स्वयंसेवक का नाम बदल कर पंचायत सहायक कर दिया जाए।अब सरकार ने हमलोगों का नाम पंचायत सहायक कर दिया है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रखंड की पंचायतों पर कल से सभी स्वयं सेवक पंचायत सहायक के रूप में अपना योगदान देंगे। मौके पर ललन पासवान, सुधीर कुमार शर्मा, राहुल प्रजापति, कुशुम कुमारी, सतेंद्र कुमार ठाकुर आदि थे।

### पलामू में शत प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से पांकी विस में हुआ मॉकपोल

# इस बार 80 पार के संकल्प के साथ करें मतदान: नगर आयुक्त

**2019 लोकसभा चुनाव में पांकी विधानसभा के सबसे कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर हुआ काल्पनिक मतदान का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव में पलामू जिले में 80 फीसदी से अधिक मतदान कराना सुनिश्चित करने को लेकर स्वीप अंतर्गत कई गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में पांकी विधानसभा अंतर्गत लेस्लीगंज, तरहसी व पांकी के पांच बूथों पर शुक्रवार को काल्पनिक मतदान कराया गया। यहां बूथ पर प्रीजाडिंग ऑफीसर के रूप में फ्यूचर वोटर को तैनात किया गया था। उन सभी ने बूथों पर मतदान करने आये स्थानीय वोटर का नाम मतदाता सूची से मिलान किया। इसके बाद संबंधित मतदाता के उंगली पर स्याही लगायी गयी जिसके बाद ईवीएम के कटआउट पर मतदान कराया गया। इस दौरान सभी से वास्तविक मतदान दिवस के दिन मतदान आवश्यक रूप से करने की अपील की गई। उन्होंने मतदान करने आये सभी लोगों से दूसरे लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। ज्ञातव्य है कि 2019 लोकसभा चुनाव में उपरोक्त पांचो बूथों पर 50 फीसदी से भी कम मतदान हुआ था। इस चुनाव में यह प्रतिशत में बढ़ोतरी हो सके इसी उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत यह मॉकपोल का आयोजन किया गया। वहीं, मेदिनीनगर नगर आयुक्त सह स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी जावेद हुसैन ने कहा कि इस मॉकपोल का एकमात्र उद्देश्य मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है। आज सभी लोग आकर मतदान किये इसी तरह वास्तविक मतदान के दिन भी पूरी उत्सुकता के साथ अपना मतदान करना है। उन्होंने कहा कि आपके वोट से ही सरकार बनती है इसी गर्व से आप सभी को मतदान करना है। उन्होंने कहा कि इस दिन मॉकपोल में काल्पनिक मतदान के दिन जिस तरह से स्थानीय बीएलओ ने सभी मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया है यह प्रशंसनीय है। उन्होंने सभी बीएलओ को मतदान के दिन भी मतदाताओं को जागरूक करने में अपना शत प्रतिशत योगदान देने की बात कही। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में एल्विन थॉमस का अहम योगदान रहा।



मतदान करने का मॉकड्रील करते काल्पनिक मतदाता-अधिकारी।

# कामत गांव की आदिवासी महिलाओं को मिलेगा इंसाफ

### आमसभा का आदर करें अधिकारी : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** कामत गांव की दर्जनों आदिवासी महिलाएं शुक्रवार को विधायक कमलेश कुमार सिंह के हुसैनाबाद स्थित कार्यालय में पहुंचकर बाल विकास परियोजना पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। सकुंती उरांव ने बताया कि कि 29 नवंबर 2023 को आंगनबाड़ी सेविका चयन के लिए आमसभा की गई थी। उसमें उनका ही चयन हुआ था। चयन पत्र मांगने पर हुसैनाबाद बाल विकास परियोजना की पर्यवेक्षिका किरण कुमारी ने कहा कि चयन पत्र बाद में मिल जायेगा। पर चयन पत्र आज तक नहीं मिला और पुनः आमसभा कर दूसरे अभ्यर्थी का चयन करने का प्रयास किया गया। इस संबंध में जानकारी लेने का प्रयास करने पर पर्यवेक्षिका द्वारा हुसैनाबाद थाने में सरकारी कार्य में बाधा पहुचाने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं, विधायक ने कहा कि कामत की आदिवासी महिलाओं को इंसाफ मिलेगा। उन्होंने मामले की जांच का निर्देश डीएसडब्ल्यूओ को दिया है। कहा कि प्रखंड के कई विभाग के अधिकारियों के खिलाफ लगातार शिकायत मिल रही है। बीडीओ एवं सीओ कार्यालय में दलालों का जमावड़ा लगने लगा है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि जनता का काम समय पर करना सुनिश्चित करें। भ्रष्टाचार की शिकायत मिली तो संबंधित अधिकारी कर्मचारी बक्शे नहीं जायेंगे। उन्होंने कामत के ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनके रहते उन्हें कोई दबा नहीं सकता है। हुसैनाबाद की किसी जनता का अपमान वह बर्दाश्त नहीं करेंगे। वहीं, एनसीपी के जिला प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने महिलाओं की समस्या सुनी व विधायक से उनकी बात कराई।



# जिप सदस्य और मुखिया ने किया तुरी पंचायत सचिवालय भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास

आजाद सिपाही संववाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** जिला परिषद (जिप) सदस्य मंजू देवी और मुखिया संदीप यादव ने शुक्रवार को हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के तुरी पंचायत अंतर्गत सरकारी मद से निर्मित होने वाले पंचायत सचिवालय भवन का शिलान्यास किया। इससे पहले जिप सदस्य और मुखिया ने शिलापट के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया। जिप सदस्य मंजू देवी और मुखिया ने कहा कि पंचायत सचिवालय बनने से ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी। मौके पर जिप प्रतिनिधि सह समाजसेवी राजेश राम, पंसस पति मिथिलेश यादव, वार्ड सदस्य जितेंद्र कुमार, उमा यादव, कुंदन यादव, सरोज यादव, सतेन्द्र यादव, ओमप्रकाश यादव, विजय यादव, उपेन्द्र भुइंया, दशरथ भुइंया, गुड्डू यादव, शिवनाथ यादव आदि उपस्थित थे।



**महत्वपूर्ण न्यूज**

## सांसद प्रतिनिधि व राकांपा नेताओं ने किया 9 विकास कार्य योजनाओं का शिलान्यास



हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नं 1, 4, 9, 11, 14, 15 और 16 में 9 स्थानों पर सड़क निर्माण कार्य का सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा और राकांपा नेता मनीष सिंह, सरोज प्रसाद कुशवाहा और उदय सिंह ने शुक्रवार को शिलान्यास किया। इस अवसर पर नेताओं ने कहा कि क्षेत्र का विकास करना पहला लक्ष्य है। शिलान्यास के साथ ही योजना निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया। मौके पर अजय सिंह, चंदन जायसवाल, प्रशांत सिंह, अंकित सिंह, अभय कुमार सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, विकास यादव, शैलेश कुमार यादव, मनजीत कुमार, धर्मेंद्र पटेल, मुकेश यादव, कुंदन यादव, अवधेश यादव, श्री राम सिंह आदि उपस्थित थे।

## हरिहरगंज अंतरराज्यीय चेकपोस्ट पर बिहार जा रहा बोलेरो से 400 लीटर स्प्रिट हुआ जब्त




हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। थाना के समीप अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट पर पुलिस ने गुरुवार की रात बोलेरो पर लदे ब्लू रंग के 10 प्लास्टिक जार में 400 लीटर स्प्रिट जब्त किया है। इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार गुरुवार की रात करीब 11 बजे इंटर स्टेट चेकपोस्ट पर वाहनों की जांच की जा रही थी । तभी छतरपुर की ओर से आ रही बोलेरो जीप पुलिस को देखकर चेकपोस्ट से पहले मेन रोड से पूरब दिशा में जाने लगा। शक होने पर पुलिस बोलेरो के पास पहुंच गई। हालांकि पुलिस को आता देख कर चालक वाहन छोड़कर वहां से फरार हो गया। बाद में तलाशी लेने के उपरांत उसपर लदा स्प्रिट और बोलेरो को जब्त कर थाना लाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि संभावना है कि इस स्प्रिट का उपयोग बिहार में शराब बनाने और लोकसभा चुनाव में दुरुपयोग किया जा सकता था। उन्होंने कहा कि शराब व हथियार तस्करों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। इस अभियान में थाना प्रभारी के अलावा एस?आ?ई अविनाश कुमार, सतीश कुमार गुप्ता, देवेन्द्र कुमार सिंह व पुलिस बल शामिल थे।

# धार्मिक अनुष्ठानों से शुद्ध-पवित्र होता है वातावरण



**शिव संपत धाम परिसर में चल रहे रासलीला कार्यक्रम में शामिल हुए पलामू सांसद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर उंटारी रोड प्रखंड के प्रसिद्ध देव स्थल शिव संपत धाम परिसर में आयोजित रासलीला कार्यक्रम में अंतिम दिन पलामू सांसद विष्णु दयाल राम बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने राधाकृष्ण की आरती कर रासलीला कार्यक्रम की शुरूआत की। इससे पहले सांसद वीडी राम शिव संपत धाम मंदिर के गर्भगृह में जाकर भगवान शंकर की विशेष पूजा की। वे भगवान भोलेनाथ की आरती में भी शामिल हुए। कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण शुद्ध और पवित्र हो जाता है। अनुष्ठान से जहां आम लोगों को सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है, वहीं क्षेत्र में अमन चैन कायम रहता है। इसलिए धार्मिक अनुष्ठान हमेशा होते रहना चाहिए। सांसद ने धाम विकास समिति के अध्यक्ष सह जिला पर्षद अरविंद सिंह की जमकर तारीफ की। कहा कि इन्होंने इस धार्मिक स्थल को काफी विकसित किया है। इन्हीं के प्रयास से शिव संपत धाम को काफी धार्मिक प्रसिद्धि भी मिली है। अब वे धाम क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए प्रयासरत हैं। उनके प्रयासों को हमारा भी भरपूर समर्थन है। वहीं, वरीय भाजपा नेता अरविंद सिंह ने कहा कि सांसद विष्णु दयाल राम ने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में विकास की एक बड़ी रेखा खींची है। उन्होंने पलामू संसदीय क्षेत्र में हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं को धरातल पर उतारा है। पलामू की आवाज को देश में ही नहीं, विदेशों में भी बुलंद किया है। इसीलिए पार्टी ने इन्हें तीसरी बार प्रत्याशी बनाया है। बीडी राम इस बार और भी ज्यादा अंतर से जीत हासिल करेंगे। मथुरा वृंदावन के कलाकारों ने राधे कृष्ण के लीलाओं का जिवंत चित्रण किया। इस दौरान धाम समिति द्वारा सांसद सहित सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सांसद ने भी कलाकारों का माल्यार्पण कर हौसला अफजाई किया। मौके पर भाजपा नेता विभाकार नारायण पांडेय, प्रफुल्ल सिंह, अलख दूबे, ईश्वरी पांडेय, रघुवीर सिंह यादव, अगस्त तिवारी, बाबू राम दीक्षित, विश्वंभर दीक्षित, डॉ योगी सिंह, सुनील कुमार सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## केंद्राधीक्षक ने किया केंद्र का निरीक्षण

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। रेहला बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में बीए, बीएससी व बीकॉम का परीक्षा कदाचारमुक्त चल रहा है। केंद्राधीक्षक संतोष मिश्रा और परीक्षा नियंत्रक शशि रंजन सिंह ने केंद्र का निरीक्षण किया। संतोष मिश्रा ने बताया कि सभी फैकल्टी के द्वितीय और चतुर्थ संबेस्टर की परीक्षा शांतिपूर्ण संचालित हो रही है। मौके पर प्रो. केके चौबे,रामजी चौबे, ज्योति देवी, प्रकाश पांडेय आदि थे।**

**JHARKHAND INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
**(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)**
Office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001

**NOTICE INVITING TENDER**
(through e-procurement mode only-www.jharkhandtenders.gov.in)
NIT No.- JIIDCO/22/2023-24

Designation and Address of the Advertiser :-Executive Engineer, Office of the M.D. JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001

**1.** Mode of submission of tender :-Online through **www.jharkhandtenders.gov.in**
**2.** Publishing on website :- Date 21.03.2024
**3.** Period downloading of Bidding Documents :-Date 21.03.2024 to 10.04.2024 Time 3.30 P.M.
**4.** Bids online submission :-Date 21.03.2024 to 10.04.2024 Time 3.30 P.M.
**5.** Bid opening date (Technical) :-Date 12.04.2024Time: 3.30 P.M.
**6.** Details of works:-

| Bid No. | Tender reference No- | Name of work | Estimate Cost (Rs.) | Amount of Earnest money (Rs.) | Cost of BOQ (Non-refundable in Rs.) (Inclusive GST) | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JIIDCO/01/Khunti/2023-24 | Repair and Maintenance work of D.I.C. building, Khunti, Jharkhand Including Construction of Boundary wall and other Civil Components of works. | 62,32,100.00 | 1,2 5,000.00 | 11,800.00 | 06 Months |
| 2 | JIIDCO/02/Palamu/2023-24 | Repair and Maintenance work of DIC building, Palamu, Jharkhand Including Boundary wall and other Civil components of works. | 1,16,08,236.00 | 2,32,500.00 | 11,800.00 | 09 Months |
| 3 | JIIDCO/03/Latehar/2023-24 | Repair and Maintenance work of DIC building, Latehar, Jharkhand Including Construction of Boundary wall and other Civil components of works. | 61,91,285.00 | 1,23,900.00 | 11,800.00 | 06 Months |
| 4 | JIIDCO/04/Pakur/2023-24 | Repair and Maintenance work of DIC building, Pakur, Jharkhand Including Construction of Boundary wall and other Civil components of works. | 77,44,884.00 | 1,54,900.00 | 11,800.00 | 06 Months |
| 5 | JIIDCO/05/Ramgarh/2023-24 | Repair and Rehabilitation work with guiniting method of DIC building, Ramgarh, Jharkhand Including Boundary wall and other Civil components of works. | 72,22,549.00 | 1,44,500.00 | 11,800.00 | 06 Months |
| 6 | JIIDCO/06/Koderma/2023-24 | Repair and Maintenance work of DIC building, Koderma, Jharkhand Including construction of garage and other Civil components of works. | 59,01,168.00 | 1,18,100.00 | 11,800.00 | 06 Months |
| 7 | JIIDCO/07/Chatra/2023-24 | Repair and Maintenance work of DIC building, Chatra, Jharkhand Including construction of garage and other Civil components of works. | 53,91,170.00 | 1,07,900.00 | 11,800.00 | 04 Months |
| 8 | JIIDCO/08/Bundu/2023-24 | Remaining work of Lah Processing Unit at Bundu, Ranchi. | 59,86,627.00 | 1,19,800.00 | 11,800.00 | 03 Months |

**7.** Tender fee (non-refundable) & EMD is to be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of Tender fee Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from **http://jharkhandtenders.gov.in. portal.**
Refund will only be issued to Originated bank account used for the payment of EMD. So, bidders are advised NOT to close the above Bank Account used for online payment NEFT/RTGS of EMD.
No Hardcopy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/evaluation. However, Department may ask original documents for verification before award of contract.
**8.** Bid Validity:- 180 days
**9.** Place of opening of Technical Bid:- Office of the M.D. JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001
**10.** For any information/complaints the department helpline No. Mob. No. 7004785102 may be contacted.
**11.** Further details can be seen on website- **www.jharkhandtenders.gov.in.**
**12.** Any Corrigendum or Addendum will be notified in website:- www.jharkhandtenders.gov.in only.
**Note: (i) Any change can be seen on website www.jharkhandtenders.gov.in**
**(ii) Any other information can be seen on www.jharkhandtenders.gov.in**
(iii) **The estimated cost mentioned above in Sl. No.6 Column No. 4 is approximate which may be increased or decreased.**

**Sd/-**
**Executive Engineer**
**JIIDCO, Ranchi**

**Ref. No.: 178**
**Date :15.03.2024**

### एलसीएम कॉलेज एंड अस्पताल ने लगाया नेत्र जांच शिविर

# आंखों की ज्योति लौटाना दुनिया का सबसे बड़ा पुनीत कार्य: चंद्रवंशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में शुक्रवार को दो दिवसीय नेत्र जांच शिविर लगाया गया। जिसका उद्घाटन आरसीयू के संस्थापक पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने किया। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व संचालन प्राचार्य विवेक कश्यप ने किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि नेत्रों की ज्योति लौटाना दुनिया का सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। इसी सोच के तहत लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल क्षेत्र में हर वर्ष निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाते रहता है। आगे भी समय व जरूरत के अनुसार शिविर का आयोजन किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि गरीबी और बेबसी को बहुत करीब से देखा है।

इसलिए गरीबों का दर्द बखूबी समझता हूं। हमारा प्रयास होता है कि पैसे के आभाव में किसी गरीब का इलाज रुके नहीं। विधायक ने कहा कि अपनी मां की प्रेरणा से विश्रामपुर को शिक्षा का हब बनाया। आज यहां सभी तरह के शैक्षणिक संस्थान है। अब उच्च शिक्षा हेतु किसी भी बच्चे को बाहर नही जाना पड़ रहा है। आरसीयू के कुलपति डां कल्याण कुमार ने कहा कि कैंप गांव समाज के लिए बहुपयोगी है। जहां सभी तरह के बिमारियों का इलाज होता है। विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने कहा कि स्वस्थ समाज ही मजबूत समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। शिविर में जांचोपरांत 100 मरीजों का मोतियाबिंद आपरेशन फेंको पद्यति से किया गया। इससे पहले अतिथियों द्वारा गुरुपद संभव राम जी की तस्वीर के समक्ष पूजा अर्चना की गई। मौके पर डॉ देवाशीष मंडल, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, दीपक लकड़ा, ओपी श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव, राजीव कुमार गुप्ता, भोला चंद्रवंशी, इद्रीस हवारी, डॉ विनीत कुमार, विजय रवि, सुनील कुमार चौधरी, अजय बक्सराय, नरेंद्र पाल, सुमन बक्सराय, बबन बक्सराय, नागेंद्र पांडेय, राजकुमार सोनी और अमीर चंद के साथ ही कई अन्य लोग भी मौजूद थे।




कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी व अन्य।

# पूर्व विधायक त्रिनाथ गमांग बीजेडी छोड़ बीजेपी में शामिल

● जिस पार्टी में मान-सम्मान, स्वाभिमान और मर्यादा नहीं है, उसमें रह कर जनता की सेवा करना नामुमकिन है : त्रिनाथ गमांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जिस पार्टी में सम्मान, स्वाभिमान और गरिमा नहीं है, उसमें रह कर लोगों की सेवा करना असंभव है। 24 साल पुरानी बीजू जनता दल में यह साफ तौर पर देखा गया है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में भारत विश्व नेतृत्व राष्ट्र के रूप में प्रगति कर रहा है। मोदी जी के शासनकाल में गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के विकास को प्राथमिकता दी गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के प्रति समर्पण और भारतीय जनता पार्टी के सिद्धांतों और आदर्शों से प्रेरित होकर, बिजेडी, कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर रायगडा जिले के गुनुपुर के पूर्व विधायक त्रिनाथ गमांग आज राज्य कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल की उपस्थिति में अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। इसी तरह जाजपुर जिले की एक प्रमुख युवा कार्यकर्ता दीप्ति रंजन महाराणा भी औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल हुए। श्री सामल ने कहा कि आगामी आम चुनाव में केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी और राज्य में भी भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनेगी। इस विलय उत्सव में विधायक प्रदीप पाणिग्राही, प्रदेश संपादक सरोज कर, प्रदेश मीडिया समन्वयक सुजीत कुमार दास, प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र पंडा, धीरेन सेनापति, प्रदेश प्रवक्ता ब्रजकिशोर मिश्र प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# वरिष्ठ बीजेडी नेता प्रसन्न आचार्य गंभीर रूप से घायल



● भुवनेश्वर से बरगड़ लौटते समय रेढाखोल में कार हुई दुर्घटनाग्रस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बीजेडी के पार्टी उपाध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद प्रसन्न आचार्य की कार रेढाखोल बेलडीह के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। राष्ट्रीय राजमार्ग 55 पर गैस से लदे एक टैंकर ने उनके गाड़ी को टक्कर मार दी। दुर्घटना में प्रसन्न आचार्य और उनके पीएसओ गंभीर रूप से घायल हो गये। चालक को मामूली चोटें आयी हैं। हादसे के बाद सभी को पहले रेढाखोल उपखंड अस्पताल ले जाया गया। बाद में सभी को संबलपुर स्थानांतरित कर दिया गया। सभी का इलाज संबलपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। प्रसन्न आचार्य को आइसीयू में भर्ती कराया गया है। प्रसन्न आचार्य की स्वास्थ्य स्थिति स्थिर है। उपस्थित डाक्टर ने इसकी जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक प्रसन्न आचार्य गुरुवार को नवीन नीवास पर पार्टी की बैठक में भाग लेने के बाद बरगड लौट रहे थे, तभी देर रात को यह हादसा हो गया। रेढाखोल पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया और टैंकर के चालक को पूछताछ के लिए थाने में रखा गया।

# 2.56 लाख ग्रामीण डाक सेवकों के लिए वित्तीय उन्नयन योजना शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली।** केंद्रीय संचार, रेल और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज डाक विभाग में कार्यरत 2.56 लाख से अधिक ग्रामीण डाक सेवकों (जीडीएस) की सेवा शर्तों में सुधार और सेवा में ठहराव को दूर करने के लिए एक वित्तीय उन्नयन योजना का शुभारंभ किया। ग्रामीण डाक सेवक ग्रामीण क्षेत्रों में डाक विभाग की रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य करते हैं और देश के दूरवर्ती भाग तक डाक और वित्तीय सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**ग्रामीण डाक सेवक (वित्तीय उन्नयन अनुदान) योजना, 2024 की मुख्य विशेषताएं :** प्रत्येक ग्रामीण डाक सेवक को 12, 24 और 36 वर्ष की सेवा पूरी करने पर तीन वित्तीय उन्नयन प्राप्त होंगे जिनमें क्रमशः 4,320 रुपये, 5,520 रुपये और 7,200 रुपये प्रति वर्ष की राशि होगी। यह ग्रामीण डाक सेवकों को समय से संबंधित निरंतरता भत्ता (टीआरसीए) के रूप में प्रदान किए जाने वाले पारिश्रमिक के अतिरिक्त है। ग्रामीण डाक सेवकों की सेवा शर्तों में सुधार के महत्वपूर्ण कदम के रूप में इस योजना से 2.56 लाख से अधिक ग्रामीण डाक सेवकों के लाभान्वित होने और उनकी सेवा में ठहराव दूर होने की आशा है।

# घोषणा पत्र : 2024 चुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस की 9 गारंटी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** प्रदेश कांग्रेस ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं। सभी पार्टियां अपने-अपने मुद्दों को लेकर राज्य की जनता के बीच पहुंच रही हैं। आम चुनाव से पहले प्रदेश कांग्रेस ने दी हैं 9 गारंटी। निर्वाचन इस्तिहार आने से पहले कांग्रेस की इस गारंटी को लेकर चर्चा शुरू हो गई है. कांग्रेस सभी वर्गों को लक्ष्य कर ये 9 गारंटी लेकर आयी है। सत्ता में आने पर कांग्रेस इन 9 गारंटी पर काम करेगी।

1. धान का एमएसपी बोनस के साथ 3000 रुपये, कृषि ऋण माफी, किसानों के लिए मासिक पेंशन 2000 रुपये।
2. 200 यूनिट तक के उपभोक्ताओं का बिजली का शुल्क माफ किया जायेगा।
3. 5 लाख युवक-युवतियों के लिए रोजगार योजना, 3000 रुपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता।
4. एसएचजी को बैंक ऋण माफ करना और चिट फंड का अर्थ वापस करना।
5. गृहलक्ष्मी योजना के तहत परिवार की महिला मुखिया को 2000 रुपये का भत्ता।
6. प्रति परिवार को 500 रुपये प्रति माह पर सिलेंडर।
7. सभी के लिए 15 लाख रुपये तक की मुफ्त चिकित्सा सुविधा।
8. वृद्धावस्था, विधवा, दिबांग भत्ता 2000 रुपये प्रति माह।
9. सत्ता में आने के 100 दिनों के भीतर राज्य में सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण शुरू किया जाएगा और अनुसूचित जाति/जनजाति को 35 किलो चावल के साथ 1 किलो दाल, 1 लीटर तेल, 1 किलो नमक और 250 ग्राम हल्दी पाउडर दिया जायेगा।

# टाटा स्टील मेरामंडली ने 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) द्वारा 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इस वर्ष का विषय 'पर्यावरण सामाजिक प्रशासन उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर जोर' था। टीएसएम के इलेक्ट्रिकल सिस्टम के प्रमुख राजेश अग्रवाल ने सप्ताह भर चलने वाले इस सुरक्षा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे और उन्होंने सुरक्षा की शपथ दिलायी। इसके अलावा मुख्य यांत्रिक रखरखाव-एसएमयू राकेश कुमार और टीएसएम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस सुरक्षा अभियान में सभी टीएसएम के कर्मचारी और ठिकादार शामिल थे। इस कार्यक्रम के दौरान दैनिक सुरक्षा क्विज, विभागीय बैठकें, ऑन-स्पॉट क्विज प्रतियोगिताओं और अंतर-विभागीय प्रतियोगिता, सुरक्षा नारे, निबंध प्रतियोगिताओं और आपातकालीन मॉक ड्रिल जैसे अनेक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसी तरह कार्यक्रम के अंतिम दिन कल्याण और सुरक्षा संस्कृति पर जोर देते हुए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये और प्रतियोगिता के विजेता कर्मचारियों को टीएसएम के सेयार्ड सर्विसेस के प्रमुख वेद प्रकाश ठाकुर द्वारा सम्मानित किया गया।

# खोरधा रोड मंडल ने मात्र 347 दिन में 150 एमटी माल ढुलाई का लक्ष्य हासिल किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**खोरधा रोड।** खोरधा रोड मंडलने चालू वित्तीय वर्ष में केवल 347 दिनों में 150 मिलियन टन माल लदान हासिल किया है अर्थात1 अप्रैल 2023 से 12 मार्च 2024 तक। मंडल ने पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 9 दिन पहले ही मील का पत्थर प्राप्?त कर लिया है। पिछले वित्तीय वर्ष यानी 2022-2023 में यही लक्ष्य प्राप्?त करने में 356 दिन लगे थे ।150 मिलियन टन की माल ढुलाई से प्रशासन को 13,674 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल हुआ।

खोरधा रोड मंडलके सभी लोडिंग बिंदुओं पर सरकारी क्षेत्रों और उद्योगों के साथ सही योजना और समन्वय ने लक्ष्य हासिल करने में बहुत योगदान दिया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, खोरधा रोड मंडलने स्टील प्लांटों को 112.64 एमटी कोयला, 7.36 एम टी कच्चा माल, 12.42 ढम टी पिग आयरन और तैयार स्टील, 7.15 एम टी लौह अयस्क, 4.09 एम टी उर्वरक और 6.64 एम टी सीमेंट, खाद्यान्न, खनिज तेल आदि जैसे अन्यसामान का लदान किया है।

खोरधा रोड मंडलभारतीय रेलवे का पहला और एकमात्र डिवीजन बन गया है, जिसने 277 मिलियन टन यानी लोडिंग और अनलोडिंग दोनों का यातायात संभाला है। इस अवधि के दौरान यानी 1 अप्रैल 2023 से 12 मार्च 2024 तक, मंडल ने 150 एमटी माल लदान किया है और 127 एम टी माल उतरान किया है। एचएस बाजवा, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड ने हितधारकों और जनता की आवश्यकता को पूरा करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में आवश्यक वस्तुओं और कच्चे माल के परिवहन में उनके दिन-रात के प्रयासों के लिए कर्मचारियों -अधिकारियों की सराहना की है।




# ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सिविल सेवा उम्मीदवारों के लिए विशेष व्याख्यान

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** हाल ही में ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने सिविल सेवा के उम्मीदवारों को सफलता की दिशा में मार्गदर्शन करने के लिए व्याख्यान की एक श्रृंखला का आयोजन किया। डॉ पीएन झा, संस्थापक निदेशक, टॉपर्स आईएएस, नयी दिल्ली ने छात्रों के साथ सिविल सेवाओं की तैयारियों के बारे में विस्तार से बात की। समाजशास्त्र विभाग में 13 मार्च को आयोजित पहले व्याख्यान में समाजशास्त्रः सुरक्षित, सिविल सेवा परीक्षा के लिए स्कोरिंग विकल्प विषय पर चर्चा की गयी। इसके बाद 14 मार्च को सिमिलिगुडा के शहीद लक्ष्मण नायक सिविल सेवा कोचिंग सेंटर में दूसरा व्याख्यान हुआ, जो सिविल सेवा की तैयारी और वैकल्पिक विषयों के चयन पर केंद्रित था। प्रो चक्रधर त्रिपाठी, विश्वविद्यालय के कुलपति ने बधाई दी और आशा व्यक्त की कि छात्र सिविल सेवा परीक्षा को क्रैक करने के लिए विभिन्न कौशल और कौशल सीखेंगे।

आमंत्रित वक्ता डॉ पीएन झा ने छात्रों को सिविल सेवा मुख्य परीक्षा में वैकल्पिक विषय के रूप में समाजशास्त्र का चयन करने के लाभों से अवगत कराया। लोगों और संस्कृति को गहराई से समझने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, उन्होंने अन्य परीक्षा पत्रों के साथ विषय की अंतरंगता पर प्रकाश डाला और इसे स्कोरिंग विकल्प बनाया। डॉ झा ने मुख्य दृष्टिकोण से तैयारी शुरू करने के महत्व और स्मार्ट और कड़ी मेहनत दोनों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सिविल सेवाओं की तैयारी के लिए विशिष्ट, मापने योग्य, प्राप्त करने योग्य, यथार्थवादी और समयबद्ध होने का आह्वान किया। संचालन समाजशास्त्र विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ दीप्ति शंकर ने किया जबकि कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर डॉ नूपुर पटनायक, डॉ एलिसा मोहंती, डॉ सौभाग्य लक्ष्मी सिंह, डॉ आदित्य केशरी मिश्र और डॉ मानस रंजन मलिक ने किया।










# जेडी टॉरस ने हिसार में शुरू किया आधुनिक फायरआर्म्स कारखाना

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** जिंदल डिफेंस सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड ने अपने अत्याधुनिक फायरआर्म्स (बंदूक) बनाने के कारखाने में उत्पादन शुरू कर दिया है। यह भारत को रक्षा और सुरक्षा के अहम क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास है। ब्राजील की अग्रणी ग्लोबल कंपनी टॉरस अरमास एसए के साथ एक साझा उद्यम लगाया गया है। इसके तहत हिसार में जेडी टॉरस ब्रांड नाम से जेडीएसपीएल का उपक्रम लगाया गया है। यह परियोजना भारत में फायरआर्म्स (बंदूक) निर्माण का पूरा परिदृश्य ही बदल देगी। इससे आयात पर भारत की निर्भरता कम होगी। प्रतिष्ठित ओपी जिंदल परिवार के वंशज अभ्युदय जिंदल ने इस कंपनी में निवेश किया है। यह कारखाना दो एकड़ में फैला हुआ है। इसमें विश्व स्तरीय विशेषज्ञता और आधुनिकतम तकनीक का मिश्रण किया गया है। कारखाने की सालाना उत्पादन क्षमता 2,50,000 हथियार बनाने की है। यह देश में बढ़ती मांग को पूरा करने में जेडी टॉरस को रणनीतिक रूप से सक्षम बनाता है। अगले वित्त वर्ष में कंपनी का लक्ष्य 25,000 से 30,000 हथियार बनाने का है। तेजी से बड़ी संख्या में हथियार बनाने की काबिलियत (स्केलेबिलिटी) और उत्पाद विविधीकरण के लिए निर्मित जेडीएसपीएल ने गृह मंत्रालय सहित सभी आवश्यक नियामक अनुमोदन और मंजूरियां प्राप्त कर ली हैं। सभी तरह के परीक्षण और जांच-पड़ताल कड़े गुणवत्ता नियंत्रण उपायों के साथ कर लिये गये हैं। ये परीक्षण टॉरस अरमास की तरह किये गये हैं। डिजाइन से लेकर एकीकरण, परीक्षण और फायरिंग जांच तक की पूरी प्रक्रिया का बड़ी सावधानी से पालन किया गया है।

इस अवसर पर जेडी टॉरस के मुख्य व्यवसाय अधिकारी (चीफ बिजनेस ऑफिसर) कर्नल अमित बवेजा (रिटायर्ड) ने कहा कि स्वदेशी हथियार निर्माण को प्राथमिकता देकर और 'मेक इन इंडिया' प्रयासों के साथ जुड़ कर, जेडी टॉरस हमारी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही स्थानीय प्रतिभाओं को भी अवसर दिया जायेगा और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान दिया जायेगा। हमारा जोर सरकारी क्षेत्र, खास कर सैन्य, अर्ध-सैन्य बलों के अलावा विभिन्न राज्यों की पुलिस और उनकी बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए बेहतर हथियार उपलब्ध कराने पर है। टॉरस अरमास के ग्लोबल सीइओ सेलेसियो नुत्स ने कहा कि हमने हिसार में अपने संयुक्त उद्यम में उत्पादन शुरू कर दिया है और इस अहम मौके पर शामिल होने पर बड़ा गर्व हो रहा है। हमें पूरा भरोसा है कि अपनी साझा क्षमताओं और नवीनतम तकनीक का लाभ उठा कर हम रक्षा क्षेत्र की उभरती जरूरतों को पूरा कर पायेंगे।






## पुलिस ने शातिर चोर को दबोचा, भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता




**एग्यारकुंड।** मैथन ओपी क्षेत्र के विभिन्न जगहाओं व घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसे पुलिस ने जेल भेज दिया। निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने शुक्रवार को मैथन कार्यलय में संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि मैथन थाना क्षेत्र में 12 मार्च की रात आनंद विहार कॉलोनी स्थित प्रदीप कुमार सिंह के बीसी क्वार्टर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इसके बाद प्रदीप सिंह की लिखित शिकायत पर 14 मार्च को भादवि की धारा 457,380 के तहत मामला दर्ज किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देश पर निरसा अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में कांड के उद्भेदन के लिए भौतिक एवं तकनीकी रूप से साक्ष्य एकत्रित करने, सामानों की बरामदगी एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर छापामारी की गई। इस दौरान मैथन ओपी अंतर्गत कालीपहाड़ी से कांड में संलिप्त आरोपी विशाल उर्फ छोटू चौधरी को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर अलग-अलग जगहों से चोरी के सामानों की बरामदगी की गई। एसडीपीओ ने बताया कि चोर इसते शातिर हैं कि घरों के समान के साथ ही साग सब्जी और कटहल की भी चोरी किया करते थे। पुलिस की मानें तो चोर के पास से दो मोबाइल फोन, एक लोहे का सब्बल, बाइक, साइकिल, टीवी, इंडेक्शन चूल्हा, घड़ी, चांदी के पायल का झुमकी, सोने की नथिया, चांदी की अगुंठी आदि शामिल है। वहीं, छापामारी में निरसा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रजत माणिक बाखला, मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन, जितेंद्र कुमार राम, मनोज कुमार ओझा, बबलू सोरेन, अरविंद तिवारी, विशुन नायक और धनेश्वर महतो शामिल थे।

### डीसी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक

## आदर्श आचार संहिता के दौरान की गतिविधियों की तैयारी का निर्देश

**एफएसटी, एसएसटी, चेक नाका, इंटर स्टेट चेक नाका से संबंधित तैयारी का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता


अधिकारियों के साथ बैठक करती जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा।

**धनबाद।** डीसी सह निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी के साथ हुई बैठक में चुनाव की तैयारियों से संबंधित जानकारी ली गई। डीसी ने कहा कि सभी कोषांग के पदाधिकारी अपने-अपने कोषांग के कर्मियों के साथ बैठक कर कोषांग से संबंधित कार्यों एवं दायित्वों पर विशेष ध्यान केंद्रीत करें, ताकि चुनाव के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो। माधवी मिश्रा ने जल्द से जल्द मेडिकल कमेटी बनाने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही सभी कोषांग के पदाधिकारी को आदर्श आचार संहिता के दौरान की जाने वाली गतिविधियों की तैयारी करने का निर्देश दिया। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा करने के उपरांत आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए अगले 24 से 72 घंटे के दौरान की जाने वाली कार्रवाइयों के बारे में जानकारी दी। वहीं, एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल से संबंधित पदाधिकारी को एफएसटी, एसएसटी, चेक नाका, इंटर स्टेट चेक नाका से संबंधित तैयारी, बेरिकेटिंग एवं टेंट आदि लगाने का निर्देश दिया। साथ ही एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर की सुविधा के लिए भी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। एलओ के लिए गाड़ी, बॉडीगार्ड आदि मार्क करने हेतु भी संबंधित पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिए गए। डीसी ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग द्वारा स्ट्रांग रूम, वेब कास्टिंग आदि को लेकर जारी निर्देशों का जिले में अनुपालन सुनिश्चित कराने से संबंधित अधिकारियों को उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर जारी दिशा निर्देशों को अच्छी तरह से समझ लेने एवं किसी तरह की कोई दुविधा होने पर त्वरित उसे दूर कर लेने का निर्देश दिया। आदर्श आचार संहिता के दौरान जनसभा एवं हेलीकॉप्टर आदि की अनुमति के लिए नोडल नियुक्त करने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी को सुविधा पोर्टल पर आवेदन कलेक्ट करने के लिए राजनीतिक पार्टी के लोग के साथ समन्वय स्थापित कर जानकारियां देने का निर्देश दिया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इलेक्शन जीरो एरर प्रोसेस है और हम सभी यह सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव बिल्कुल स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भय मुक्त वातावरण में संपन्न कराएं। मौके पर डीडीसी सादात अनवर, अपर समाहर्ता बिनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर आदि मौजूद थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## मन और बुद्धि का एक साथ कार्य करना ही एकाग्रता है : प्रोफेसर डॉ इवी स्वामीनाथन



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से मुगमा डिनोबिली स्कूल में शुक्रवार को कक्षा छठी से 12वीं तक के बच्चों के लिए एकाग्रता द्वारा सफलता विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुंबई से आए प्रोफेसर डॉ ईवी स्वामीनाथन जी ने बच्चों को बहुत ही रचनात्मक तरीके से अपनी एकाग्रता शक्ति को बढ़ाकर किसी भी चीज को कम समय में याद रखने की कला के बारे में बताया। साथ ही बताया कि मन और बुद्धि का एक साथ कार्य करना ही एकाग्रता है। मन ऑडियो और बुद्धि विजुअल की तरह कार्य करते हैं। इसे समझने से हम पढ़ाई को भी सुंदर रीति से बिना मन भारी किये सहज रीति से याद रख सकते हैं। साथ ही मेडिटेशन का सुंदर अभ्यास भी कराया। लगभग 350 बच्चों ने ध्यान पूर्वक कार्यक्रम का आनंद लिया। इसे सुचारू रूप से संपन्न करने में प्रिंसिपल शर्मिष्ठा मजूमदार का विशेष योगदान रहा। इसमें डॉक्टर बीके अवंतिका, बीके जया और बीके अनन्या भी शामिल हुए।

## साड़म के कई बकायेदारों का बिजली कनेक्शन कटा

**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** विद्युत कार्यपालक अभियंता, तेनुघाट विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के निर्देश पर गोमिया प्रखंड के साड़म पश्चिमी पंचायत के मंडई टोला व नौवाटोला में पांच हजार से अधिक रुपये का बिल बकाया रखने वाले कई उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काट दिया गया है। बिजली विभाग द्वारा औचक निरीक्षण के क्रम में यह कार्यवाही की गई है। बकायेदारों को बताया गया कि वे अपना बकाया बिजली के बिल के साथ री-कनेक्शन चार्ज जल्द कथारा स्थित कार्यालय में जमा कर कनेक्शन दोबारा जोड़वा ले। इस दौरान विभाग के संजय कुमार डे, शंकर कुमार, संतोष कुमार, अनिल कुमार, दुलार यादव, रंजीत कुमार आदि मौजूद थे।

## अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर जब्त

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला खनन टास्क फोर्स ने जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सालकर के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर को जब्त किया गया। छापामारी दल का नेतृत्व कर रहे खान निरीक्षक विनोद प्रमाणिक ने बताया कि शुक्रवार की सुबह गोल बिल्डींग के पास औचक छापामारी की गई। इस दौरान बालू लदे चार ट्रैक्टरों को पकड़ा गया। हालांकि चालक वाहनों को वहीं छोड़कर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि गुप्त रूप से स्थानीय पूछताछ के क्रम में पाया गया कि उक्त चारों बालू लदे ट्रैक्टर पूर्वी टुंडी के बराकर नदी से लाया गया है। चारों ट्रैक्टर को सरायढेला थाना परिसर में लाया गया और अग्रेतर कार्रवाई के लिए थाने को सौंप दिया गया।

## बोकारो का सर्वांगीण विकास मेरी पहली प्राथमिकता: बिरंची नारायण



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** विधायक बिरंची नारायण ने शुक्रवार को विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। पूर्व में इन सभी क्षेत्रों से जन आवेदन मिला था जिसकी अनुशंसा बोकारो विधायक ने संबंधित विभाग में किया। विधायक ने कहा कि बोकारो के शहरी, ग्रामीण, विस्थापित क्षेत्रो में विकास कार्य करना प्राथमिकता रही है। इस लिए जनता ने लगातार दूसरी बार अपना आशीर्वाद देकर उन्हें झारखंड विधानसभा भेजा। इन क्षेत्रों में पूर्व में भी छोटी से लेकर बड़ी योजनाओं का किर्यान्वयन किया गया है। विधायक ने कहा कि बोकारो विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता है। आज रांची की तर्ज पर बोकारो विधानसभा क्षेत्र का विकास बड़ी-बड़ी योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। मेडिकल कालेज, सिटी हॉल, एयरपोर्ट, फोर लेन सड़क आदिबन रहे हैं। बोकारो विधायक द्वारा उक्त योजनाओं में चिकसिया में स्कूल भवन, करहरिया में आगनबाड़ी केंद्र भवन, चुनाबांध तालाब जीर्णोद्धार गरगा डेम काली मंदिर के पास सेड, गोस्वामी टोला बालीडीह में पथ, बाधाडीह व राहरगोड़ा में पीसीसी पथ का शिलान्यास उद्घाटन किया। इस मौके पर हरीश सिंह, सुनील गोस्वामी, केके बोराल, सुजीत चक्रवर्ती, घनश्याम आनंद, संजय सिंह, जवाहर लाल शर्मा, गौतम शर्मा, निमाई माहथा, सपन दता, संजू मेहता, सुबोध मंडल, हीरालाल शर्मा, राजेश महतो, महेश चंद्र दे, त्रिलोचन दत्ता, कार्तिक गोराई, इंद्रजीत ओझा, रवि शंकर, दीपक सिंह, बबलू सिंह, माधव सिंह, भास्कर दत्ता, आनंद दत्ता, सुबोध मिश्रा, रंजीत दत्ता, मंसुधार, मनोज बाउरी, सुजीत महतो और अनिल महतो आदि शामिल थे।

## कदाचारमुक्त, पारदर्शी व स्वच्छ तरीके से परीक्षा संपन्न करायें

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के सफल संचालन को लेकर डीसी माधवी मिश्रा ने न्यू टाउन हॉल में सभी जोनल मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, फ्लाइंग स्क्वाड व सेंटर सुपरिटेंडेंट, पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। कहा कि परीक्षा को कदाचार मुक्त, पारदर्शी व स्वच्छ तरीके से संपन्न कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने परीक्षा से पहले जोनल मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व फ्लाइंग स्क्वाड को सेंटर का सटीक लोकेशन की जानकारी प्राप्त कर उसका भौतिक सत्यापन करने, केंद्र में पानी, पर्याप्त रोशनी व पावर बैकअप इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि परीक्षार्थी को आइडेंटिटी कार्ड, पेन या पेंसिल, मास्क, सैनिटाइजर के अलावा किसी प्रकार का कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस आदि ले जाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। यह सुनिश्चित करने के लिए सभी परीक्षार्थियों की अच्छे से जांच करेंगे। परीक्षा केंद्र में बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों के सामान रखने की भी व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। डीसी ने कहा कि यदि कोई परीक्षार्थी कदाचार करते पकड़े जाएं तो उस पर कड़ी कार्रवाई भी करनी है। उन्होंने सेंटर सुपरिटेंडेंट को सतर्क रहने और परीक्षा हॉल के अंदर मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने, जोनल मजिस्ट्रेट को स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं फ्लाइंग स्क्वॉड के साथ समन्वय रखने का निर्देश दिया। कहा कि किसी भी स्तर से कोई चूक नहीं होनी चाहिए। झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षा संचालन को लेकर जारी मार्ग- निर्देशिका का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कपिल चौधरी ने कहा कि परीक्षा के दिन पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है। सभी अपने दायित्वों का सही ढंग से निष्पादन करें। किसी भी स्तर से कोई लापरवाही नहीं बरतनी है। वहीं, अपर समाहर्ता विनोद कुमार एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी ने परीक्षा को लेकर विस्तृत गाइड लाइन से सभी को अवगत कराया। किसी भी तरह की कोई समस्या होने पर अविलंब जिला नियंत्रण कक्ष में सूचित करने का निर्देश दिया। बैठक में निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार आदि उपस्थित थे।

## जल जीवन मिशन प्रशिक्षण शिविर का समापन




**कतरास (आजाद सिपाही)।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से तेतुलमारी के नगरीकला दक्षिण पंचायत सचिवालय में आयोजित दो दिवसीय जल जीवन मिशन प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। जिसमें पानी के बचाव, जांच, एवं शुद्ध करने के तरीके बताये गये। प्रखंड से आये विभाग के अधिकारी विकास कुमार गुप्ता ने लोगों को पानी किस स्थान पर मिल सकता है उसकी जानकारी दी। दुषित जल को शुद्ध कर उसे उपयोग में लाने के कई विधि बताये। खारा पानी को मीठा बनाने की जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले महिला पुरुषों को अधिक और कम गहराई में पानी मिलने के स्थल की पहचान करने के तरीके भी बताएं। कहा कि जिस स्थान पर हमेशा पेड़-पौधों में हरियाली रहती है वहां काफी ऊपर में ही पानी का स्तर होता है। शिविर में कोऑर्डिनेटर दिनेश कुमार दास, मुखिया बंदना देवी, राजेन्द्र महतो, संगीता कुमारी, रंजीता कौर, अमोला देवी, संगीता देवी, प्रेम सोरेन, लक्ष्मी देवी, मिहिर पाल आदि शामिल थे।

## पानी-बिजली और पानी छिड़काव की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन, यातायात प्रभावित

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** इसीएल मुगमा क्षेत्र के सेंट्रल पुल रेलवे साइडिंग के मुख्य द्वार को ग्रामीणों ने पानी, बिजली और पानी के छिड़काव की मांग को लेकर वहां से गुजरने वाले हाईवा वाहनों को करीबन दो घंटे रोक दिया। जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गयी। वहीं, कोलियरी का ट्रांसपोर्टिंग भी ठप हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि हाईवा चालक तिरपाल बांधकर नहीं चलते हैं। जिससे काफी घुल उड़ता है। वाहनों में खलासी नहीं होने के राण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। उधर, खबर पाकर ईसीएल प्रबंधन आनंन फानन में मौके पर पहुंचा और चार दिनों के अंदर जो भी समस्याएं हैं उनका समाधान करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद हाईवा परिचालक शुरू हुआ।

## बोकारो में विभिन्न थाना क्षेत्रों से शराब बरामद

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए बोकारो पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर समकालीन अभियान चलाकर बोकारो पुलिस ने जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों से अवैध देशी-विदेशी व महुआ शराब जब्त किया है। जिसमें कसमार थाना क्षेत्र से 700 किलो जावा महुआ एवं 75 लीटर महुआ शराब, हरला से लगभग 50 किलो जावा महुआ नष्ट किया गया। सेक्टर 4 थाना क्षेत्र से 12 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। अमलाबाद से 35 किलो, जबकि आईएल थाना क्षेत्र से 12 किलो व अहमदाबाद से 35 किलो जावा महुआ बरामद कर नष्ट किया।

## अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** चिरकुंडा पुलिस की ओर से अवैध देशी शराब के खिलाफ औचक छापामारी अभियान चलाया गया, जिसमें 40 लीटर अवैध देशी शराब जब्त कर उसे नष्ट कर दिया गया। जिसका नेतृत्व इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुनिल कुमार सिंह ने किया। क्षेत्र के कुमारधुबी स्टेशन रोड मुंडा धौड़ा, कापासारा हाड़ी कुल्ही, नदी धौड़ा, झरिया पाड़ा आदि क्षेत्र में करीब 30-40 लीटर देशी शराब जब्त कर उसे नष्ट किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि अभियान लगातार जारी रहेगा।

## पंचायत प्रतिनिधियों को अधिक फंड मिलने से गांव का शीघ्र होगा विकास : खुशबू

**नावाडीह/बेरमो।** नावाडीह प्रखंड अंतर्गत ऊपरघाट के कंजकीरो पंचायत के पिलपिलो ग्राम में 15वें वित्त आयोग जिला परिषद मद से सोलर डीप बोरिंग निर्माण कार्य का शिलान्यास उपरघाट जिप सदस्य खुशबू महतो ने किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अगर पंचायत प्रतिनिधियों को अधिक फंड देती तो गांव का जल्दी विकास होता।



मौके पर पूर्व जिप सदस्य सह आजसू के केंद्रीय सदस्य टिकैत कुमार महतो, युवा भाजपा नेता मनोज महतो, आजसू पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र महतो, शंभु महतो, दिनेश कुमार महतो, मोछू महतो, ममता देवी, मालती देवी, सूरज कुमार आदि लोग उपस्थित थे।


जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, कोडरमा।
(निर्वाचन शाखा)

दूरभाषः 06534–252219 **Email:** electionkoderma@gmail.com

–:: ई०–पुनर्निविदा अति अल्पकालीन आमंत्रण सूचना ::–

मंत्रीमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक– 5903 दिनांक – 09.11.2023 एवं पत्रांक–6369 दिनांक – 27.12.2023 के आलोक में आगामी लोकसभा आम चुनाव, 2024 एवं विधानसभा आम चुनाव, 2024 के परिप्रेक्ष्य में जिला स्तरीय सामग्रियों की खरीदगी एवं सेवाओं की प्राप्ति करने का निदेश प्राप्त है। उक्त प्राप्त निदेश के आलोक में (1) नास्ता एवं भोजन आदि (2) कम्प्यूटर/फोटोकॉपियर/ प्रिंटर/लेपटॉप/डेस्कटॉप/कार्टेज/ विडियोग्राफी/फोटोग्राफी/CCTV इत्यादि, (3) मतदान सामग्री, (4) मुद्रण सामग्री, (5) कार्यालय उपयोगी सामग्री, (6) टेन्ट सामियाना, अस्थायी विद्युतीकरण एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र की आपूर्ति हेतु दिनांक 23.03.2024 के अपराहन् 03:00 बजे तक कुल 06 (छः) ई –निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा दिनांक– 26.03.2024 को अप० 02:00 बजे समाहरणालय सभागार, कोडरमा में खोला जायेगा। कार्य एवं सामग्री जिसकी ई– निविदा आमंत्रित की जा रही है, कि विवरणी तथा नियम एवं शर्तें **https://jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, कोडरमा।

PR 322770 Election(23-24)D


## गोमिया और बेरमो विधायकों ने अलग-अलग किया विकास योजनाओं का शिलान्यास

## लोगों को उपलब्ध करायी जा रही बुनियादी सुविधाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**ललपनिया/जैनामोड़/बेरमो।** गोमिया प्रखंड क्षेत्र के होसिर पश्चिमी पंचायत अंतर्गत ढेंढे नीचे टोला में डीएमएफटी मद से बनने वाले आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने किया। उन्होंने तुलबुल पंचायत के चेलियाटांड़ से हदयामो नाला साइड बस्ती तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमिपूजन एवं तुलबुल में आश्रम विद्यालय नवीकरण कार्य का भी शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ विकास कार्य कराए जा रहे हैं। लोगों को उनकी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि गोमिया विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य पूरे जोर शोर से जारी है। वहीं क्षेत्र में पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के कार्य प्राथमिकता के साथ किए जा रहे हैं। मौके पर बोकारो जिप अध्यक्ष सुनीता देवी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के बोकारो जिला अध्यक्ष चितरंजन साव, फिकरु साव, हेमंत केवट, मुरली, राजेंद्र साव, लालमोहन साव, चिड़न रविदास, महेंद्र केवट, मंटू यादव, घनश्याम यादव और पप्पू यादव आदि मौजूद थे।



दूसरी ओर, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनुप सिंह के प्रयास से बेरमो प्रखंड में लगातार विकास के कार्य हो रहे हैं। इसी कड़ी में विधायक की अनुशंसा पर दो कार्य का विधायक ने आनलाइन शिलान्यास किया। इसमें बेलडीह पंचायत ग्राम सरायबिन्धा में सरकारी/रैयती तालाब जिर्णोद्धार कार्य शामिल है। यह कार्य बंजर भूमि/राईस फेलो विकास योजना अंतर्गत 13 लाख छह हजार रुपए की लागत से किया जाएगा। इसके अलावा गांगजोरी पंचायत ग्राम बिरसाड़म टोला पंदनाटांड़ में सरकारी/रैयती तालाब जिर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। जिसे 14 लाख 48 हजार रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। विधायक ने ग्रामीणों एवं लाभुकों से कहा कि सभी लाभकारी योजनाएं जमीन पर उतारे जा रहे हैं। काम की गति को और भी तेज करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक से अधिक जन समस्या को बताने की अपील की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निरंजन मिश्रा, जिला परिषद सदस्य सुनीता टुडू, विधायक निजी सचिव बिनोद कुमार महतो, राजेश कुमार सिंह, आयुष माथुर, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि संतोष महतो, बेलडीह मुखिया सोनिया सोरेन, मुखिया प्रतिनिधि गांगजोरी धीरेन नाथ महतो, काली चरण हेम्ब्रम आदि आदि उपस्थित थे।


कार्यालय :- जिला मत्स्य पदाधिकारी,कोडरमा

मत्स्य कृषकों के लिए आवश्यक सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–24 समाप्ति पर है। अतः जिले के सभी मत्स्य कृषकों/ मत्स्यजीवी सहयोग समिति/मत्स्यजीवी स्वावलम्बी सहयोग समिति लिमिटेड के सभी सचिव/ अध्यक्ष/सदस्यों को सूचित किया जाता है कि विभाग द्वारा संचालित वैसी योजनाएँ जिसमें लाभुक का अंशदान सम्मिलित है, वे अपना अंशदान बार–बार अनुरोध किए जाने के बावजूद नहीं लगा रहे है, जिस कारण वर्तमान वित्तीय वर्ष की बहुत सारी योजनाएँ अपूर्ण की स्थिति में है यथा गिलनेट, लाईफ जैकेट, केज रिमॉडलिंग, महाझींगा पालन, मछली–सह–बत्तख पालन, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत संचालित योजनाएँ इत्यादि।

अतः, सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि वैसे मत्स्य कृषक जो अपना अंशदान लगाने में आना–कानी कर रहे है उन्हें चिन्हित कर आगत वित्तीय वर्ष में सभी योजनाओं से लाभान्वित होने से वंचित कर दिया जाएगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 322757 Fish(23-24).D



# मोदी है तो विकास मुमकिन है

## 5 साल में हुए जो महत्वपूर्ण कार्य

- रांची के रातू रोड में 537 करोड़ की लागत से एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण।
- रांची रेलवे स्टेशन का 446 करोड़ की लागत से पुनर्विकास।
- हटिया रेलवे स्टेशन का 355 करोड़ की लागत से पुनर्विकास।
- कोल इंडिया के सीएसआर से लगभग 63 करोड़ की लागत से पुस्तकालय।
- बड़गाईं में 302 करोड़ रुपये की लागत से सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण, जिसमे प्रतिदिन 35 लाख लीटर पानी साफ होगा।
- झिरी में 50 करोड़ रुपये की लागत से 150 टन के दो कचरा संधारण प्लांट गेल इंडिया के द्वारा। 10 हजार किलो सीएनजी
- गैस और 18 टन ऑर्गेनिक खाद तैयार किया जायेगा।
- तुपुदाना में 37 करोड़ रुपये की लागत से एसपीटी प्लांट का निर्माण।
- बड़ा तालाब में 8 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण। इसमें प्रतिदिन 35 लाख लीटर पानी साफ होगा।
- खलारी में लगभग 9 करोड़ की लागत से सीसीएल के सीएसआर के तहत सड़क निर्माण का कार्य। सड़क निर्माण
- चुनाभट्ठा से पुरानी राय-रायबाजार चौक तक।
- जुमार नदी पर 7 करोड़ की लागत से श्मशान घाट।
- रांची लोकसभा क्षेत्र के 54 श्मशान घाट में शेड, चूल्हा और मोक्ष द्वार सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का निर्माण।
- बुक बैंक में 2,81,798 पुस्तकें आयीं और 2,75,687 पुस्तकों का वितरण विद्यार्थियों के बीच किया गया।
- टॉय बैंक के माध्यम से रांची लोकसभा क्षेत्र की 33 पंचायतों के 79 आंगनबाड़ी केंद्रों सहित अन्य क्षेत्रों में 63,840 से अधिक खिलौनों का वितरण।
- रांची लोकसभा क्षेत्र स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन। तीन दिनों तक चले इस महोत्सव में 5,033 प्रतिभागियों ने सहभागिता निभायी।
- रांची लोकसभा क्षेत्र स्तरीय 3 दिवसीय सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन, जिसमें 3,500 से अधिक कलाकारों ने
- अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
- प्रधानमंत्री राहत कोष से असाध्य रोगों के इलाज के लिए 2 करोड़ की मदद।
- रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ।
- रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ।
- रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ।
- लाइट हाउस प्रोजेक्ट में 1008 फ्लैट की चाबी लाभुकों को दी गयी।
- आउटर रिंग रोड के लिए पांच हजार करोड़ रुपये आवंटित।
- 290 करोड़ की लागत से अर्बन वाटर सप्लाई स्कीम शुरू।
- अमृत स्टेशन के तहत मुरी, सिल्ली, चांडिल, नामकुम, टाटीसिल्वे, पिस्का सहित अन्य स्टेशनों का होगा कायाकल्प।
- पीएम एबीएचआइएम के तहत रिम्स में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का हुआ शिलान्यास।
- 2500 गर्भवती महिलाओं के बीच पोषण किट का वितरण।
- कक्षा एक से लेकर पांच तक के बच्चों के बीच 2.5 लाख पुस्तकों का हुआ निःशुल्क वितरण।
- 400 करोड़ की लागत से पीएम द्वारा रांची लोकसभा क्षेत्र में अंडर पास-वे और आरओबी का निर्माण।
- नयासराय और पिस्का नगड़ी में आरओबी का निर्माण।
- चांडिल और गैतलसूद डैम में फ्लोटिंग सोलर के माध्यम से बिजली उत्पादन की पहल।
- 118 करोड़ की लागत से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रिनोवेशन।
- सीएसआर फंड के तहत 11 करोड़ की लागत से विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य जैसे तालाबों का सौंदर्यीकरण, स्कूलों में
- क्लास रूम, जलमीनार, स्कूलों के ऑडिटोरियम, शौचालय, साइकिल, धनुष और स्मार्ट बोर्ड लगाना।
- विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों के लिए बैटरी वाली स्कूटी उपलब्ध कराना।
- 3.82 करोड़ रुपये से दिव्यांगों के बीच विभिन्न उपकरण का वितरण।
- 21.45 करोड़ की लागत से 39 स्वास्थ्य उप केंद्र भवनों का निर्माण।
- विभिन्न पंचायतों में 19 धुमकुड़िया भवन और सांस्कृतिक मंच का निर्माण।
- कोरोना में 10 लाख नमो सुरक्षा किट का आवंटन।
- कोरोना में 500 से अधिक परिवारों को हर दिन पका हुआ खाना।
- सांसद मद से चार एंबुलेंस और दो शव वाहन।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 2070 करोड़ की लागत से 1391 किलोमीटर सड़कों का निर्माण।
- रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सांसद समाधान केंद्र का संचालन।
- कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के लिए एक कक्षा एक पुस्तक के तहत 2.5 लाख पुस्तकों का निःशुल्क वितरण आरंभ।
- खिलाड़ियों को तीरंदाजी किट शूटिंग राइफल सहित अन्य संसाधन उपलब्ध कराया।
- 100 से अधिक आदिवासी बच्चियों को निःशुल्क साइकिल उपलब्ध कराया।
- खादी ग्रामोद्योग आयोग के माध्यम से 200 से अधिक कुंभकारों, महिलाओं और अन्य लोगों को प्रशिक्षण और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराया।
- विभिन्न संस्थाओं के सीएसआर मद से 300 से अधिक महिलाओं को सिलाई मशीन, सिलाई का प्रशिक्षण और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराया।
- सीएसआर से 16.9 करोड़ की लागत से रिम्स में 310 बेड का आश्रयगृह का निर्माण।

## रेलयात्री सुविधा का विस्तार

रांची-हटिया स्टेशन पर आधार सेवा केंद्र।
मैक्लुस्कीगंज रेलवे फ्लाई ओवर की मंजूरी।
राय में अंडरपास की स्वीकृति।
ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में सबसे बड़े अंडर पास का निर्माण चांडिल कॉलेज के सामने।
रांची से नयी दिल्ली तक लोहरदगा टोरी होते हुए राजधानी एक्सप्रेस का परिचालन।
मेसरा रेलवे स्टेशन में वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव।





विकास की गाथा



रांची-पटना, रांची-हावड़ा व रांची-वाराणसी, वंदे भारत एक्सप्रेस



जूनियर क्लास के बच्चों का पुस्तक लोकार्पण करते हुए माननीय राज्यपाल व सांसद



302 करोड़ रुपये की लागत से बने वाटर ट्रिटमेंट प्लांट का जायजा लेते सांसद



**संजय सेठ**
**भाजपा सांसद, रांची**


आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**